हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● बुधवार ● 19.11.2025 ● वर्ष : 16 ● अंक : 114 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# एक करोड़ के इनामी माड़वी हिड़मा सहित छह माओवादी ढेर

एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ से लगे आंध्रप्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले में मंगलवार को हुई मुठभेड़ में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले के मारेदुमिल्ली वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में छह माओवादी मारे गए। मृतकों में वरिष्ठ माओवादी नेता और केंद्रीय समिति सदस्य माड़वी हिड़मा भी शामिल है। मुठभेड़ में हिडमा की पत्नी और माओवादी कमांडर राजे (राजक्का) भी मारी गई है। राजे दंडकारण्य स्पेशल जोन कमेटी में सक्रिय भूमिका निभा रही थी और महिला विंग में जिम्मेदारी संभाल रही थी।





### छत्तीसगढ़ आंध्रप्रदेश बॉर्डर पर बड़ी सफलता

कुछ दिनों से मारेडमिल्ली के जंगलों में शेल्टर लेकर छुपे होने की खबर पाकर आंध्र सुरक्षा बलों के जवानों ने सुबह 6 बजे से नक्सल ऑपरेशन चलाया। अल्लूरी सीताराम राजू जिले के एसपी अमित बरदार ने बताया कि मुठभेड़ सुबह साढ़े छह से सात बजे के बीच मारेदुमिल्ली मंडल के घने जंगलों में शुरू हुई। उन्होंने बताया, ₹पुलिस विभाग की विभिन्न शाखाओं ने एक संयुक्त अभियान चलाया। अल्लूरी जिले में हुई मुठभेड़ में छह माओवादी मारे गए।''

छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा ने बताया- सुकमा और कोंटा से लगे हुए आंध्रप्रदेश में नक्सलियों के मारे जाने की सूचना है। उसमें जो नाम सामने आए हैं उसमे हिड़मा, उसकी पत्नी और चार साथियों के ढेर होने की सूचना है। ये सूचना बहुत महत्वपूर्ण है। आंध्रप्रदेश पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई की गई है।

### हिड़मा की मां ने की थी सरेंडर की अपील

बीते दिनों डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा सुकमा के पुवर्ती गांव गए थे। वहां उन्होंने हिड़मा की मां से मुलाकात की। इस दौरान हिड़मा की मां ने बेटे से सरेंडर कर मुख्य धारा में वापस आने की अपील की थी। हिडमा की मां ने कहा- अब मेरी उम्र चैन के साथ जीने की है। इस उम्र में मैं आराम करना चाहती हूं। तुम घर लौट आओगे तो मैं चैन से जी सकूंगी।

छत्तीसगढ़ में बड़े मुठभेड़ः छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ों में 263 नक्सली मारे जा चुके हैं। इनमें से 234 नक्सली बस्तर संभाग में मारे गए, जिसमें सुकमा सहित सात जिले शामिल हैं, जबकि 27 अन्य नक्सली रायपुर संभाग के गरियाबंद जिले में मारे गए। दुर्ग संभाग के मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में दो नक्सली मारे गए।

### गृहमंत्री की नक्सलियों से अपील

विजय शर्मा ने एक बार फिर अपील की है कि बस्तर के जो युवा अब भी नक्सल संगठन से जुड़े हैं वे मुख्य धारा में लौट आए। वे अपना जीवन स्वतंत्र होकर जी सकते हैं। माड़वी हिडमा उर्फ संतोष का जन्म साल 1981 में छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के पुवर्ती गांव में हुआ था। वह माओवादियों के बीच तेजी से आगे बढ़ा और बस्तर व दंतेवाड़ा दल का एक महत्वपूर्ण सदस्य बन गया। हिड़मा कम उम्र में ही माओवादी केंद्रीय समिति में शामिल हो गया था और गुरिल्ला हमलों में एक प्रमुख रणनीतिकार के रूप में अपनी भूमिका के लिए जाना जाता था। हिड़मा को पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी का कमांडर बनाया गया और बाद में वह दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का सदस्य बन गया। नक्सल संगठन में हिड़मा की भूमिका बड़े हमलों की रणनीति बनाने वाला मुख्य मास्टरमाइंड के रूप में थी।

# उद्योग मंत्री ने किया दुबई में आयोजित आईएटीएफ में झारखंड के स्टॉल का लोकार्पण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** दुबई में आयोजित इंटरनेशनल अपैरल एंड टेक्सटाइल फेयर 2025 में झारखंड सरकार के उद्योग विभाग ने अपने परिधान और वस्त्र क्षेत्र की मजबूत क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने झारखंड राज्य पवेलियन का उद्घाटन किया, जहां राज्य की पारंपरिक कला, जैविक परिधान मॉडल और स्थानीय कारीगरों की दक्षता ने अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और निवेशकों का ध्यान खींचा। कार्यक्रम में झारखंड के जीआई टैग वाले तसर रेशम, खादी, बांस आधारित उत्पाद, जूट क्राफ्ट, सोहराई और रांची व आसपास की जनजातीय कलाओं की बेहतरीन झलक पेश की गई।

झारक्राफ्ट की ओर से कौशल विकास, आधुनिक उत्पादन सुविधाओं और महिला तथा जनजातीय कारीगरों की सहभागिता पर आधारित नवाचार भी प्रदर्शित किए गए। इससे राज्य की एकीकृत कपड़ा नेटवर्क क्षमता जिसमें सिल्क पार्क, बुनाई क्लस्टर, डिजाइन इकाइयां और परिधान निर्माण शामिल हैं को वैश्विक मंच मिला।



उद्घाटन समारोह में एमएसएमई झारखंड के प्रतिनिधि, जजटियात कल्याण आयुक्त, उद्योग विभाग के संयुक्त सचिव तथा झारक्राफ्ट से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने झारखंड के परिधान और वस्त्र क्षेत्र को मजबूत दिशा देने के सरकारी प्रयासों पर संतोष जताया। राज्य का लक्ष्य आईएटीएफ के ई-नेटवर्किंग, बिजनेस मीटिंग और सोर्सिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्थानीय एमएसएमई और कारीगर समूहों को अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जोड़ना है। झारखंड पूर्वी भारत का मुख्य कपड़ा केंद्र बनने की दिशा में कार्यरत है, जिसमें रेशम और तसर उत्पादन को अधिक विस्तार देना प्रमुख लक्ष्य है। दुबई में बनी संभावनाओं ने इस यात्रा को और गति दी है।

## मलेशिया-श्रीलंका के सांसदों ने कल्पना सोरेन से की मुलाकात



**रांची :** रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मंगलवार को एक अंतरराष्ट्रीय शिष्टमंडल ने झारखंड विधानसभा की सदस्य एवं महिला एवं बाल विकास समिति की सभापति कल्पना सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। यह मुलाकात भारत और दक्षिण एशियाई देशों के बीच सहयोग, संवाद और आपसी समझ बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। प्रतिनिधिमंडल में मलेशिया के सांसद और मलेशियन-इंडियन कांग्रेस के वाइस प्रेसिडेंट एम. सरवनन, श्रीलंका के सांसद एस. श्रीथारन और पूर्वी प्रांत के पूर्व राज्यपाल तथा सीलोन वर्कर्स कांग्रेस के अध्यक्ष सेंथिल थोंडमन शामिल थे। तीनों नेताओं की झारखंड आगमन को लेकर राज्य की राजनीतिक और सांस्कृतिक गलियों में खासा उत्साह देखा गया। बैठक के दौरान झारखंड में सामाजिक ढांचे, महिला सशक्तिकरण, बाल विकास, आदिवासी समुदायों की प्रगति और कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

## एक नजर

### पंजाब के डीजीपी गौरव यादव को चुनाव आयोग ने किया तलब

**पंजाब :** डीजीपी पंजाब गौरव यादव को लेकर अहम खबर सामने आई है। मुख्य चुनाव आयोग ने डीजीपी गौरव यादव को 25 तारीख को रिपोर्ट के साथ तलब किया है। जानकारी के अनुसार तरनतरान उपचुनाव के नतीजे के बाद अकाली दल ने चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखी थी। शिकायत पत्र में चुनाव के दौरान एफआईआर दर्ज की गई थी जिसकी अकाली दल ने निष्पक्ष जांच की मांग की है। अकाली दल का आरोप है कि वोटिंग के दिन उनके कई वर्करों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि आप ने उपचुनाव में सरकारी मशीनरी का दुरुप्रयोग किया। बता दें कि 14 नवंबर को तरनतरान उपचुनाव के नतीजे आए थे जिसमें आप ने 12 हजार से अधिक वोटों से जीत दर्ज कराई थी। अकाली दल दूसरे नंबर पर रही।

### दिल्ली में कोर्ट और स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में चार जिला अदालतों और केंद्रीय सीआरपीएफ के दो स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद एहतियात के तौर पर संबंधित स्कूलों और अदालत परिसरों को खाली करा लिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस कंट्रोल रूम को मंगलवार सुबह फोन कर दावा किया कि प्रशांत विहार और द्वारका स्थित सीआरपीएफ के स्कूलों में बम लगाए गए हैं। इसके बाद दोनों परिसरों को खाली करा लिया गया। उन्होंने बताया कि पटियाला हाउस कोर्ट, साकेत कोर्ट, रोहिणी कोर्ट और द्वारका कोर्ट को भी बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद अदालतों में कामकाज अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। बम की धमकी ई-मेल के जरिये मिली थी। सीआरपीएफ और बम निरोधक दस्ते मामले की जांच में जुड़े हैं।

# भारत लाया जा रहा लॉरेंस बिश्नोई का भाई अनमोल, बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में है आरोपी



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से भारत लाया जा रहा है। अनमोल बिश्नोई को पिछले साल एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में मुंबई पुलिस ने मुख्य साजिशकर्ता बताया है। उसके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि अनमोल को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित करने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अधिकारी ने बताया कि अनमोल के खिलाफ देश भर में कई मामले दर्ज हैं और केंद्र सरकार तय करेगी कि उसे पहले किसकी हिरासत में रखा जाए।

### बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान ने दी जानकारी

एक अन्य अधिकारी ने बताया कि अनमोल कुछ ही घंटों में दिल्ली पहुंच जाएगा। बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान ने भी द इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि उन्हें मंगलवार को अमेरिकी अधिकारियों का एक ईमेल मिला, जिसमें बताया गया कि अनमोल बिश्नोई को संघीय सरकार ने अमेरिका से निकाल दिया है। अनमोल जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई है।

जीशान ने कहा, चूंकि मैं पीड़ित परिवार से हूं, इसलिए मेरा ईमेल अमेरिकी अधिकारियों के पास पंजीकृत है और वे मुझे मामले में किसी भी प्रगति के बारे में अपडेट करेंगे। आज सुबह, मुझे एक ईमेल मिला जिसमें कहा गया था कि बिश्नोई को अमेरिका से निकाल दिया गया है। मुझे नहीं पता कि इसका क्या मतलब है या वह कहां गया है।

### बाबा सिद्दीकी मामले में आरोपी है अनमोल

अनमोल को बाबा सिद्दीकी की हत्या में वांछित आरोपी के रूप में नामित किया गया था, जिन्हें 12 अक्टूबर, 2024 को उनके बांद्रा कार्यालय के बाहर गोली मार दी गई थी। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा इस मामले की जांच कर रही थी और 26 लोगों को गिरफ्तार किया था।

# 20 नवंबर को 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे नीतीश



एजेंसी

**पटना :** बिहार में नई सरकार के 20 नवंबर को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दलों के बीच मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने वाले चेहरों और विधानसभा अध्यक्ष पद को लेकर जोरदार खींचतान जारी है। सूत्रों के अनुसार, मंगलवार को भी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच विधानसभा अध्यक्ष पद को लेकर सहमति बनाने की कोशिशें जारी है तथा दोनों ही दल पद पर अपना-अपना दावा ठोंक रहे हैं। वहीं, इन सब के बीच केंद्रीय मंत्री अमित शाह बुधवार की शाम पटना पहुंचेंगे और इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात करेंगे। सूत्रों ने बताया कि दोनों नेताओं को बीच सरकार गठन को लेकर बातचीत होगी। बीजेपी के मंत्रियों की लिस्ट भी पटना में ही फानइल होगी। बता दें कि नीतीश कुमार 20 नवंबर को दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। नीतीश कुमार, 19 नवंबर को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को अपना इस्तीफा सौंपेंगे और उसी दिन मौजूदा विधानसभा भंग हो जाएगी। भाजपा और जदयू 19 नवंबर को अपने-अपने विधायक दल के नेता का चुनाव भी करेंगे। बिहार में हाल ही हुए विधानसभा चुनाव में राजग ने 243 सीट में से 202 पर जीत हासिल की, जिनमें भाजपा के 89, जदयू के 85, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 19, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के पांच और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमा) के चार विधायक शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि जदयू अपने मौजूदा ज्यादातर मंत्रियों को दोबारा जगह दे सकती है, जबकि भाजपा कुछ नए चेहरे शामिल करने पर विचार कर रही है। जदयू और भाजपा के अलावा केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की लोजपा (रामविलास), जीतन राम मांझी की हम और उपेंद्र कुशवाहा की रालोमो भी सरकार में शामिल होंगी। सूत्रों के मुताबिक, लोजपा (रामविलास) को तीन मंत्री पद, जबकि हम और रालोमो को एक-एक मंत्री पद मिलने की संभावना है। भाजपा से अधिकतम 16 मंत्री और जदयू से 14 मंत्री सहित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 20 नवंबर को शपथ ले सकते हैं।

जदयू से जुड़े सूत्रों ने बताया, हम उम्मीद करते हैं कि पिछली सरकार की तुलना में इस बार हमें अधिक प्रतिनिधित्व मिलेगा।

## केशव मौर्य को विधायक दल की बैठक का पर्यवेक्षक बनाया गया

**पटना :** भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को बिहार में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को सह-पर्यवेक्षक बनाया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने एक बयान में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को बिहार में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। वहीं, बिहार में सरकार गठन से पहले जद(यू) नेता संजय झा और ललन सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा बंद कमरे में करीब तीन घंटे तक हुई बैठक में मौजूद थे।

# 'मिनरल कैपिटल झारखण्ड' ने आईआईटीएफ 2025 में दिखाया खनिज व कृषि शक्ति का अनूठा संगम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** प्रगति मैदान में आयोजित 44वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 में इस वर्ष झारखण्ड पैविलियन अपने खनन क्षेत्र की मजबूती और कृषि विविधता विशेषकर रागी जैसे पोषक अनाज के प्रभावी प्रदर्शन के कारण विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। राज्य सरकार ने इस बार मेले में झारखण्ड की खनिज संपदा के साथ-साथ उसकी समृद्ध कृषि परंपरा को भी राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया है।

### देश की मिनरल कैपिटल के रूप में जाना जाता है झारखंड

झारखण्ड, देश की मिनरल कैपिटल के रूप में जाना जाता है, और इस पहचान को मजबूती से दशार्ते हुए पैविलियन में राज्य के प्रमुख खनिज जैसे लौह अयस्क, कोयला, अभ्रक, तांबा, यूरेनियम, बॉक्साइट, चूना पत्थर, सोना, ग्रेनाइट और पत्थर का विस्तृत प्रदर्शन किया गया है। ये खनिज न केवल भारत की औद्योगिक वृद्धि की रीढ़ हैं, बल्कि ऊर्जा, आधारभूत संरचना, विनिर्माण और रक्षा जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को गति प्रदान करते हैं। इस प्रदर्शनी के माध्यम से राज्य यह संदेश दे रहा है कि झारखंड का खनन क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन और निवेश आकर्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



### रागी झारखण्ड के किसानों के लिए एक टिकाऊ व उच्च पोषण वाली फसल

खनिज संपदा के साथ-साथ झारखण्ड ने इस बार अपनी रागी फसल को भी विशेष रूप से प्रदर्शित किया है। पोषक अनाज (मिलेट) के रूप में प्रसिद्ध रागी झारखण्ड के किसानों, विशेषकर ग्रामीण और आदिवासी समुदायों के लिए एक टिकाऊ व उच्च पोषण वाली फसल है। पैविलियन में रागी आधारित उत्पाद जैसे रागी आटा, बिस्किट, स्नैक्स और हेल्थ फूड ने दर्शको का विशेष ध्यान आकर्षित किया।

राज्य सरकार रागी की खेती को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने, जलवायु-सहिष्णु खेती को प्रोत्साहित करने और बाजार से जोड़ने के लिए सक्रिय पहल कर रही है। खनिज और कृषि दोनों क्षेत्रों में झारखंड पवेलियन का यह संतुलित प्रदर्शन दशार्ता है कि राज्य केवल प्राकृतिक संसाधनों का उत्पादक केंद्र ही नहीं है, बल्कि खाद्य सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास और सतत आर्थिक वृद्धि का भी एक मजबूत मॉडल प्रस्तुत कर रहा है।

### झारखण्ड एक उभरती हुई आर्थिक शक्ति

आईआईटीएफ 2025 में झारखण्ड पवेलियन अपनी विविध शक्तियों के साथ देश-विदेश के निवेशकों, व्यापारियों और दर्शक को यह संदेश दे रहा है कि झारखण्ड एक उभरती हुई आर्थिक शक्ति है, जो खनिज, कृषि और उद्योग तीनों में अपार संभावनाएं रखता है।

# एसआईआर के खिलाफ दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली करेगी कांग्रेस

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर आज कांग्रेस की बैठक को लेकर पार्टी के सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस दिसंबर के पहले हफ्ते रामलीला मैदान में इस मुद्दे पर महारैली करेगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में काम कर रहा है।

उन्होंने आगे कहा, केरल विधानसभा ने एसआईर की प्रक्रिया को स्थगित करने का प्रस्ताव पारित किया। यहां तक कि केरल के मुख्य चुनाव अधिकारी ने भी मुख्य चुनाव आयुक्त से आग्रह किया कि राज्य में एसआईआर करने का यह सही समय नहीं है। भाजपा को छोड़कर सभी राजनीतिक दलों ने यहीं मांग की। लेकिन चुनाव आयोग ने एक न सुनी। यह स्पष्ट है कि वह (चुनाव आयोग) भाजपा और नरेंद्र मोदी के पक्ष में काम कर रहा है। यह हैरान करने वाला है।

### 'लोकतंत्र खत्म करना चुनाव आयोग का मकसद'

उन्होंने कहा, मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के नेता राहुल गांधी ने प्रदेश कांग्रेस समिति को चुनाव आयोग के इस कुत्सित प्रयास के बारे में सचेत किया। हम इन चीजों के खिलाफ लड़ने जा रहे हैं। चुनाव आयोग का मकसद लोकतंत्र और विपक्षी दलों को खत्म करना है। दिसंबर के पहले हफ्ते में कांग्रेस इस मुद्दे (एसआईआर) पर रामलीला मैदान में एक विशाल रैली करेगी। वेणुगोपाल ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के इस बयान पर भी प्रतिक्रिया दी कि अधिकांश कांग्रेस नेता कह रहे हैं कि राहुल गांधी ने एसआईआर का मुद्दा उठाया जो हार का कारण बना।

## एक नजर

### पुलिस ने ब्राउन शुगर मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बड़कागांव** : बड़कागांव थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने छापेमारी कर ब्राउन शुगर मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों को हजारीबाग कारावास भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि जेल भेजे गए लोगों में बड़कागांव मध्य पंचायत स्थित ठाकुर मोहल्ला निवासी विकास ठाकुर एवं सिकंदर ठाकुर वहीं मध्य पंचायत के ही मुस्लिम मोहल्ला निवासी तनवीर खान को पुलिस ने जेल भेजा है। ज्ञात हो की ब्राउन शुगर मामले को लेकर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने कार्रवाई तेज कर दी है। पिछले दो माह में कई लोग पकड़े गए हैं और जेल भेजे जा चुके हैं। थाना प्रभारी ने आम ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि ब्राउन शुगर को लेकर अगर किन्ही के पास कोई जानकारी हो तो ,थाना को गुप्त जानकारी दें, ताकि उस पर तुरंत कानूनी कार्रवाई की जा सके। जानकारी देने वाले का नाम एवं नंबर गुप्त रखा जाएगा।

### एडुकेयर क्लासेस ने कराया शैक्षणिक टूर प्रकृति और इतिहास से रूबरू हुए विद्यार्थी

**चौपारण** : एडुकेयर क्लासेस बसरिया द्वारा इंटरमीडिएट छात्रों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्र रांची और हजारीबाग के प्रमुख प्राकृतिक, ऐतिहासिक और भूगोल संबंधी स्थलों का अध्ययन करने निकले। भ्रमण के दौरान सबसे पहले छात्रों ने रांची के प्रसिद्ध हुंडरू जलप्रपात का दौरा किया, जहां उन्होंने जलप्रपात की संरचना, उत्पत्ति और आसपास के पर्यावरणीय तंत्र के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके बाद विद्यार्थी पतरातू घाटी और पतरातू डैम पहुंचे। यहां उन्होंने घाटी की संरचना, जलाशय की उपयोगिता और जल-संसाधन प्रबंधन को समझा। पतरातू की हरियाली और शांत वातावरण ने छात्रों को प्रकृति के और करीब लाया। इसके बाद छात्रों ने हजारीबाग के उद्यान, प्राकृतिक पार्क और अन्य स्थानीय आकर्षणों का भी अवलोकन किया। शिक्षकों ने पूरे भ्रमण के दौरान भूगोल, इतिहास और पर्यावरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं, जिससे यात्रा मनोरंजक होने के साथ-साथ अत्यंत शिक्षाप्रद भी रही। छात्रों ने बताया कि किताबों में पढ़े विषयों को प्रत्यक्ष रूप से देखना उनके लिए प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक अनुभव रहा। संस्थान के डायरेक्टर चन्दन राणा ने कहा कि ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों के समग्र विकास में सहायक होते हैं और आगे भी ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे। पूरी यात्रा सुरक्षित, शांतिपूर्ण और सफल रही, जिसे छात्रों व शिक्षकों ने यादगार बताया।

### 20 लाख फिरौती के लिए किए गए अपहरण का खुलासा

**हजारीबाग** : जिले के टाटीझरिया थाना क्षेत्र में 20 लाख रुपये फिरौती के लिए किए गए अपहरण मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता प्राप्त की है। जिले की पुलिस टीम ने छापेमारी कर कुख्यात अपराधी गिरोह अरुण मंडल गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से देसी कट्टा, कारतूस, देशी पिस्तौल, मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल सहित कई सामान बरामद किए गए हैं। एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि छह - सात नवंबर की रात टाटीझरिया थाना क्षेत्र के मायापुर निवासी युवक गोपाल कुमार का अपहरण कर अपराधियों ने उसके परिवार से 20 लाख रुपये फिरौती की मांग की थी। मोबाइल लोकेशन और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस को 18 नवंबर को सूचना मिली कि अपराधी अरुण मंडल उर्फ.अरुण जी उर्फ.रंजीत मंडल और उसका साथी रोहित महतो हथियार के साथ झुमरा पहाड़ की ओर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने जा रहे हैं।

# बरही लूटकांड का 24 घंटे में उद्भेदन करोड़ों के आभूषण व हथियार बरामद, तीन गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : बीते रविवार को रात्रि नौ बजे बरही चौक स्थित जय माता दी ज्वेलर्स लुट कांड का बरही पुलिस ने महज 24 घंटे में उद्भेदन करने में सफल रही है। इस कांड में संलिप्त पुलिस ने तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया। वहीं लुटे गए करोड़ों का जेवरात सहित इस कांड में प्रयुक्त हथियार के साथ बरामद किया। गौरतलब हो कि 16 नवंबर को रात लगभग 9 बजे बरही चौक स्थित जय माता दी ज्वेलर्स के मालिक सुरेंद्र कुमार एवं उसके भाई रविन्द्र कुमार के साथ मारपीट कर अज्ञात अपराधियों ने हवा में फायरिंग करते हुए दो लाख नगदी सहित करोड़ों का जेवरात लेकर फरार हो गए थे। 17 नवंबर को वादी



सुरेंद्र कुमार के आवेदन के आधार पर बरही पुलिस ने कांड संख्या 439/25 दर्ज किया गया। घटना को गंभीरता से लेते हुए हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर एक विशेष एसआईटी टीम एसडीपीओ अजित कुमार विमल के नेतृत्व में का गठन किया गया। टीम द्वारा कर्रवाई करते हुए वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी विश्लेषण, मोबाइल लोकेशन, गुप्त सूचना, सीसीटीवी फुटेज और मानव इंटेलिजेंस के आधार पर अपराधियों की पहचान कर छापेमारी शुरू की। छापामारी के दौरान पुलिस की टीम ने मसकचुआड टांड जंगल से हथियार एवं लूट के दौरान उपयोग की गई बाइक बरामद की। वहीं पुलिस ने जंगल में छिपे दो अपराधियों को पीछा कर गिरफ्तार किया, जिनके पास से अवैध हथियार और लूटे गए ज्वेलरी बरामद हुए। तीसरे अपराधी को भी तकनीकी निगरानी के आधार पर गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधियों में धनन्जय चौधरी उर्फ छोटू, ग्राम लेबोईया, थाना शेरघाटी, इन्द्रराज चौधरी, ग्राम मायापुर, थाना-इमामगंज तथा रोशन यादव, ग्राम-गांडोली, थाना शेरघाटी, जिला गयाजी बिहार शामिल है। पुलिस ने लुटे गए आभूषण में लूटे गए सोना 946 ग्राम, चांदी 200 ग्राम, अन्य आभूषण, जिसकी कुल कीमत लगभग 1.5 करोड़ रुपये है कि बरामदगी की गई। वहीं अपराधियों के पास से एक स्कार्पियो वाहन, एक केटीएम मोटरसाइकिल, दो देशी कट्टा, एक देशी पिस्टल, छः गोली, दो मोबाइल भी बरामद किया गया। एसआईटी एवं पुलिस टीम में शामिल अधिकारी अभियान में बरही के एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल, बरही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद कुमार, पुनि चंद्रशेखर कुमार, चौपारण थाना प्रभारी सरोज चौधरी, एसआई सुमित साव, नरेंद्र पांडेय, मृत्युंजय सिंह, सुशील कुमार, राज्जवलभ कुमार, सौरभ कुमार, सुरजीत चौधरी, दीपक कुमार, रूपलाल यादव, बादल हेंब्रम, सहायक अवर निरीक्षक बादल महतो, आरक्षी संजय यादव, नीरज कुमार सिंह, विवेक कुमार, तकनीकी शाखा हजारीबाग सहित कुल 20 पुलिसकर्मी शामिल थे। जिन्होंने दिन-रात काम करते हुए घटना का सफलतापूर्वक उद्भेदन किया।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बने डॉ दीनानाथ ठाकुर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष डॉ दीनानाथ ठाकुर को प्रोन्नति देते हुए प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति के द्वारा जिलाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। उनका मनोनयन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी, प्रदेश महिला अध्यक्ष प्रीति उपाध्याय, प्रदेश उपाध्यक्ष मंजू सिंह के अनुशंसा पर किया गया है। मंगलवार को हजारीबाग में उन्हें प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति एवं प्रदेश संगठन सचिव बिपिन बिहारी पांडेय ने अंगवस्त्र के साथ स्वागत एवं सम्मान किया गया। मौके पर प्रदेश महिला अध्यक्ष प्रीति उपाध्याय, प्रदेश उपाध्यक्ष मंजू सिंह ने नव मनोनीत जिलाध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि नव मनोनीत जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में हजारीबाग में संगठन की मजबूती एवं विस्तार का कार्य तीव्र गति से होगा। नव मनोनीत जिलाध्यक्ष डॉ दीनानाथ पांडे ने कहा जिस विश्वास के साथ संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है उस विश्वास को टूटने नहीं दूंगा। प्रदेश टीम के द्वारा नव मनोनीत जिलाध्यक्ष को जिले के सभी प्रखंडों में कमेटी बनाने का निर्देश दिया। मौके पर प्रमंडल अध्यक्ष उतरी छोटानागपुर प्रमंडल महिला प्रकोष्ठ हीरा देवी,प्रीति उपाध्याय, मंजू सिंह, दुर्गेश वर्मा, रेखा देवी आदि लोग भी मौजूद रहे।

## श्राद्ध कर्म में गए परिवार के बंद घर से कीमती जेवर व नकदी गायब

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : बादम गाँव में चोरी की घटना सामने आई है। श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए गाँव से बाहर गए एक परिवार के बंद घर को चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने सोने और चांदी के आभूषणों सहित 4000 नगद और कीमती पीतल और कांसे के बर्तन भी चुरा ले गए। पीड़ित संतोष कुमार साव (पिता हेमन साव) ने बताया कि उनका पूरा परिवार 11 नवंबर 2025 को अपने नाना के श्राद्ध कर्म के लिए कटकमदाग गया था। परिवार 17 नवंबर की शाम करीब 8:00 बजे जब घर लौटा, तो उन्होंने देखा कि मुख्य दरवाजे के ताले से छेड़छाड़ की गई थी। ताला खोलकर जब वे अंदर गए, तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था और घर का पिछला दरवाजा टूटा हुआ था घर



के सभी बक्से खुले हुए थे, जिनमें रखे सोने-चांदी के आभूषण और 4000 नगद गायब थे। इसके अलावा, चोरों ने घर में रखे तांबे, कांसा और पीतल के कीमती बर्तन भी चुरा लिए। दो साल में दूसरी बार हुई चोरी पीड़ित संतोष कुमार साव ने बताया कि यह उनके घर में चोरी की लगातार दूसरी घटना है। इससे पहले 2022 में भी इसी प्रकार की चोरी हो चुकी थी। घटना के बाद, परिवार ने तुरंत शोर मचाकर मोहल्ले वालों को बुलाया और कानूनी कार्रवाई करते हुए बड़कागांव थाने में लिखित आवेदन दिया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि उनके गाँव में चोरी की छोटी-बड़ी वारदातें लगातार हो रही हैं। गाँव वालों के अनुसार, कुछ चोरी की घटनाओं में चोरों की गिरफ्तारी जरूर होती है, लेकिन वे फिर जल्द ही जेल से छूट जाते हैं। इसी कारण चोरों का हौसला बुलंद रहता है और चोरी की वारदातों पर रोक नहीं लग पा रही है। यह लगातार हो रही चोरियाँ पूरे गाँव के लिए एक गंभीर सुरक्षा चिंता का विषय बन गई हैं।

## 6 दिसंबर को निकलेगा शहर में भव्य शौर्य यात्रा : बजरंग दल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय कार्यक्रम निमित गीता जयंती के अवसर पर बजरंग दल हजारीबाग के द्वारा शहर में 6 दिसंबर को भव्य शौर्य यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता पूरे अनुशासित तरीके से शहर में संचलन करेंगे तथा राम जी के रथ को लेकर पूरे नगर का भ्रमण करेंगे। यह कार्यक्रम हजारीबाग के बड़ा अखाड़ा से दिन के 11:00 बजे सभा के साथ शुभारंभ होगा इसके उपरांत पूरे शहर का संचलन करके पुनः बड़ा अखाड़ा में समापन करेंगे। इसकी आधिकारिक जानकारी प्रेस वार्ता करके बजरंग दल विभाग मिलन प्रमुख प्रशांत सिंह, विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री



अरविंद मेहता, बजरंग दल जिला संयोजक जय कुमार सोनी ने दिया। उन्होंने बताया कार्यक्रम हर वर्ष की भांति इस वर्ष और बेहतर करेंगे क्योंकि इस वर्ष 25 नवंबर को प्रभु श्री रामचंद्र जी के भव्य मंदिर के शिखर पर भगवा ध्वज का रोहन होने जा रहा है। सदियों से पथराई आंखों को आराम मिलेगी एवं हिंदू शौर्य का पुनर्जागरण इस देश में होगा। इस शौर्य यात्रा का मुख्य उद्देश्य हिंदू नौजवानों में एकता के साथ पुरुषार्थ एवं राष्ट्रवाद का पुनर्जागरण होता रहे तथा हिंदू नौजवान नशा से मुक्त तथा संस्कारो से युक्त होकर राष्ट्र की सेवा करें। इस कार्यक्रम में समाज के सभी वर्ग संत महंत पुजारी हिंदू नौजवान तथा समस्त हिंदू समाज सादर सम्मिलित रहेंगे। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय अधिकारियों का ओजस्वी उद्बोधन एवं मार्गदर्शन समाज को प्राप्त होगा। साथी साथ राम मंदिर आंदोलन हिंदू समाज पुनर्जागरण आंदोलन एवं राष्ट्र रक्षा में बलिदान हुए वीर हिंदुओं को भी श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। बजरंग दल विभाग मिलन प्रमुख प्रशांत सिंह, विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री अरविंद मेहता, बजरंग दल जिला संयोजक जयकुमार सोनी इत्यादि उपस्थित रहे।

## चारधाम तीर्थ यात्रा पर निकले 65 श्रद्धालु सांसद ने सम्मानपूर्वक किया विदा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बुजुर्गों के तीर्थाटन के सपने को साकार करने में निरंतर जुटे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा संचालित सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के तहत मंगलवार का हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 31 और वार्ड संख्या 32 से 65 तीर्थ यात्रियों का एक जत्था चार धाम यात्रा के लिए खिरगांव स्थित दुर्गा मंडप प्रांगण से रवाना हुआ। तीर्थ यात्रियों को सम्मान में खुद सांसद मनीष जायसवाल और समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह सहित कई गणमान्य लोग यहां पहुंचे और इस यात्रा के बारे में उन्हें विस्तार से जानकारी देते हुए सांकेतिक रूप से बुजुर्ग यात्रियों के पांव पखारकर और उनपर पुष्पवर्षा कर उन्हें रवाना किया गया। इस दौरान उन्हें पहचान पत्र और अल्पाहार भी सांसद सेवा कार्यालय की ओर से भेंट किया गया। तीर्थ यात्रियों के रवानगी के दौरान खिरगांव और आसपास के क्षेत्र से लोगों का सैलाब उमड़ा और सभी ने गाजे बाजे के साथ उन्हें उत्तर प्रदेश के काशी, अयोध्या, विंध्याचल और प्रयागराज के लिए रवाना किया। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता ने मुझे इस काबिल बनाया कि एक बेटा और भाई के रूप में क्षेत्र के बुजुर्गों को तीर्थाटन कर पा रहा हूं। उन्होंने कहा कि जब तक ईश्वर उन्हें शक्ति प्रदान करेंगे तब तक यह अभियान चलता रहेगा। समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने सांसद मनीष जायसवाल के इस अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस अभियान से एक जन्म प्रतिनिधि के संवेदना और उनके बौद्धिक चेतना प्रदर्शित होता है ।

**राष्ट्रीय एकता और विकसित भारत के लिए युवाओं का दिखा जोश**

## हजारीबाग में 'सरदार @150 यूनिटी मार्च' का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : लौहपुरुष और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा माय भारत के माध्यम से आयोजित की जा रही 'विकसित भारत पदयात्राओं' की गूंज मंगलवार को हजारीबाग जिले में सुनाई दी। इस महत्वाकांक्षी पहल का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव, सामाजिक जिम्मेदारी और एकता की भावना को मजबूत करना है। हजारीबाग में आयोजित राष्ट्रीय एकता पदयात्रा में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित विधिवत उद्घाटन समारोह में सांसद मनीष जायसवाल



सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विनोबा भावे जी और सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की तस्वीरों पर पुष्पांजलि अर्पित की और सामूहिक रूप से 'वन्दे मातरम' का गायन कर कार्यक्रम की शुरूआत कराई। कार्यक्रम में सांसद मनीष जायसवाल के अतिरिक्त सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, प्रशिक्षु आईएएस आनंद शर्मा, उप विकास आयुक्त इस्तियाक अहमद, अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, विभावी के डीएसडब्लू डॉ. विकास कुमार, एनएसएस समन्वयक जॉनी रुफीना तिर्की, भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजकरण पाण्डेय, 'माई भारत' के हिमांशु कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का आयोजक द्वारा पौधा भेंटकर और अंग-वस्त्र ओढ़ाकर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। सभागार में अखंड भारत को दशार्ते कई आकर्षक सेल्फी पॉइंट लगाए गए थे जो युवाओं के बीच आकर्षण का केंद्र बने। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न महाविद्यालयों के एनएसएस छात्रों द्वारा लघु नाटिकाएँ और भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति एवं सभ्यता पर आधारित सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किए गए। इन मनमोहक प्रस्तुतियों ने भारत की विविधता में एकता के मूल मंत्र को बखूबी प्रदर्शित किया, जिसमें हजारों विद्यार्थियों और युवाओं का भारी जुटान हुआ। सांसद मनीष जायसवाल और अन्य अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर विनोबा भावे विश्वविद्यालय से जिला स्तरीय पदयात्रा का शुभारंभ किया गया। इसके बाद सैकड़ों युवा कतारबद्ध और अनुशासित तरीके से हाथों में तिरंगा झंडा लहराते हुए राष्ट्रहित और लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जयकारे लगाते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरे। यह पदयात्रा शहर में राष्ट्रीय एकता का संदेश लेकर एक 'सरदार @150 यूनिटी मार्च' के रूप में बदल गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मौजूद युवाओं को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का राष्ट्र-निर्माण और रियासतों के एकीकरण में जो अद्वितीय योगदान है उसे हमें हमेशा स्मरण में रखना चाहिए। देश की एकता और अखंडता के साथ अपने अंदर राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने की भावना को आत्मसात कर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। उन्होंने उनके लौह पुरुष बनने के मार्मिक कहानी को भी यहां चित्रण कर उनके जीवन के हरेक गतिविधि से प्रेरणा लेने की बात कही ।

## संक्षिप्त खबरें

### बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**बड़कागांव** : स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार मंगलवार को बड़का गांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अविनाश कुमार की अध्यक्षता में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने रक्तदान कर किया। प्रबुद्ध, सामाजिक कार्यकर्ता, पत्रकार लोगों ने भी रक्तदान कर अपनी सहभागिता निभाई। 15 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने कहा कि रक्तदान ही महादान है, इससे बड़ा पूण्य का दान कुछ भी नहीं है। निरंतर रक्तदान करने वाले लोग स्वस्थ एवं निरोग रहते हैं। रोगों से कोसों दूर रहते हैं। वही डॉ अविनाश कुमार ने रक्तदान करने वाले लोगों के बीच सर्टिफिकेट का वितरण कर, आगे भी लोगों की सेवा के लिए प्रेरित किया। रक्तदान शिविर में सहयोग करने वालों में मुख्य रूप से राजीव प्रसाद, नेहाल राज, गोपाल कुमार, अजीत कुमार, संगीता कुमारी, करिश्मा कुमारी के अलावा अन्य शामिल थे। रक्तदान करने वालों में बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, एसआई प्रभात कु सिंह, हादी खान,पंचायत सचिव गोपाल कुमार, पत्रकार दीपक सिंहा, रजन कुमार,पंकज कु ठाकुर, के अलावा राकेश कुमार मेहता, मृत्युंज कुमार सिंह, राखी कुमारी, फैज अहमद खान, रविन कुमार, विजय कु महतो, अब्बास खान, अमित लाल गुप्ता, का नाम शामिल है।

### केनरा बैंक अधिकारी संघ के संगठन महासचिव बने शशि कुमार बागे



**बड़कागांव** : विशाखापट्टनम में राष्ट्रीय स्तर पर केनरा बैंक अधिकारी संघ का 20वां त्रिवर्षीय सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसमें केनरा बैंक बड़का गांव शाखा प्रबंधक शशि कुमार बागे जी को संगठन महासचिव बनाए गए। देशभर से लगभग 6000 से ज्यादा प्रतिनिधि ने भाग लिया इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि केनरा बैंक के प्रबंध निदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी सत्यनारायण राजू बतौर मुख्य अतिथि थे। सम्मेलन में बैंकिंग से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर तीन दिनों तक विस्तृत चर्चा हुई । प्रतिनिधियों ने डेलीगेट सत्र में खुलकर अपनी-अपनी बातों को रखा। 90 से अधिक प्रस्ताव पारित किए गए। सम्मेलन में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें के .रवि कुमार पुनः महासचिव, राजीव निगम अध्यक्ष, जैकब पीसी चेयरमेन के रूप में निर्वाचित हुए। वहीं झारखंड से शैलेश कुमार त्रिपाठी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शशि कुमार बागे संगठन महासचिव चुने गए। वही झारखंड से दो नये क्षेत्रीय सचिव चुने गए, जिसमें हजारीबाग से अनिल कुमार और जमशेदपुर से सावन कुमार का नाम शामिल है। संगठन महासचिव शशि कुमार बागे को बड़कागांव केनरा बैंक शाखा में बुके देकर स्वागत किया तथा बधाई दिया।

### चलकुशा प्रखंड सभागार में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर की गई बैठक



**चलकुशा** : प्रखंड सभागार में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बीडीओ अमृता सिंह की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिप सदस्य सविता सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष सलीम अंसारी, अंचलाधिकारी नवीन भूषण कुल्लू, प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी शामिल हुए। बैठक में बीडीओ के द्वारा बतलाया गया की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 21 नवंबर 2025 से 15 दिसंबर 2025 तक चलेगी। जिसमें आवासीय, जाति, आय, मंईया सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन, अबुआ स्वास्थ्य योजना, केसीसी, पैक्स सदस्य के लिए आवेदन सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री सृजन रोजगार योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, दिव्यांग प्रमाण पत्र, झारखंड आंदोलनकारी के लिए आवेदन, वन पट्टा, हरा राशन कार्ड इत्यादि के लिए आवेदन लिया जाएगा। साथ ही इस कार्यक्रम में धोती साड़ी लूंगी, कंबल एवं आवासीय जाति आय प्रमाण पत्र वितरण किया जाएगा। जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, बिजली बिल,राशन कार्ड का संशोधन, वन दा स्पॉट किया जाएगा। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 21 नवंबर खरगू पंचायत, 22 नवंबर सुदन पंचायत, 24 नवंबर मनैया पंचायत, 26 नवंबर अलगडीहा पंचायत, 28 नवंबर मसकेडीह पंचायत, 1 दिसंबर चलकुशा पंचायत, 3 दिसंबर सलैडीह पंचायत, 5 दिसंबर सेवाटांड़ पंचायत, 8 दिसंबर चौबे पंचायत चलकुशा प्रखंड के सभी पंचायत में निर्धारित तारीख को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शिविर लगाया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप मुखिया सुखदेव यादव, प्रखंड कृषि सह खादआपूर्ति पदाधिकारी गणेश प्रजापति, डाक्टर मो. फिदाउला, मुखिया प्रतिनिधि केदार यादव,बाल गोविंद गिरी विद्युत विभाग बहादुर यादव एवं अंचल और प्रखंड के कर्मी बैठक में शामिल हुए।

### यूथ विंग के सह सचिव अभिषेक पांडे ने बच्चों के बीच मनाया जन्मदिन

**हजारीबाग** : हजारीबाग यूथ विंग के सह सचिव अभिषेक कुमार पांडे ने अपना जन्मदिवस बेहद खास और मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण तरीके से मनाया। उन्होंने दिन की शुरूआत मूक-बधिर विद्यालय, हजारीबाग के बच्चों के बीच जाकर की, जहां उन्होंने बच्चों के साथ केक काटा और इस यादगार अवसर को और भी खास बना दिया। विद्यालय के बच्चों के बीच नाश्ता का वितरण भी किया गया, जिससे बच्चे बेहद खुश नजर आए। इस अवसर पर हजारीबाग यूथ विंग के कई पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे और अभिषेक पांडे के इस सामाजिक व प्रेरणादायक कदम की सराहना की। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि अभिषेक पांडे द्वारा जरूरतमंद और विशेष बच्चों के बीच जाकर जन्मदिन मनाना समाज के लिए प्रेरक संदेश है। यूथ विंग के युवा जिस संवेदनशीलता से समाजसेवा में जुड़े हैं, वह प्रशंसनीय है। अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि अभिषेक पांडे जी का यह कदम उनके सामाजिक सोच और मानवीय मूल्यों को दशार्ता है। यूथ विंग ऐसे ही कार्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाता रहेगा। हम सभी उनकी पहल की सराहना करते हैं। इसी क्रम में मंगलवार को संस्था के मार्गदर्शक जयप्रकाश खंडेलवाल का जन्मदिवस भी उत्साह, उल्लास और सौहार्द के साथ मनाया गया। यूथ विंग के सदस्यों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की और दीर्घायु की कामना की।

## एक नजर

### समर्पण शाखा ने किया निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**रांची**: समर्पण शाखा की ओर से रजत जयंती और स्थापना दिवस पर चार दिवसीय प्रांत कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन आरबी स्प्रिंगडेल स्कूल में मंगलवार को किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन संस्था के शिक्षा और युवा विकास के तहत किया गया। खेलकूद कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में शाखा की ओर से बच्चों के बीच निबंध प्रतियोगिता और वंदे मातरम का भावपूर्ण गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई' प्रतियोगिता के बाद संस्था की ओर से विजेता बच्चों के बीच पुरस्कार और जूस का वितरण किया गया' इसे पाकर बच्चे काफी खुश हुए। कार्यक्रम में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, शुभा अग्रवाल, स्मिता अग्रवाल अन्य सदस्य उपस्थित थीं।

### समर्पण शाखा ने किया निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**रांची**: समर्पण शाखा की ओर से रजत जयंती और स्थापना दिवस पर चार दिवसीय प्रांत कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन आरबी स्प्रिंगडेल स्कूल में मंगलवार को किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन संस्था के शिक्षा और युवा विकास के तहत किया गया। खेलकूद कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में शाखा की ओर से बच्चों के बीच निबंध प्रतियोगिता और वंदे मातरम का भावपूर्ण गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के बाद संस्था की ओर से विजेता बच्चों के बीच पुरस्कार और जूस का वितरण किया गया। इसे पाकर बच्चे काफी खुश हुए। कार्यक्रम में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, शुभा अग्रवाल, स्मिता अग्रवाल अन्य सदस्य उपस्थित थीं। यह जानकारी संस्था की मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

### अब झारखंड सैंड माइनिंग रूल्स के तहत होगा बालू घाटों का संचालन

**रांची**: अब झारखंड में बालू घाट का संचालन सैंड माइनिंग रूल 2025 के अनुसार होगा। खान विभाग ने इसको लेकर आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि बालू की सरकारी दर 100 रुपये प्रति 100 सीएफटी होगी। सभी रसीद व चालान 100 सीएफटी की यूनिट पर जारी होंगे। निर्धारित दर से अधिक वसूली पर कठोर कार्रवाई होगी। नए नियम से अवैध वसूली पर रोक लगेगी। राजस्व में वृद्धि होगी। जिला प्रशासन को निगरानी टीमें बनाने के निर्देश दिए गए हैं। अवैध ढुलाई पर तुरंत जब्ती व जुमार्ने का प्रावधान लागू होगा।

### वन भूमि घोटाला: गिरफ्तार नेक्सजेन के मालिक विनय सिंह के शोरूम को खोलने का निर्देश

**रांची** : हजारीबाग वन भूमि घोटाला मामले में एक बड़ी खबर सामने आई है। इस मामले में गिरफ्तार किए गए नेक्सजेन ऑटोमोबाइल के मालिक विनय सिंह के शोरूम को खोलने का निर्देश जारी कर दिया गया है। यह महत्वपूर्ण निर्देश भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से दिया गया है। उल्लेखनीय हैं कि विनय सिंह को हजारीबाग वन भूमि घोटाला के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद नेक्सजेन ऑटोमोबाइल के शोरूम को सील कर दिया गया था या उसका संचालन रोक दिया गया था। एसीबी ने अब इस शोरूम को पुनः खोलने का आदेश जारी किया है, जिससे इसका संचालन फिर से शुरू हो सके।

# मतदाता सूची की पैतृक मैपिंग में लाएं तेजी : के रवि कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्यभर के ईआरओ और उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने 2003 के मतदाता सूची से वर्तमान मतदाता सूची की पैरेंटल मैपिंग करने में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पैरेंटल मैपिंग का कार्य निर्वाचन आयोग की प्राथमिकता है और इसे हर हाल में समय पर पूरा किया जाना जरूरी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि कई विधानसभा क्षेत्रों में पैतृक मैपिंग का कार्य 70% तक पूरा हो चुका है, जिससे आगामी मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के दौरान इन्यूमरेशन फॉर्म भरने की प्रक्रिया और आसान हो जाएगी। वहीं जिन क्षेत्रों में यह कार्य अभी धीमा है, उन्हें वोटर आउटरीच प्रोग्राम चलाकर गति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। के. रवि कुमार ने स्पष्ट कहा कि मैपिंग कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही राजनीतिक दलों से संवाद बढ़ाते हुए, बीएलए की नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाने का भी आग्रह किया गया, ताकि पुनरीक्षण कार्य अधिक निष्पक्ष एवं पारदर्शी हो सके। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर सहित सभी जिलों के निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खादगढ़ा बस टर्मिनल में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, महिलाओं-बच्चों की सुरक्षा पर खास ध्यान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : खादगढ़ा स्थित भगवान बिरसा मुंडा बस टर्मिनल रोजाना हजारों यात्रियों, खासकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों का प्रमुख सफर केंद्र है। इनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रांची नगर निगम ने आज बड़ा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। प्रशासक सुशांत गौरव ने बताया कि टर्मिनल पर हर दिन काफी संख्या में महिलाएं और बच्चे आते हैं। अवैध ठेले, दुकानें या भीड़ बढ़ाने वाले किसी भी ढांचे से उनकी सुरक्षा को खतरा हो सकता है। इसलिए परिसर को साफ, खुला और सुरक्षित रखने के लिए विशेष सफाई और निगरानी की गई।

**निरीक्षण में मिले अवैध ढांचे**

अभियान के दौरान कई अवैध संरचनाएं और ठेला-गुमटी पाए गए। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षित आवाजाही में बाधा मानते हुए इन्हें तुरंत हटाने का आदेश दिया गया।

**मनचलों पर कड़ी कार्रवाई**

टर्मिनल और आसपास मौजूद अड्डेबाजों और मनचलों को हटाया गया. निगम ने साफ कहा कि किसी भी तरह की अवैध गतिविधि टर्मिनल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## आदिवासी छात्र संघ ने की तोलोंग लिपि को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : आदिवासी छात्र संघ के प्रतिनिधिमंडल ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलसचिव से मुलाकात कर तोलोंग सिकी लिपि को विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग का ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को हुई मुलाकात के बाद डीएसपीएमयू और रांची कॉलेज के अध्यक्ष विवेक तिर्की ने कहा कि तोलोंग सिकी किसी व्यक्ति की निजी संपत्ति नहीं, बल्कि पूरे समाज की अस्मिता है। इसके विरोध को संकीर्ण मानसिकता बताते हुए उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक और भाषाई विरासत की रक्षा के लिए छात्र लगातार संघर्षरत रहेंगे। वहीं उपाध्यक्ष दीपा कच्छप ने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों में तोलोंग सिकी लिपि का समावेशन उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सचिव अमित टोप्पो ने इसे पीढ़ियों की पहचान का सम्मान बताते हुए संस्थागत स्वीकृति की जरूरत पर बल दिया। विवेक तिर्की ने बताया कि 19 नवंबर 2025 को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित बैठक में सभी विश्वविद्यालयों मेंतो के कुलसचिवों के साथ इस विषय पर निर्णायक चर्चा होगी। ज्ञापन में पीएचडी स्कॉलरों के लिए गाइड की सुव्यवस्थित व्यवस्था और सिंडिकेट बैठकों में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने की भी मांग की गई। मौके पर रांची कॉलेज के दिनेश उरांव, लालेश्वर उरांव, गोविंद उरांव, प्रकाश भगत, अजय किस्पोट्टा सहित अनेक छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## लाखों मजदूर हो रहे प्रभावित, कई ठेकेदार फंस गए हैं वित्तीय संकट में : बाबूलाल



> वित्तीय कुप्रबंधन और अदूरदर्शिता के कारण झारखंड वैसे भी वित्तीय संकट से गुजर रहा है।

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में संवेदकों का भुगतान पिछले डेढ़ वर्ष से लंबित है, जिसके कारण लाखों मजदूर प्रभावित हो रहे हैं और कई ठेकेदार वित्तीय संकट में फंस गए हैं। जिन कार्यों का पूरा निष्पादन किया जा चुका है और जिनकी माप पुस्तिका भी विभागों द्वारा स्वीकृत है, उनके बिलों का भुगतान भी नहीं किया जा रहा। वहीं, नए टेंडर भी रोक दिए गए हैं, जिससे विकास कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं।

**वित्तीय संकट से गुजर रहा झारखंड**

बाबूलाल ने कहा है कि वित्तीय कुप्रबंधन और अदूरदर्शिता के कारण झारखंड वैसे भी वित्तीय संकट से गुजर रहा है। सरकार के पास इससे उबरने का कोई रोडमैप भी नहीं है। सीएम से कहा कि जल्द से जल्द संवेदकों का भुगतान सुनिश्चित करें, ताकि विकास कार्य प्रभावित न हो। सोशल मीडिया पोस्ट में आगे लिखा है कि संवेदक बताते हैं कि उनसे वर्क एग्रीमेंट करने, कायार्देश जारी करने, मापी पुस्तिका बनाने, बिल भुगतान करने का कमीशन इंजीनियर, नाजिर, अधिकारी और विभागीय मंत्री द्वारा वसूल कर पहुंचा दिया जाता है। अपने हिस्से का कमीशन मिलने के बाद सारे ये भ्रष्टाचारी इत्मीनान हो जाते हैं, इन्हें संवेदक के भुगतान की परवाह नहीं रहती।

## नशे की लत से बचें झारखंड के युवा : सुशांत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : सामाजिक संस्था समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से मंगलवार को झारखंड स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर कांके रोड बिरसा उच्च विद्यालय में स्कूली बच्चों के बीच नशा मुक्ति के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि जिला कंसल्टेंट रांची तंबाकू नियंत्रण निकाय के सुशांत कुमार ने बच्चों को नशा के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारा झारखंड अब युवा हो गया है। उन्होंने कहा कि युवा अवस्था में भटकाव होता है। झारखंड के युवाओं का नशा की ओर भटकाव न हो इस उद्धेश्य से ही इस तरह का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसलिए बिरसा उच्च विद्यालय में नशा मुक्ति के खिलाफ जन जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने बच्चों को अपने आसपास नशा बेचने वालों की तुरंत सूचना देकर सहयोग करने की अपील की। वहीं रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी और समाजसेवी राजीव रंजन ने कहा कि बच्चे देश का उज्जवल भविष्य होते हैं, इन्हें बचपन से ही बुरी संगतों से दूर रखने की जिम्मेदारी पूरे समाज की है। नशा एक ऐसी दलदल है, अगर समय रहते इस पर ध्यान न दिया गया तो गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। इस दलदल में कई परिवार बर्बाद हो चुके हैं। ट्रस्ट के अमन बताया कि बच्चों को शपथ दिलाई गई कि अपने आसपास के गांव, मोहल्ले, शहर और अपने परिवार को जागरूक कर नशा से दूर करें। ताकि पूरा परिवार और समाज इस दलदल से बच सकें। इस अवसर पर स्कूल के प्रचार्य सुषमा तिवारी, समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी आनंद केडिया, उमेश केडिया, स्मिता केडिया व प्रियांशु रंजन श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य मौजूद थे।

# सरकारी नौकरी छोड़ निजी प्रैक्टिस करें डॉक्टर : स्वास्थ्य मंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने मंगलवार को रिम्स के मेडिसिन ओपीडी का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री ने बैठकर मरीजों का इलाज भी किया। मंत्री को डॉक्टर की भूमिका में देखकर मरीज, परिजन और अस्पताल स्टाफ में उत्साह देखा गया। वहीं मरीजों का उपचार करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि ओपीडी स्वास्थ्य सेवा की पहली सीढ़ी है। इसे मजबूत करने के लिए वे खुद मोर्चा संभाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब राज्य के हर जिले में वे क्रमवार ओपीडी में बैठेंगे, मरीजों से सीधा संवाद करेंगे और डॉक्टरों के मनोबल को बढ़ाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा की सभी जिला के सदर अस्पतालों में भी वे खुद बैठकर मरीजों का इलाज करेंगे। नया ओपीडी रोस्टर जल्द जारी होगा। डॉक्टरों की उपस्थिति, समय पालन और सेवा-भाव की सख़्त मॉनिटरिंग होगी। मरीजों की समस्याओं का समाधान मौके पर किया जाएगा। ओपीडी के बाद मंत्री ने अस्पताल की कई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और सीटी स्कैन, एमआरआई सहित सभी डायग्नोस्टिक सेवाएं तुरंत दुरुस्त करने को कहा। थ। वहीं उन्होंने दवा की कमी तुरंत दूर करने का भी निर्देश दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने सुपरिंटेंडेंट और डायरेक्टर को निर्देश दिया कि व्यवस्था सुधरें। उन्होंने कहा कि लोगों का विश्वास बढ़ना जरूरी है। उन्होंने कहा कि रिम्स को देश का सर्वश्रेष्ठ बनाना है। डॉ अंसारी ने कहा कि डॉक्टरों को सरकार वेतन और सम्मान दे रही है। फिर भी कोई डॉक्टर सरकारी ड्यूटी छोड़कर प्राइवेट प्रैक्टिस करेगा तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे डॉक्टर पहले सरकारी नौकरी छोड़ें, फिर निजी प्रैक्टिस करें। जनता के अधिकारों से खिलवाड़ नहीं चलेगा। मंत्री ने बताया कि लापरवाही, एक्सपायरी दवाइयों और आउटसोर्स कंपनियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। छह महीने में एक्सपायर होने वाली दवाइयों का स्टॉक भी मिलने पर कार्रवाई होगी। कई आउटसोर्सिंग कंपनियों को ब्लैकलिस्ट किया जा चुका है, मामले कोर्ट में लंबित हैं। नई, विश्वसनीय कंपनियों को चयनित करने की प्रक्रिया जल्द पूरी होगी। उन्होंने कहा कि सर्जरी, मेडिसिन, न्यूरो, ऑर्थो सहित सभी विभागों में खाली पदों का आकलन चल रहा है। बहुत जल्द बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की जाएगी। अस्पताल निरीक्षण के दौरान एंबुलेंस की खराब स्थिति देखकर मंत्री ने नाराजगी जताई और नई एंबुलेंस खरीदने की प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### 179 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ किया गया आयोजन



**रांची** : श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 179 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया राम सिया राम सिया राम जय जय राम के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मण्डल के निर्वतमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया एवं कार्यकारिणी सदस्य राजेश ढानढनिया ने अखण्ड ज्योति एवं पूजन के सभी कार्य सम्पन्न करवाएं। बलवंत लाल सुमन कुमारी नीलमणि ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। बलवंत लाल सुमन ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया गया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा सेवा मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवम राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर मण्डल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल कोषाध्यक्ष मनोज खेतान उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया उपाध्यक्ष अशोक लड़िया मंत्री पंकज गाड़ोदिया मंत्री विष्णु चौधरी उपमंत्री प्रवीण सिंघानिया राजेश ढानढनिया स्नेह पोद्दार रिषभ कुमार हर्ष कृष्णा अंकित कुमार आदि भक्त उपस्थित थे।

### डीसी ने सामान्य शाखा कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, लिपिक को शो-कॉज जारी




**रांची** : रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने आज समाहरणालय ब्लॉक-अ के सामान्य शाखा कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पता चला कि सामान्य शाखा में कार्यरत निम्न वर्गीय लिपिक प्रणय प्रतीक बिना किसी सूचना या अनुमति के ऑफिस से अनुपस्थित थे। इसे अनुशासनहीनता मानते हुए उपायुक्त ने उन्हें तुरंत कारण बताओ नोटिस जारी किया। उपायुक्त ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में अनुशासन, समय पर काम और जनता के प्रति जवाबदेही बिल्कुल जरूरी है। उन्होंने बताया कि आगे भी इसी तरह औचक निरीक्षण किए जाएंगे और किसी भी गड़बड़ी पर कड़ी कार्रवाई होगी।

### कुड़मी को एसटी में शामिल करने को लेकर समिति की महारैली 21 दिसंबर को



**रांची**: विलेज रिसोर्ट सुलुउजुड़ी, सिल्ली की बैठक में सर्वसम्मति से पारित किए गए निर्णय के अनुसार कुरमी/ कुड़मी (महतो) समन्वय समिति झारखंड बंगाल और ओडिशा के प्रमुख सदस्यों की बैठक डॉक्टर धनेश्वर मेहता के आवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व चिकित्सक रिम्स और तमाड़ निवासी डॉक्टर धनेश्वर मेहता ने की। बैठक में समिति के संयोजक लालचन महतो, कोर कमिटी के प्रमुख मथुर प्रसाद महतो, टाटीसिलवे निवासी कोंचो, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल प्रभारी निताई चन्द्र महतो, टाटीसिलवे निवासी और लोटा समिति के मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार और सेक्टर-2 धुर्वा निवासी दोड़पा झालदा शामिल थे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 21 दिसंबर 2025 को कुरमी अधिकार महारैली का आयोजन पतराहातु फुटबॉल मैदान में किया जाएगा। समिति के सदस्यों ने बताया कि महारैली का उद्देश्य टोटोमिक कुरमी/कुड़मी (महतो) को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने और भाषा को 8 वीं अनुसूची में शामिल करना शामिल है।

### 27 नवंबर को आजसू का 'शिक्षा के लिए भिक्षा आंदोलन' का आह्वान



**रांची** : अखिल झारखंड छात्र संघ ने राज्यभर में लंबित छात्रवृत्ति राशि की अविलंब भुगतान की मांग को लेकर आज रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में जनसंपर्क अभियान चलाया। संगठन द्वारा आगामी 27 नवंबर 2025 को प्रस्तावित 'शिक्षा के लिए भिक्षा आंदोलन' के समर्थन में छात्रों से जुड़ने की अपील की गई। आजसू के अनुसार, जनसंपर्क अभियान के दौरान छात्रों का भारी समर्थन देखने को मिला। संगठन का कहना है कि छात्रवृत्ति के लिए छात्रों को संघर्ष करना पड़े, यह शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। आजसू ने स्पष्ट कहा कि यदि छात्रवृत्ति की लंबित राशि तुरंत जारी नहीं की गई, तो राज्यभर के छात्र एकजुट होकर बड़े आंदोलन की ओर कदम बढ़ाएंगे .आंदोलन के प्रतीकात्मक कार्यक्रम के तहत छात्र एवं संगठन के सदस्य कटोरा लेकर सड़क पर उतरकर सरकार से यह प्रश्न करेंगे कि जब छात्रों को भिक्षा मांगने जैसी स्थिति में धकेल दिया जाए, तो विकास और शिक्षा के दावों का क्या महत्व रह जाता है।

# कोडरमा गौशाला पहुंचे झारखंड गो सेवा आयोग के अध्यक्ष, दो नवनिर्मित भवनों का किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** झारखंड गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद सोमवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर कोडरमा पहुंचे। दौरे के दौरान उन्होंने श्री कोडरमा गौशाला परिसर का भ्रमण किया और यहां संचालित विभिन्न गतिविधियों व चल रहे विकास कार्यों का विस्तार से निरीक्षण किया। गौशाला परिसर पहुंचने पर श्री कोडरमा गौशाला समिति के उपाध्यक्ष महेश दारूका ने अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर आयोग अध्यक्ष का स्वागत किया। इसके पश्चात आयोग द्वारा स्वीकृत 40 लाख रुपये की लागत से बने तीन बहुउद्देशीय हॉल में से दो नवनिर्मित भवनों का उन्होंने विधिवत उद्घाटन किया। बताया गया कि तीन में से एक हॉल का उद्घाटन पूर्व में ही आयोग अध्यक्ष द्वारा किया जा चुका था। निरीक्षण के दौरान आयोग अध्यक्ष ने गौशाला में संरक्षित गौवंश, उनके रखरखाव, चारे-पानी की व्यवस्था, उपचार केंद्र, निमार्णाधीन ढाँचों सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने संस्था द्वारा संचालित योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की क्रियाकलापों और संवेदनशीलता का सामंजस्य कोडरमा गौशाला में साफ दिखाई देता है। भविष्य में भी गौशाला की जरूरतों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर श्री कोडरमा गौशाला समिति के कार्यकारी सचिव जितेंद्र कुमार अरुण ने गौशाला की वर्तमान गतिविधियों, योजनाओं, उपलब्धियों और भविष्य की आवश्यकताओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में समिति के जिला पशु पालन पदाधिकारी डॉ अरविंद सिन्हा, महासचिव ओमप्रकाश खेतान, संजय अग्रवाल, मनोज केडिया, पवन चौधरी, सज्जन शर्मा, जामित खेतान,अनंत चंद्रा, सौरभ कुमार, रजनीश कुमार समेत समिति के कई पदाधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## बीएसएल के मन्नान अली ने राष्ट्रीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैम्पियनशिप में जीता रजत पदक




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस विभाग में इंजीनियरिंग एसोसिएट के रूप में कार्यरत मन्नान अली ने 35वीं राष्ट्रीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एवं इंक्लाइन बेंच प्रेस चैम्पियनशिप 2025-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इंक्लाइन बेंच प्रेस प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह राष्ट्रीय चैम्पियनशिप भारतीय स्ट्रेंथलिफ्टिंग फेडरेशन के तत्वावधान में सिक्किम स्ट्रेंथलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा 10 से 13 नवंबर, 2025 तक पलजोर स्टेडियम, गंगटोक में आयोजित की गई, जिसमें देशभर से अनेक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच श्री अली ने अपने उत्कृष्ट कौशल, तकनीक, शक्ति, अनुशासन और खेल-भावना का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया और रजत पदक अपने नाम किया। बीएसएल शीर्ष प्रबंधन ने उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उल्लेखनीय है कि बोकारो स्टील प्लांट सदैव अपने कर्मचारियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करता है तथा खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और फिटनेस पहल के माध्यम से प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करता है। मन्नान अली की यह उपलब्धि प्लांट के कर्मियों में निहित प्रतिभा और उसके सतत संवर्द्धन के प्रति बीएसएल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

## 22 नवंबर से 10 पंचायतों में सप्लाई पानी बंद, कर्मियों ने मांगा बकाया मानदेय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** जैनामोड़ ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत खुटरी स्थित पानी टंकी से होने वाली सप्लाई अब 22 नवंबर से ठप हो सकती है। जलापूर्ति व्यवस्था संभालने वाले आठ कर्मियों ने चेतावनी दी है कि जब तक उन्हें पांच महीने का बकाया मानदेय नहीं मिलेगा, वे पानी की आपूर्ति बंद रखेंगे। कर्मियों में सरयू महतो, अरुण मरांडी, विशेस्वर ठाकुर, सत्यम मिश्रा और मुकेश महतो समेत अन्य शामिल हैं। उनका कहना है कि दिन-रात मेहनत करने के बावजूद उन्हें महीनों से भुगतान नहीं मिला है। पंप हाउस की बिजली व्यवस्था भी खराब पड़ी है, फिर भी वे किसी तरह मशीन चलाकर नहर से पानी खींच कर खुटरी फिल्टर प्लांट भेजते हैं। कर्मियों ने बताया कि तुपकाडीह पंप हाउस समेत कई जगह मेन पाइपलाइन और घरेलू कनेक्शनों में भी लीकेज की समस्या बनी हुई है। वितरण पाइप करीब 50 स्थानों पर फट चुका है। हाल ही में सड़क मरम्मत के दौरान मशीन से पाइप दब जाने के कारण पानी सप्लाई और बाधित हो गई है। जब हम इसकी सूचना बहु पंचायत समिति को देते हैं, तब भी समस्या का समाधान नहीं होता, कर्मियों ने रोष जताया। कर्मियों ने कहा कि पानी बंद करना पाप है, लेकिन आर्थिक मजबूरियों के आगे वे विवश हैं। इस पर बहु पंचायत प्रमुख देवनारायण भगत ने स्वीकार किया कि कुछ कठिनाइयाँ हैं। उन्होंने कहा, मानदेय भुगतान की प्रक्रिया पर विचार चल रहा है, जल्द समाधान निकालने की कोशिश की जा रही है।



## राष्ट्रगान के साथ एमपीएल 2025 का भव्य आगाज, पहले मैच में दुर्गा सेना की शानदार जीत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** मारवाड़ी युवा मंच झुमरी तिलैया शाखा के तत्वाधान में आयोजित 3 दिवसीय एमपीएल 2025 का भव्य शुभारंभ जीनी स्पोर्ट्स एकेडमी में पूजा-अर्चना के साथ हुआ। भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष मंच के सदस्य एवं अतिथियों ने सामूहिक आरती की, जिसका नेतृत्व विजयकांत उपाध्याय ने किया। इसके पश्चात मंच के अध्यक्ष राहुल जैन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को मोबाइल से दूर कर आउटडोर खेलों की ओर प्रेरित करना है, ताकि वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। उद्घाटन समारोह में समाजसेवी प्रदीप छाबड़ा ने कहा कि मंच समाज सेवा के साथ-साथ खेल को भी बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ खेलने की अपील की। कार्यक्रम में अतिथियों को मैदान में सम्मानित किया गया। इसके बाद आठ टीमों के 64 खिलाड़ियों तथा उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गाकर टूनामेंट का औपचारिक शुभारंभ किया। आयोजन स्थल से मैचों का सीधा प्रसारण भी किया जा रहा है। उद्घाटन अवसर पर नरेन्द्र झांझरी, राज छाबड़ा, आशीष जैन, आशीष केडिया, रोटरी क्लब अध्यक्ष संतोष सिन्हा, संदीप सिन्हा, मंच सचिव अंकित केडिया, प.नि. राज पचीसिया, प्रतीक संघई, अतुल खेतान, शिवम पचीसिया, महाबीर खेतान, मोहित संघई, रितेश दुग्गड़, आशिष शर्मा, आयुष पोद्दार, संजय ठोल्या, अरविन्द चौधरी, चन्द्रशेखर जोशी, शैलेश दारुका, शुभम चौधरी, विपुल चौधरी, विकास जैन, पियुष सहल, प्रेरणा शाखा सचिव आकृति चौधरी, आर्ची जैन, कृती चौधरी, मोनिका जैन, सुरभि सिन्हा, महीमा बसंत आदि मौजूद रहे।

## चंदनकियारी में मुखिया संघ अनिश्चितकालीन धरने पर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** दो वर्षों से 15वें वित्त आयोग मद की राशि आवंटित नहीं होने से नाराज चंदनकियारी प्रखंड के मुखिया संघ ने मंगलवार को प्रखंड परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। धरना त्रिस्तरीय पंचायत जनप्रतिनिधियों के संयुक्त बैनर तले आयोजित किया गया। मुखिया संघ के अध्यक्ष अजय रजवार और प्रखंड प्रमुख निवारण सिंह चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा दो साल से राशि नहीं मिलने के कारण पंचायतों में विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़ गए हैं। जनता ने जिस उद्देश्य से जनप्रतिनिधियों को चुना, उस उद्देश्य की पूर्ति वित्तीय बाधा के कारण नहीं हो पा रही है। नेताओं ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं, लेकिन योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर नहीं होता। इसका जवाब जनता पूछती है, पर प्रतिनिधि असहाय महसूस करते हैं। मुखिया संघ ने ऐलान किया कि इस बार वे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि यदि बिना जनप्रतिनिधियों के ही कार्यक्रम सफल होता है, तो सरकार को हमारी जरूरत नहीं समझनी चाहिए। धरने में मुखिया संघ के सचिव वित्त सिंह, संतोष रवानी सहित सभी मुखिया उपस्थित रहे।



# डीपीएस बोकारो में फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित, नौनिहालों ने दिखाई प्रतिभा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने के साथ-साथ उनमें कलात्मक व रचनात्मक गुणों के विकास को लेकर दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो में फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यालय की प्राइमरी इकाई में आयोजित तीन-दिवसीय इस प्रतियोगिता का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। प्रतियोगिता में शामिल नन्हे छात्र-छात्राओं की मनोहारी वेशभूषा, उनकी सुंदर रूप-सज्जा, मासूम अदाकारी और तोतली जुबान में उनके संवाद-प्रेषण ने खूब लुभाया। लगभग साढे चार सौ बच्चों ने अलग-अलग समूहों में विभिन्न श्रेणियों के तहत अपनी प्रस्तुतियां देकर सबकी भरपूर सराहना बटोरीं। अलग-अलग स्वरूपों और पात्रों में ढलकर अपनी प्रस्तुतियों के जरिए नन्हे विद्यार्थियों ने भारत की सांस्कृतिक विविधता और अनेकता में एकता, प्रकृति एवं जीव-जंतुओं के संरक्षण तथा अच्छी सेहत का सुंदर संदेश दिया। प्रेप कक्षा की कुछ छात्राएं परियों की कहानियां लेकर आईं, तो कुछ बच्चे चींटी, मकड़ी सहित अन्य कीड़े-मकोड़े एवं रेंगने वाले जंतुओं का वेश धर मंच पर उतरे तथा सभी जीव-जंतुओं के संरक्षण का संदेश दिया। वहीं, कुछ प्रतिभागियों ने घर के साजो-सामान के रूप में खुद को प्रस्तुत कर सबकी महत्ता समझाई। नर्सरी कक्षा के प्रतिभागियों ने अलग-अलग कार्टून कैरेक्टर को दशार्या, फल-सब्जियों के वेश में अच्छी सेहत के लिए उनकी अहमियत समझाई और पशुओं के स्वरूप में पशु-संरक्षण का संदेश दिया। इसी प्रकार, पहली कक्षा के विद्यार्थी भगवान शिव, विष्णु, जगन्नाथ, बालाजी, महाकाली, देवी दुर्गा, सरस्वती, अर्द्धनारीश्वर सहित अन्य देवी-देवताओं के वेश में पहुंचे तथा आध्यात्मिक ऊर्जा को प्रदर्शित किया। कुछ प्रतिभागियों ने भारत के विभिन्न राज्यों की वेशभूषा के जरिए वहां की संस्कृति को दशार्या। इसके अलावा, विभिन्न खाद्य-वस्तुओं के रूप में उनकी खासियत बताई। आकर्षक परिधानों में बच्चों की अप्रतिम साज-सज्जा, उनकी और उनके अभिभावकों की मेहनत बयां कर रही थी। मौके पर बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में समूहवार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया।




## एक नजर

### बीडीओ ने ठंड को देखते हुए बिरहोर बच्चो को किये स्वेटर वितरण



**मरकच्चो :** ठंड को देखते हुए जिला समाज कल्याण विभाग कोडरमा की ओर से मुहैया कराए गए स्वेटर का वितरण दक्षिण पंचायत स्थित बिरहोर टोला आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच सोमवार को किया गया। इस दौरान 40 नोनिहालो के बीच दो दो सेट स्वेटर का वितरण बी डीओ मरकच्चो हुलास महतो ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजें। 3 से 6 वर्ष के जो भी बच्चे केंद्र में आते हैं उन्हीं के बीच स्वेटर वितरण किया जा रहा है। केंद्र से गर्भवती महिलाओं और धात्री महिलाओं को भी इसी तरह की सुविधा दी जाती है। प्रत्येक माह बच्चों का टीकाकरण, आयरन गोली का वितरण और रेडी टू इट पोषाहार का वितरण किया जाता है। लोगों को इसका लाभ लेना चाहिए। मौके पर सहायिका मोंती बिरहोरीन, सहिया दीदी रौशन खातुन समेत कई अभिभावक उपस्थित थे।

### हारे का सहारा खाटू श्याम है हमारा भव्य झांकी शोभा यात्रा निकाली गई



**जयनगर :** प्रखंड के परसाबाद बाजार में खाटू श्याम बाबा की भव्य झांकी निकल गई। पंजाब नेशनल बैंक के बगल में खाटू श्याम बाबा कार्यक्रम को लेकर दुर्गा मंडप में विधिवत पूजा अर्चना कर हाथों में खाटू श्याम बाबा का ध्वज निशान लेकर सभी महिला पुरुष बच्चे नगर भ्रमण झूमते नाचते गाते खाटू श्याम का जयकारा लगाते हुए राम जानकी मंदिर पहुंचे। भव्य शोभा यात्रा में जगह-जगह पर गाजे बाजे के राधा कृष्ण का नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस भव्य झांकी में बी एस भी उच्च विद्यालय के द्वारा विद्यालय के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इससे भव्य झांकी में झुमरी तिलैया से आए श्याम सेवा मंडल के तत्वाधान में पदाधिकारी एवं सदस्य गण का काफी सहयोग रहा। कोलकाता से आए कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक नृत्य संगीत एवं झांकी प्रस्तुत किया। इस भव्य कार्यक्रम में रोशन चावल एवं रवि चावला के द्वारा विशेष योगदान रहा। शोभायात्रा में शामिल जिला परिषद केदारनाथ यादव, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम सूरज सोनी, कुंदन मोदी, काफी संख्या में महिला पुरुष बच्चे ग्रामीण उपस्थित थे।

### मासिक क्राइम मीटिंग में एसपी हरविंदर सिंह ने दिए सख्त निर्देश

**बोकारो :** बोकारो पुलिस मुख्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह की अध्यक्षता में मासिक क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में हो रहे अपराधों की गहन समीक्षा की गई और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी हरविंदर सिंह ने कहा कि जिले में हो रहे चोरी, छिनतई और गृहभेदन जैसे आपराधिक मामलों के शीघ्र उद्भेदन पर विशेष जोर दिया जाए। लंबित कांडों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने तथा वारंटी और कुर्की मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिया। उन्होंने बढ़ती चोरी और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए नाइट पेट्रोलिंग को प्रभावी बनाने तथा दिन में सर्वेलेन्स बढ़ाने का भी आदेश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### पेटरवार गर्ल्स हाई स्कूल में चाइल्ड ट्रैफिकिंग के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बोकारो :** बोकारो जिला अंतर्गत पेटरवार प्रखंड के प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल पेटरवार में सहयोगिनी संस्था द्वारा सुरक्षित गांव कार्यक्रम के तहत गर्ल्स चाइल्ड ट्रैफिकिंग के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं, शिक्षकों के साथ ही समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कई गतिविधियाँ की गईं। इस दौरान प्रधानाध्यापिका भूमिका कुमारी ने छात्राओं को सचेत करते हुए कहा कि यदि गांव में कोई अनजान व्यक्ति आकर नौकरी का लालच देता है, तो तुरंत सतर्क हो जाएँ और कॉमिक बुक में दिए गए टोल-फ्री नंबर पर सूचित करें। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है।18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के की शादी होने पर तुरंत 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन पर कॉल करें। सहयोगिनी संस्था के समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि सुरक्षित गांव कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा या बच्ची तस्करी का शिकार न हो। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध स्थिति पर तुरंत टोल-फ्री नंबर पर कॉल कर सूचना दें, जिससे आरोपी को पकड़ा जा सके। कार्यक्रम के दौरान स्कूल की छात्राएं ललिता कुमारी, हिना प्रवीण, खुशनुमा प्रवीण, प्रिया कुमारी, माया कुमारी और आरती कुमारी ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल तस्करी रोकथाम का सशक्त संदेश दिया। स्कूल की शिक्षिका मंजू लकड़ा ने कहा कि पंचायत और गांव स्तर पर लगातार जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता है, ताकि हर परिवार और समुदाय इस गंभीर मुद्दे के प्रति संवेदनशील बने। सहयोगिनी संस्था की कार्यक्रम समन्वयक कुमारी किरण ने कहा कि मानव तस्करी, बाल विवाह और बाल मजदूरी को रोकने के लिए समाज के सभी वर्गों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यदि कोई बच्चा स्कूल छोड़कर होटल, प्रतिष्ठान, खदान, गैरेज या अन्य स्थानों पर मजदूरी करता पाया जाए, तो तुरंत भारत सरकार के टोल फ्री नंबर 1098 पर कॉल करें।

### चंदवारा छापेमारी करने गए उत्पाद की टीम पर ग्रामीणों ने मारपीट एवं गाड़ियों को क्षतिग्रस्त किया

**चंदवारा :** प्रखंड अंतर्गत तिलैया डैम ओपी क्षेत्र अंतर्गत कांटी गांव में अवैध शराब बिक्री को लेकर छापेमारी करने गए उत्पाद की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया है। जिसमें उत्पाद विभाग के कई पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट करते हुए उनकी गाड़ियों के शीशे फोड़ते हुए वाहन को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। मामले की जानकारी देते हुए उत्पाद विभाग के एस आई शिवसागर कुमार ने बताया कि बीती रात वे उत्पाद विभाग के अन्य कर्मियों के साथ दो वाहन में सवार होकर कांटी गांव में छापेमारी हेतु गए हुए थे। इस दौरान उन्होंने वहां पर अवैध शराब की बिक्री करने वाले दो लोगों को हिरासत में ले लिया, जिनमें बड़की धमराय निवासी अनिल महतो तथा धनुकी महतो के नाम शामिल थे। उन्होंने बताया कि उक्त दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार करने के पश्चात वे बरही थाना क्षेत्र के तिलैया बस्ती होते हुए कोडरमा आने हेतु आगे बढ़े। इस दौरान अंधेरा होने के कारण वे रास्ता भटक गए। इसी का फायदा उठाते हुए ग्रामीणों द्वारा गिरफ्तार लोगों को बचाने हेतु झूठी कहानी मढ़ते हुए हल्ला कर दिया गया कि गांव में चोर घुस आया है और बच्चा चोरी कर भाग रहा है। जिसके पस्चात हमलोग जिस ओर भी गाड़ी लेकर भागे, स्थानीय ग्रामीणों (गुड़ियों विजैया और तिलैया बस्ती के लोग) ने हमारे वाहनों पर पत्थर पर हमला कर दिया। जिसके पस्चात तिलैया बस्ती के निकट स्थानीय ग्रामीणों ने वाहन को घर लिया और पहले तो गिरफ्तार अपने साथी को छुड़ा ले गए। इसके पस्चात गाड़ी की तोड़फोड़ की और साथ ही साथ हमारे जवानों के साथ मारपीट करते हुए उनकी वर्दी तक फाड़ दी। जिसके पस्चात हमलोग किसी प्रकार से वहां से निकलने में सफल हुए। उन्होंने बताया कि चूंकि यह मामला बरही थाना क्षेत्र में घटित हुआ है इसलिए इस पूरी घटना को लेकर वे बरही थाने में लिखित आवेदन देने जा रहे हैं। वहीं इस घटना को लेकर हीरोडीह व गुड़ियों विजया के ग्रामीणों का कहना है कि बीती रात कोडरमा उत्पाद की टीम हमारे गांव में आकर बाजबरण पैसे की वसूली करने लगे। जिसका विरोध करने पर उनलोगों द्वारा ग्रामीणों के साथ मारपीट की जाने लगी। इधर बरही थाना प्रभारी विनोद यादव ने बताया कि उन्हें सूचना मिली है कि बीती रात यह घटना घटी है। हालांकि अभी तक आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है, आवेदन के पश्चात कार्रवाई की जाएगी।

### सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार का सफल संचालन हेतु बैठक किया गया




**मरकच्चो :** प्रखंड विकास पदाधिकारी मरकच्चो हुलास महतो की अध्यक्षता में प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार का सफल संचालन हेतु बैठक किया गया। इस योजना का मरकच्चो प्रखंड में तिथि 21/11/2025 से 15/12/2025 तक किया जाना है। दिनांक 21/11/2025 को बिरहोर टोला बरियारडीह में शिविर का आयोजन किया जाएगा।इस शिविर का उद्देश्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। बीडीओ द्वारा सभी विभाग के पदाधिकारी के साथ समीक्षा किया गया।सभी कर्मी एवं पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को शिविर के द्वारा लाभ देना सुनिश्चित करेंगे। इसमें सभी जन प्रतिनिधियों एवं क्षेत्र कर्मियों से अपील किया गया कि अपने अपने क्षेत्र में प्रचार प्रसार करेंगे। पूर्व में चले सरकार आपके द्वार योजना के सभी लंबित आवेदनों को संबंधित कर्मी से अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

### आरपीवाई बीएड कॉलेज में तीन दिवसीय इंडक्शन मीट का हुआ आयोजन

**कोडरमा :** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मंगलवार को महाविद्यालय के आइक्युएसी के तत्वधान में तीन दिवसीय इंडक्शन मीट कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम 20.11.2025 तक चलेगा। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार व सहायक प्राधायपकों द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन सहायक प्रधायापक डॉ. संजीव कुमार ने किया। प्रशिक्षुओं का स्वागत सत्र 2024-26 के प्रशिक्षुओं अंशु, सोनाली, रौशनी व प्रीति ने स्वागत गीत के साथ किया। तत्पश्चात सभी नवप्रशिक्षुओं से परिचय लिया गया। वहीं स्वागत भाषण के रूप में सहायक प्राध्यापक राजेश पांडेय ने नए सत्र के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के नियम-परिनियम को विस्तार से समझाया। साथ ही बीएड के महत्व और आने वाले समय में इसके उपयोग को भी प्रशिक्षुओं को अवगत कराया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने नए प्रशिक्षुओं से कहा कि, आप सभी अब एक नई दिशा की ओर प्रवेश कर चुके हैं, और ये दिशा एक ऐसी दिशा है जिसमें आप आने वाले समय में शिक्षक बनकर बच्चों के भविष्य को संवारने के साथ-साथ आप नई पीढ़ी को देश को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी देंगे।

# धान काटने जा रही महिलाओं से भरा टेम्पू पलटा, एक की मौत, दस घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** ईचागढ़ थाना के पिलीद गांव निवासी 21 वर्षीय संतोषी मछुआ की टेम्पु पलटने से इलाज के दौरान मोत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सीमावर्ती क्षेत्र सोनाहातु थाना के तिलाईपीढ़ी मोड़ के समीप मंगलवार सुबह करीब 10 बजे एक टेम्पू अनियंत्रित होकर सड़क के बाहर पलट गयी। टेम्पू में करीब 11 महिलाएँ सवार थी और सभी ईचागढ़ थाना क्षेत्र के पिलिद गाँव के महिला धान काटने का कार्य हेतु टेम्पू से सवार हो कर सोनाहातु थाना क्षेत्र के बारेंदा गांव जा रहे थे। टेम्पू पलटने से सभी महिला घायल हो गए, जिसका प्राथमिक उपचार हेतु पांच महिला को एम्बुलेंस से मूरी स्थित निजी नर्सिंग होम भेजा गया। और बाकी 6 घायलों को मिलन चौक स्थित निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। वही गंभीर रूप से घायल संतोषी मछुवा,उम्र- 21 वर्ष की इलाज के दौरान मौत हो गई। टेम्पु पलटने से लखीमनी देवी 61 वर्ष, सरिता महतो 18वर्ष का पैर में गंभीर चोट है। साथ ही सोमबारी देवी,पार्वती देवी,आसंती देवी और कमला स्वांसी गंभीर रूप से घायल हो गए है जिसका इलाज निजी नर्सिंग होम में चल रहा है बाकि अन्य घायलों को अस्पताल से छुट्टी दे दिया गया है। समाजसेवी दिलीप कुमार दास ने बताया कि सभी महिला पीलीद गांव के थे और धान काटने बारेंदा गांव जा रहे थे। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायलों का इलाज निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। उन्होंने मृतक के परिजनों को मुआवजा देने का मांग किया है।

## एक नजर

### पति की रस्सी से गला घोंटकर हत्या करने वाली महिला गयी जेल

**पलामू :** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के आसेहार गांव के टिटहिया टोला में 16 नवंबर की रात शराब पीने को लेकर हुए विवाद में पत्नी ने पति की रस्सी से गला घोटकर हत्या कर दी। महिला को घटना के बाद गिरफ्तार किया गया और मंगलवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। महिला की पहचान रंजू देवी पति उदय यादव के रूप में हुई है। घटनास्थल से पुलिस को घटना में इस्तेमाल नायलॉन की रस्सी और आरोपित का मोबाइल फोन मिला है। एसपी के अनुसार 16 नवंबर की देर रात पांकी थाना प्रभारी राजेश रंजन को सूचना मिली थी कि आसेहार के टिटहिया टोला में एक महिला ने अपने पति की गला दबाकर हत्या कर दी है। सूचना के सत्यापन के बाद कार्रवाई की गयी और आरोपित महिला रंजू देवी को गिरफ्तार किया गया।

### सुनिल महतो हत्याकांड का मुख्य आरोपित गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम :** जिले के चाकुलिया थाना क्षेत्र में 16 नवंबर को हुई सुनिल महतो की हत्या का पुलिस ने मंगलवार को खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपित नीरज बेरा को पश्चिम बंगाल के झारग्राम बाजार स्थित न्यू रेणु लॉज से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचने की कोशिश कर रहा था, लेकिन तकनीकी और मानवीय इनपुट के आधार पर पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने नीरज बेरा की गिरफ्तारी के बाद उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त मिट्टी लगा लोहे का रॉड, मृतक का रियलमी मोबाइल फोन, होंडा एसपी 125 मोटरसाइकिल (नंबर जेएच05डीसी-5369), चाभी और खून लगे कपड़े बरामद किया।

## 80 वर्षीय महिला की कुएं में डूबने से हुई मौत

ईचागढ़ : तिरुलडीह थाना क्षेत्र के चोकेगाड़िया गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां शौच के लिए निकली 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला की कुएं में डूबने से मौत हो गई। मृतका की पहचान बटन मांझी, पति स्व. लाल मांझी, निवासी चोकेगाड़िया के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह शौच के लिए निकली बटन मांझी का पैर फिसल गया, जिससे वे सीधे पास स्थित कुएं में गिर गईं। गहरे कुएं में गिरने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने तिरुलडीह पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर तिरुलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद शव को कुएं से बाहर निकाला और पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने बताया कि लाश को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है एवं मामले की तहकीकात किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु का पता चल पाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर मुरी में चला वाहन चेकिंग अभियान



**मुरी :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रांची राकेश रंजन के निदेर्शानुसार मुरी पुलिस ने मंगलवार को झारखंड मोड़ पर दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया। वाहन चेकिंग के दौरान सभी गाड़ियों का इंश्योरेंस पॉल्यूशन, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट आदि कागजात चेकिंग किया गया इस दौरान सभी को हिदायत देकर छोड़ दिया गया वही मुरी ओपी प्रभारी राहुल कुमार मेहता ने कहा कि यह चेकिंग अभियान हमेशा चलता रहेगा चेकिंग के दौरान क्षेत्र में गतिविधि बनाए रखना साथ ही साथ आसामाजिक व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी जाएगी।

### चौड़ा के पूर्व मुखिया देवनाथ साव का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



**ईचागढ़ :** कुकडू प्रखंड के तिरुलडीह निवासी और चौड़ा पंचायत के भुतपूर्व मुखिया देवनाथ साव (93) का मंगलवार रात देहांत हो गया। रांची स्थित रामकृष्ण अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। वे रांची में अपने बेटे के साथ रहते थे। बुधवार को उनका पार्थिव शरीर तिरुलडीह लाया गया, जहां तिरुलडीह सुवर्णरेखा नदी तट पर विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया गया। निधन की खबर से पूरे तिरुलडीह और चौड़ा पंचायत क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। देवनाथ साव अविभाजित बिहार के दौरान 1974-1979 और 1979-1984 तक दो कार्यकाल के लिए तत्कालीन चौड़ा पंचायत के मुखिया रहे। वर्ष 1984 के बाद लंबे समय तक पंचायत चुनाव नहीं होने की वजह से वे करीब 20 वर्षों तक अनौपचारिक रूप से क्षेत्र के लोगों के बीच मुखिया की भूमिका निभाते रहे। पूर्व जिप उपाध्यक्ष और देवनाथ साव के भागना अशोक साव उर्फ माझी साव ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि देवनाथ साव के द्वारा किए गए कार्यों को लोग कभी भूल नहीं सकेंगे। उनका जीवन और उनकी सेवाएं हमेशा लोगों के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगी।

### पटमदा व बोड़ाम के सभी लेम्पस में गेहूं बीज का वितरण शुरू



**पटमदा :** पटमदा और बोड़ाम प्रखंड के चार लेम्पस में गेहूं बीज की एनएससी और हिल ब्रांड का बीज उपलब्ध करवाया गया है। पटमदा प्रखंड के मुख्य लैम्पस पटमदा और अन्य बांगुडदा, गोबरघूसी वही बोड़ाम प्रखंड के बोड़ाम लैम्पस में किसानों के लिए गेहूं की उन्नत किस्म की बीज सरकार के द्वारा उपलब्ध करवाया गया हैं। जानकारी देते हुए पटमदा लैम्प्स के सचिव रामपद महतो ने बताया कि किसानों के बीच गेहूं बीज का वितरण शुरू कर दिया गया है। वही किसानों के लिए अन्य लैम्प्स शाखा में भी उचित मूल्य पर गेहूं बीज उपलब्ध है। किसान अपने पोषक क्षेत्र के लैम्प्स से बीज लेना सुनिश्चित करेंगे। ताकि सभी किसानों को बीज उपलब्ध हो सके।

## श्री सारण्या फाउंडेशन ने पांच नेत्रहीनों को दिया डिजिटल स्टीक





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के पटमदा पंचायत में दो और कमलपुर पंचायत में तीन कुल पांच नेत्रहीन लोगों के बीच जमशेदपुर की संस्था श्री सारण्या फाउंडेशन के द्वारा डिजिटल स्टीक सौंपा गया। जानकारी देते हुए संस्था के धवल सेठ ने बताया कि संस्था के द्वारा सुदूरग्रामीण क्षेत्र के वैसे लोग जो पूर्ण रूप से नेत्रों से देखने में असमर्थ हैं। वैसे लोगों के बीच हमारी संस्था के द्वारा डिजिटल स्टीक जिसमें सेंसर लगा हुआ हैं। जिसको लेकर चलने से आगे किसी प्रकार का वस्तु या रुकावट रहने पर संकेत बजना शुरू हो जाता हैं। इस दौरान कार्यक्रम में संस्था के धवल सेठ, बी सूर्या राव, समाजसेवी पूर्ण सिंह, पटमदा मुखिया परमेश्वर सिंह, कमलपुर मुखिया जमीनी बेसरा, कैलाश महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## तिलाबानी-रेहाटांड जंगल में लकड़बग्घे की मौजूदगी से दहशत, मुखिया ने की सतर्क रहने की अपील

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया :** सरिया प्रखंड के तिलाबानी एवं रेहाटांड जंगल क्षेत्र में एक लकड़बग्घे को देखे जाने की सूचना से स्थानीय ग्रामीणों में भय का वातावरण व्याप्त हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार सोमवार व मंगलवार को जंगल के नजदीक लकड़बग्घा घूमता हुआ देखा गया, जिसके बाद लोगों में चिंता बढ़ गई है। पंचायत के मुखिया अजय यादव ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए ग्रामीणों से सजग एवं सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जंगल या सुनसान क्षेत्रों में अकेले न जाएं, विशेषकर शाम के बाद। पशुपालकों को भी अपने मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर रखने की सलाह दी गई है। साथ ही जंगल किनारे वाले खेतों में धान काटने के लिए अकेले ना जाने की अपील की है। मुखिया अजय यादव ने वन विभाग को भी मामले की जानकारी देने की बात कही एवं संबंधित अधिकारियों से आवश्यक कदम उठाने की मांग की। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और वन विभाग की टीम को जल्द से जल्द जंगल क्षेत्र का निरीक्षण करना चाहिए।ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए तो दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से क्षेत्र में गश्ती बढ़ाने तथा सुरक्षा उपाय करने की मांग की है। इन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे जंगल या सुनसान क्षेत्रों में अकेले न जाएं,बच्चों और मवेशियों को सुरक्षित रखें। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें,वन विभाग के निदेर्शों का पालन करें। वहीं इस बाबत वन परिसर पदाधिकारी आंशु पाण्डेय ने कहा कि लकडबग्घे कुदर के घने जंगलों में है। शायद वो बिछडकर ईधर आ गया है। लोग सावधान रहें वो पुनः अपने आशियाना की ओर लौट जायेगा। सभी ग्रामीण आवश्यक सावधानी बरतें।

## बानो में ट्रैक्टर मालिकों का बड़ा फैसला अनिश्चितकालीन बालू ढुलाई बंद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बानो :** प्रखंड में मंगलवार को बालू ट्रैक्टर संचालकों की हुई विशेष बैठक। बैठक में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्र के ट्रैक्टर वाहन संचालक भाग लिए। प्रशासनिक पदाधिकारी के द्वारा बालू ट्रैक्टर के विरुद्ध लगातार कार्रवाई को लेकर ट्रैक्टर मालिकों में रोष, नाराजगी बात करते हुए सभी वाहन मालिकों ने कहा कि बानो प्रखंड क्षेत्र में विकास कार्य हेतु सड़क, पुल-पुलिया गार्डवाल, भवन सहित कई सरकारी योजनाएं चल रही हैं साथ ही सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जैसे अबुआ आवास और प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना अंतर्गत आवास बनाए जा रहे हैं। बिना बालू के कंस्ट्रक्शन कार्य असंभव है। एक तरफ आवास सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के निर्माण को जल्द पूर्ण करने का टारगेट आवास के लाभुकों व निर्माण कार्य कर रही एजेंसी व संवेदकों को दिया जाता है। आवास बनाने के लिए आवास के लाभुक, पंचायत क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक पदाधिकारी बालू गिराने की बात करते हैं वहीं दूसरी ओर जब ट्रैक्टर मालिक बालू गिरने का कार्य करते हैं तो प्रशासन के द्वारा पकड़ कर जप्त करते हुए केस कर दिया जाता है और ट्रैक्टर मालिकों को अनावश्यक परेशान किया जाता है। 15 दिन के अंदर बानो थाना क्षेत्र में कुल 09 ट्रैक्टरों को पकड़ कर जप्त करते हुए केस कर दिया गया जिससे ट्रैक्टर मालिक काफी नाराज हैं और उन्होंने अनिश्चितकालीन बालू ढुलाई बंद करने का निर्णय लिया है। बालू ट्रैक्टर मालिकों ने जिले प्रखंड सह अंचल प्रशासन और जिले के उपायुक्त महोदया से गुहार लगाते हुए कहा कि इस मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए इस पर पहल करते हुए उचित निर्णय लिया जाए। मालूम हो कि कई ट्रैक्टर मालिकों का रोजगार इसी से जुड़ा हुआ है। एक ट्रैक्टर के संचालित होने से कुल पांच परिवारों को रोजगार मिलता है। ट्रैक्टर जप्त होने से बालू की ढुलाई बंद हो गई है जिससे कई परिवार बेरोजगार हो गए हैं।

## शिक्षक की असामयिक मृत्यु से क्षेत्र में शोक की लहर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मुरी/सिल्ली :** आर टी सी पब्लिक स्कूल सिंगपुर मुरी में शिक्षक विशम्बर महतो के असामयिक मृत्यु से विद्यालय परिवार एवं आस पास के ग्रामीणों में शोक की स्थिति देखी गई। वे विद्यालय में विगत 15 वर्षों से शिक्षण सेवा दे रहे थे। गणित एवं संस्कृत भाषा में उनकी पकड़ बहुत मजबूत थी। वे विद्यालय के छात्रावास में रहते थे। रात के 1 बजे उन्हें सीने में दर्द उठा, अपने साथ रह रहे शिक्षकों के साथ वे चल कर ही बगल के सिंगपुर नर्सिंग होम पहुंचे और अचानक हार्ट अटैक आने से रात 1:30 बजे उनकी मृत्यु हो गई। इनके निधन से विद्यालय को एक सदस्य सह शिक्षक की कमी खलेगी, जिसकी क्षतिपूर्ति हो पाना मुश्किल है। उनका मूल निवास ग्राम बारेडीह, थाना सिल्ली है। अपने पीछे वे पत्नी, एक पुत्री और एक पुत्र को छोड़ गए। उनकी चिता को उनके पुत्र राजू महतो ने बारेडीह गांव के स्वर्णरेखा तट पर मुखाग्नि दी। इस दुखद समय में पूर्व सांसद रांची राम टहल चौधरी ने विद्यालय के लिए हृदयविदारक घटना बताए तथा पीड़ित परिवार को ढाढस बंधाए। निदेशक शोभाराम महतो इस घटना से मर्माहत दिखे, इस घटना को विद्यालय के लिए तथा परिवार के लिए अविश्वसनीय क्षति बताए। विद्यालय के प्राचार्य तुलसीदास महतो, प्राचार्या सुषमा देवी, उप प्राचार्य धर्मेंद्र पांडे, टेकलाल महतो, बीरेंद्र महतो, कामदेव महतो सभी खबर मिलते ही हॉस्पिटल पहुंचे और परिवार के अन्य सदस्यों को सूचना दिए और परिवार के सदस्यों को ढाढस बंधाए। विद्यालय के सभी छात्र - छात्राएं अपने नम आँखों से मौन धारण कर उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की, जिसके बाद स्कूल को एक दिन के लिए अवकाश घोषित किया गया।

## विधायक पूर्णिमा साहू ने बमामाईंस में 43 लाख की योजनाओं का शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बमामाईंस में मंगलवार को विधायक पूर्णिमा साहू ने लगभग 43 लाख रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। लगातार दूसरे दिन जारी इस विकास कार्यों के शिलान्यास से क्षेत्र में आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। शिलान्यास की गई योजनाओं में बमामाईंस भक्तिनगर में मुख्य मार्ग के दोनों ओर पेवर्स ब्लॉक अधिष्ठापन एवं पौधरोपण के साथ सौंदर्याकरण, श्री राम आश्रम परिसर में तार बाउंड्री और लोहे के स्थायी गेट का निर्माण, हिन्द आश्रम की बाउंड्री वॉल का मरम्मतिकरण, मनीफीट उड़िया बस्ती में सार्वजनिक कुएँ का सौंदर्याकरण समेत मनीफीट उड़िया बस्ती में सड़कों के निर्माण कार्य शामिल हैं। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने भी विधायक पूर्णिमा साहू की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि लंबे समय से लंबित कई समस्याओं का समाधान अब धरातल पर दिखने लगा है। मौके पर लोगों ने उनके समक्ष क्षेत्र की अन्य समस्याओं को भी रखा। इस अवसर पर विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि जनहित के सभी आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। बमामाईंस समेत पूरे विधानसभा क्षेत्र में जिन समस्याओं की जानकारी मिली है, उन्हें सूचीबद्ध किया गया है और आने वाले दिनों में चरणबद्ध तरीके से उन्हें पूरा किया जाएगा। इस दौरान विधायक पूर्णिमा साहू ने संवेदकों से बात की और कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि विधानसभा का प्रत्येक मोहल्ला एवं प्रत्येक बस्ती क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से जुड़े, इसके लिए वे पूरी प्रतिबद्धता से प्रयासरत रहेंगी। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव, भाजपा बमामाईंस मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक झा, पप्पू सिंह, रितेश झा, शशि सिंह, छोटु पांडेय, पिंटु रजक, पंकज राय, अजीत सिंह, नितेश सिंह, गौरी शर्मा, रवि यादव, देवलाल रजक समेत बड़ी संख्या में स्थानीय महिला एवं बस्तीवासी मौजूद रहे।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची।

अति अल्पकालिन निविदा सूचना –39/2025–26

1) विभाग का नाम : पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, रॉची पूर्व रॉची।
3) परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय : 24.11.2025 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 25.11.2025 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 25.11.2025 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, रॉची अंचल, रॉची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान : 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची।
8) कार्य विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्रा० राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु० में) | परिमाण वि० का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Supply & Installation of 2000 LPH Iron and Turbidity Removal filtration plant with Multiport Valve & necessary water supply pipe line and its allied work and Repairing & Overhauling of 2000 LPH Reverse Osmosis Water Treatment Filteration Plant at State Library Ranchi, Jharkhand under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi. | 16,67,219.00 | 33400.00 | 5000.00 | 30 Days |
| 2 | Construction of 2 Nos. of toilet for gents & 2 Nos. of toilet for ladies with all arrangment of water supply and sewerage including construction of septic tank and soak pit near magzine gaurad Jharkhand Armed police-5, Mohanpur ,Under D. W. & S. Division Ranchi East, Ranchi. | 13,63,768.00 | 27300.00 | 2500.00 | 30 Days |

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in
Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com
PR 366341 (Drinking Water and Sanitation) 25-26 (D)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व० प्र० रॉची पूर्व रॉची।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय रामगढ़
Email:- sp-ramgarh@jhpolice.gov.in

आवश्यक सूचना
सर्वसाधारण के लिए सूचना
प्रारूप सं0–4
अभियुक्त व्यक्ति की हाजरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
(धारा 84 देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **रविन्द्र कुमार भार्मा, उम्र–करीब 36 वर्ष, पिता–श्याम सुंदर शर्मा सा0 –बाद, थाना–गोरारी, जिला–रोहतास(बिहार)** ने भारतीय दण्ड संहिता धारा–323/498(A) 504/34 भा0द0वि0 एवं 3/4 दहेज प्रति0 अधि0 के अधीन दंडनीय संज्ञेय, अपराध किया है और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त रविन्द्र कुमार शर्मा मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में यह दर्शित कर दिया गया है कि रविन्द्र कुमार शर्मा फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामिला से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि पतरातु थाना कांड सं0–174/2024 दिनांक–28.06.2024, धारा– 323/498(A)/504/34 भा0द0वि0 एवं 3/4 दहेज प्रति0 अधि0 के अभियुक्त रविन्द्र कुमार शर्मा, उम्र–करीब 36 वर्ष, पिता– श्याम सुंदर शर्मा सा0– बाद, थाना–गोरारी, जिला–रोहतास (बिहार) से अपेक्षा की जाती है कि वह माननीय न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उतर देने के लिए (स्थान) मे व्यवहार न्यायालय, रामगढ़ में **तारीख –05.12.2025** को हाजिर हो।

**तिथी– 03.11.2025**
(न्यायालय का मुहर)

आलोक सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी
रामगढ़।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि फरार रविन्द्र कुमार भार्मा, उम्र–करीब 36 वर्ष, पिता–श्याम सुंदर शर्मा, सा0–बाद, थाना–गोरारी, जिला–रोहतास (बिहार) कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रामगढ़ /श्री आलोक सिंह, न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी, रामगढ़, झारखण्ड न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।

**पुलिस अधीक्षक रामगढ़ मो0 नं0–9431706113**
**थाना प्रभारी पतरातु, जिला–रामगढ़ मो0 नं0–9431706322**

पुलिस अधीक्षक,
रामगढ़।

PR.NO.366241 Police(25-26):D

# बांग्लादेश के निर्माण में इंदिरा गांधी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी

देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री बनने का इंदिरा गांधी को सौभाग्य प्राप्त हुआ था। भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में अपने दादा मोतीलाल नेहरू से प्रेरणा प्राप्त कर एक बालिक सैनिक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उनकी इस भूमिका की बेहद तारीफ की थी। देश की आजादी के बाद उन्हें अपने पिता देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के सांनिध्य रहकर राजनीति सीखने का अवसर प्राप्त हुआ था। उनके ही अपने पिता के प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में साथ कई देशों का दौरा करने का भी अवसर प्राप्त हुआ था। फलस्वरुप उन्हें विदेश की राजनीतिक समझ बहुत ही कम उम्र में आ गई थी। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री बनने पर यह समझ बहुत काम आई थी। भारत में इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री बनने पर स्त्री नवजागरण की दिशा में एक सार्थक पहल कहा जाता है। चूंकि भारत में वर्षों से पर्दा प्रथा चली आ रही थी। ज्यादातर स्त्रियों को चूल्हा चौकी तक ही सीमित रखा जाता था। इस कारण समाज का लड़कियों की शिक्षा पर ज्यादा जोर नहीं हुआ करता था। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री बनने पर भारतीय महिलाओं के बीच एक नवजागरण का शव अंकुरण हुआ, जो बाद के कालखंड में इसका बहुत तेजी से विस्तार हुआ। आज भारत की राजनीति में भारतीय महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। नारी वंदन अधिनियम भी वर्तमान सरकार द्वारा पारित कर दिया गया है। यह सब नारी नव जागरण की एक कड़ी है। जिसकी शुरूआत आजादी से पहले हमारे देश की कई वीरांगनाओं ने शुरू किया था। इंदिरा गांधी ने देश की वीरांगनाओं द्वारा नारी नवजागरण की दिशा में शुरू किए गए आंदोलन को एक नई गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ऐसे इंदिरा गांधी का राजनीति में उनका जीवन बहुत ही विवादों से भरा रहा था। लेकिन उन्होंने अपने निजी जीवन को कभी अपने प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल पर हावी होने नहीं दिया बल्कि एक आयरन लेडी की तरह आगे बढ़ती रही थीं। देश के विपक्षी नेता गण उन पर सदैव तानाशाह होने का आरोप लगाते रहे थे। इंदिरा गांधी अपनी सत्ता बचाने के लिए 25 जून 1975 को देश में इमरजेंसी लगा दी थी। इमरजेंसी लगाने का कलंक सदा उनके माथे पर लगा रहा। इन तमाम विरोधाभासों के बीच देश की जनता ने एक बार फिर उन्हें प्रधानमंत्री बनने का अवसर प्रदान किया था। इंदिरा गांधी जन्म 19 नवंबर 1917 एवं 31 अक्टूबर 1984 के दिन उनके अंगरक्षक ने ही उनकी न्यूनतम हत्या कर दी थी। वह 1966 से 1977 तक लगातार तीन पारी के लिए भारत गणराज्य की प्रधानमंत्री रही थी उसके बाद इंदिरा गांधी चौथी पारी में 1980 से लेकर 1984 में उनकी राजनैतिक हत्या तक भारत की प्रधानमंत्री रहीं। ध्यातव्य है कि पाकिस्तान अलग देश निर्माण के बाद ही भारत के खिलाफ षड्यंत्र रचता रह रहा था । आजादी के तुरंत बाद उसने भारत के विरुद्ध आक्रमण बोल दिया था। जम्मू कश्मीर को हथियाने ने के लिए पाकिस्तान ने भीषण युद्ध की शुरूआत कर दी थी। लेकिन तत्कालीन देश के गृहमंत्री और प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में उस युद्ध में पाकिस्तान को परास्त कर दिया गया था। इस हार के बावजूद पाकिस्तान सदैव भारत के खिलाफ षड्यंत्र रचता रहा था। इसलिए जरूरी हो गया था, पाकिस्तान को कमजोर करना। इस दिशा में इंदिरा गांधी ने अपने प्रधानमंत्रित्व तो काल में पाकिस्तान को दो देशों में विभक्त में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ऐसा कर उन्होंने पाकिस्तान की ताकत को कमजोर कर दी। ऐसा कर उन्होंने विश्व स्तर पर एक कूटनीति के जीत दर्ज की थी। उनका संपूर्ण राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम हुआ था। सर्व विदित है कि बांग्लादेश के निर्माण में इंदिरा गांधी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण थी।

## सूडोकु नवताल- 7618

★✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7617 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

# उपेक्षित संवेदनाओं और अनदेखें संघर्षो का सच

ललित गर्ग

महिला दिवस की तर्ज पर ही पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस भी मनाया जाने लगा है। पहला अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस 1999 में 19 नवंबर को डॉ. जेरोम टीलकसिंह ने त्रिनिदाद और टोबैगो में मनाया था। दुनिया के 30 से अधिक देशों में यह दिवस मनाया जा रहा है। यह केवल पुरुषों का उत्सव नहीं, बल्कि बदलते सामाजिक परिदृश्य में उनकी स्थिति, संघर्षों और मनोभावों को समझने का मौका है। जैसे स्त्रियाँ वर्षों से असमानता, उपेक्षा और अन्याय के बोझ से जूझती रही हैं, वैसे ही आज पुरुष भी कई स्तरों पर अपने शोषण एवं उत्पीडित होने की बात उठा रहे हैं। महिलाओं की ही भांति अब पुरुषों पर भी उपेक्षा, उत्पीड़न एवं अन्याय की घटनाएं पनपने की बात की जा रही है। वे भी दबाव, अवसाद और सामाजिक पूर्वाग्रहों का सामना कर रहे हैं। दुर्भाग्य यह है कि पुरुषों की पीड़ा, उनके संघर्ष और उनकी संवेदनाएँ उतनी चर्चा का विषय नहीं बनते, जितना कि वे बनना चाहिए। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि समाज केवल स्त्रियों से ही नहीं, पुरुषों से भी बनता है और किसी एक की उपेक्षा पूरे संतुलन को बिगाड़ देती है। 2025 के लिए इस दिवस की थीम "पुरुषों और लड़कों का उत्सव" है।

आज का पुरुष बदलते समय के साथ एक दोहरी चुनौती से जूझ रहा है-एक ओर उससे पारंपरिक भूमिकाओं को निभाने की अपेक्षा की जाती है, दूसरी ओर नये सामाजिक ढाँचों में भावनात्मक रूप से अधिक संवेदनशील, सहयोगी और सहचर होने का दबाव है। संघर्ष यह है कि इस परिवर्तन में उसकी पीड़ा, द्वंद्व और टूटन को गंभीरता से नहीं सुना जाता। उसे मजबूत, कठोर और समस्यारहित मान लेने का भ्रम उसकी वास्तविक जरूरतों को छिपा देता है। यही कारण है कि आधुनिक पुरुष स्वयं को कई बार दोयम दर्जे की स्थिति में पाता है-एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसे समाज जिम्मेदारी तो देता है, पर अधिकार और संवेदना नहीं। पुरुषों पर हो रहे अत्याचारों की अनदेखी भी चिंताजनक है। घरेलू हिंसा, झूठे मुकदमे, अभिभावकत्व के अधिकारों से वंचित होना, मानसिक प्रताड़ना, कार्यस्थलों पर उत्पीड़न-ये सब वास्तविक समस्याएँ हैं, जिन्हें अक्सर मजाक या अतिशयोक्ति कहकर टाल दिया जाता है। पुरुष के दर्द को "मर्द को दर्द नहीं होता" जैसी रूढ़ि निगल जाती है। जबकि सच यह है कि भारत में पुरुष भी आत्महत्या, अवसाद और मानसिक दबाव के शिकार बन रहे हैं। कई रिपोर्टों में यह तथ्य सामने आया है कि अवसाद और आत्महत्या के मामलों में पुरुषों की संख्या महिलाओं की तुलना में अधिक है, पर इस पर चर्चा समाज की प्राथमिकता नहीं बनती। यह उपेक्षा न केवल अमानवीय है, बल्कि समाज के संतुलन को खतरे में डालने वाली भी है।




कुछ वर्ष पूर्व भारत में सक्रिय अखिल भारतीय पुरुष एशोसिएशन ने भारत सरकार से एक खास मांग की कि महिला विकास मंत्रालय की भांति पुरुष विकास मंत्रालय का भी गठन किया जाये। इसी तरह यूपी में भारतीय जनता पार्टी के कुछ सांसदों ने यह मांग उठाई थी कि राष्ट्रीय महिला आयोग की तर्ज पर राष्ट्रीय पुरुष आयोग जैसी भी एक संवैधानिक संस्था बननी चाहिए। इन सांसदों ने इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा था। पत्र लिखने वाले एक सांसद हरिनारायण राजभर ने उस वक्त यह दावा किया था कि पत्नी प्रताड़ित कई पुरुष जेलों में बंद हैं, लेकिन कानून के एकतरफा रुख और समाज में हंसी के डर से वे खुद के ऊपर होने वाले घरेलू अत्याचारों के खिलाफ आवाज नहीं उठा रहे हैं। प्रश्न है कि आखिर पुरुष इस तरह की अपेक्षाएं क्यों महसूस कर रहे हैं? लगता है पुरुष अब अपने ऊपर आघातों एवं उपेक्षाओं से निजात चाहता है। तरह-तरह के कानूनों ने उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाया है। जबकि आज बदलते वक्त के साथ पुरुष अब अधिक जिम्मेदार और संवेदनशील हो चुका है। कई युवा पुरुष समाज-निर्माण की बड़ी जिम्मेदारियों को उठा रहे हैं और अपनी काबिलीयत व जुनून से यह साबित भी कर रहे हैं।

समाज हमेशा पुरुष से अपेक्षा करता है कि वह परिवार की रीढ़ बने, आर्थिक व भावनात्मक उत्तरदायित्व निभाए, कठिनाई में ढाल की तरह खड़ा रहे। लेकिन जब वही पुरुष कमजोर पड़ता है, टूटता है, या न्याय चाहता है, तो वह उपेक्षित कर दिया जाता है। पुरुष को यह अधिकार मिलना ही चाहिए कि वह अपनी पीड़ा कह सके, अपने अधिकारों की रक्षा कर सके और गलत आरोपों से मुक्त हो सके। जैसे महिलाओं के लिए सुरक्षा और न्याय के तंत्र बनाए गए, वैसे ही पुरुषों के लिए भी कुछ संवेदनशील और न्यायपूर्ण व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता है। यह समझना आवश्यक है कि पुरुष समाज के निर्माण का अभिन्न हिस्सा है-वह पिता है, पति है, पुत्र है, भाई है, मित्र है। उसकी उपस्थिति के बिना किसी भी परिवार या समाज की कल्पना अधूरी है। वह जिम्मेदारियों से भरा हुआ व्यक्ति है, लेकिन इसी वजह से वह सबसे अधिक दबाव और अपेक्षाओं का भार उठाता है। यह भी सच है कि पुरुष ही समाज के विकास, विज्ञान, कला, परिश्रम और संरचना के बड़े हिस्से का वाहक रहा है। लेकिन इस योगदान के बावजूद, आज पुरुषों की समस्याओं के प्रति संवेदना बढ़ाने की आवश्यकता है।

अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस का संदेश यही है कि महिलाओं के समान ही पुरुषों की भी गरिमा, सुरक्षा, सम्मान और संवेदनाओं की रक्षा की जानी चाहिए। लैंगिक समानता का अर्थ केवल महिलाओं को सशक्त बनाना नहीं, बल्कि पुरुषों पर बने अनुचित पूर्वाग्रहों को भी तोड़ना है। एक स्वस्थ, संतुलित समाज वही है जिसमें दोनों लिंगों की समस्याओं को समान रूप से सुना और समझा जाए। पुरुषों को कठोरता की बेड़ियों से मुक्त कर, उनके भावनात्मक अस्तित्व को स्वीकार करना समय की मांग है। पुरुष दिवस हमें जागरूक करता है कि सह-अस्तित्व, सहयोग, संवाद और करुणा ही पुरुष-स्त्री के संबंधों का वास्तविक आधार हैं। पुरुष और स्त्री एक-दूसरे के विरोधी नहीं, पूरक हैं। इसलिए उनकी समस्याओं, अधिकारों और जिम्मेदारियों को भी पूरक दृष्टि से ही देखा जाना चाहिए। जब समाज पुरुष की पीड़ा को भी उतनी ही गंभीरता से सुनेगा, जितनी वह स्त्री के आर्तनाद पर देता है, तभी हम सच्चे अर्थों में संतुलित और मानवीय समाज का निर्माण कर पाएँगे।

महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को रोकने के लिए कठोर कानून भी बने हैं, लेकिन पुरुष भी घरेलू हिंसा का शिकार होते हैं। भारत में अभी तक ऐसा कोई सरकारी अध्ययन या सर्वेक्षण नहीं हुआ है जिससे इस बात का पता लग सके कि घरेलू हिंसा में शिकार पुरुषों की तादाद कितनी है लेकिन कुछ गैर सरकारी संस्थान इस दिशा में जरूर काम कर रहे हैं। "सेव इंडियन फैमिली फाउंडेशन" और "माई नेशन" नाम की गैर सरकारी संस्थाओं के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि भारत में नब्बे फीसद से ज्यादा पति तीन साल की रिलेशनशिप में कम से कम एक बार घरेलू हिंसा का सामना कर चुके होते हैं। वे भी अपने अस्तित्व की सुरक्षा एवं सम्मान के लिये आवाज उठाना चाहते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि यह पुरुष को उसके वास्तविक स्वरूप में देखने, समझने और सम्मान देने का अवसर देता है-एक ऐसे मानव के रूप में, जो जिम्मेदार भी है, संवेदनशील भी; जो मजबूत भी है, पर टूट भी सकता है; जो देता ही नहीं, पाने की भी अपेक्षा रखता है। पुरुष की इस नई समझ के बिना मानवीय समाज की कल्पना संभव नहीं है। यह ऐसा एक वैश्विक उत्सव है जो पुरुषों के सकारात्मक

# बीएमसी चुनाव अकेले लड़ेगी कांग्रेस

अजय कुमार

मुंबई की राजनीति में वह क्षण एक बार फिर सामने है, जब चुनाव सिर्फ एक स्थानीय निकाय का नहीं, बल्कि पूरे राज्य की दिशा तय करने वाला माना जाता है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के दिसंबर-जनवरी में प्रस्तावित चुनावों को लेकर इस बार सबसे बड़ा राजनीतिक धमाका तब हुआ, जब कांग्रेस ने महा विकास आघाड़ी (एमवीए) में बने रहने के बावजूद अकेले चुनाव मैदान में उतरने का निर्णय ले लिया। यह फैसला जितना साहसिक दिखाई देता है, उतना ही यह संकेतों और संदेशों से भरा हुआ भी है। मुंबई जैसे आर्थिक और राजनीतिक रूप से अत्यंत प्रभावशाली शहर में जहां हर सीट का महत्व है, वहां कांग्रेस का यह कदम पूरी राजनीति की रफ़्तार बदल सकता है। मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ और संगठन के वरिष्ठ नेताओं ने यह मांग लंबे समय से उठाई थी कि पार्टी को बीएमसी जैसे विशाल मंच पर अपनी स्वयं की पहचान को सामने रखना चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में गठबंधन राजनीति ने कांग्रेस के लिए उम्मीद से कम परिणाम दिए, विशेषकर स्थानीय निकायों में। वर्ष 2017 के बीएमसी चुनाव में कांग्रेस 31 सीटें लेकर तीसरे स्थान पर रही थी, जबकि भाजपा 82 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। लेकिन इस बार समीकरण बिल्कुल बदल चुके हैं और यही कारण है कि कांग्रेस ने यह दांव खेला है। पार्टी के महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्निथला ने भी स्पष्ट कर दिया कि स्थानीय इकाई ने जबरदस्त उत्साह से यह मांग की, और नेतृत्व ने उनका मत स्वीकार किया।

कांग्रेस का यह फैसला यूं ही नहीं हुआ।



बिहार विधानसभा चुनावों में जिस तरह गठबंधन का हिस्सा होकर कांग्रेस को उम्मीद से कम सीटें मिलीं, उससे पार्टी कार्यकर्ताओं में यह विश्वास पैदा हुआ कि स्वतंत्र लड़ाई अधिक फायदेमंद साबित हो सकती है। कई विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस अगर बिहार में अकेले लड़ती, तो वह कम से कम छह सीटें जीत सकती थी और उसका वोट प्रतिशत 12 से 14 प्रतिशत तक जा सकता था। लेकिन गठबंधन की मजबूरी ने कांग्रेस को वह अवसर नहीं दिया। कार्यकर्ताओं और जमीनी नेताओं का उत्साह लगातार घट रहा था, और यही हताशा मुंबई में बड़े बदलाव का कारण बनी। मुंबई में कांग्रेस की स्थिति बिहार जितनी कमजोर नहीं है। यहां उसका परंपरागत वोट बैंक अभी भी काफी स्थिर है मुस्लिम वोटर लगभग 20-22 प्रतिशत, दलित 10-12 प्रतिशत और दक्षिण भारतीय समुदाय 8-10 प्रतिशत। यह तीनों समूह लंबे समय से कांग्रेस के कोर सपोर्टर रहे हैं। 2017 के चुनावों में जिन इलाकों में मुस्लिम बहुलता थी, वहां कांग्रेस ने बेहतर प्रदर्शन किया था। आज भी मुंबई के दक्षिण और मध्य इलाकों तथा बांद्रा, अंधेरी, वर्ली जैसे क्षेत्रों में कांग्रेस का संगठन मजबूत माना जाता है। यही नहीं, पार्टी ने हाल के वर्षों में 50,000 से अधिक नए सदस्य जोड़े हैं और 1000 से अधिक टिकट आवेदन प्राप्त हुए हैं। यह संगठनात्मक ऊर्जा कांग्रेस को अकेले मैदान में उतरने का आत्मविश्वास देती है।

लेकिन कांग्रेस की इस चाल के पीछे सिर्फ आत्मविश्वास ही नहीं, बल्कि राजनीतिक रणनीति भी है। पार्टी को सबसे अधिक असहजता एमएनएस से बढ़ती नजदीकियों को लेकर थी। जब उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे के बीच हाल के महीनों में सहयोग के संकेत मिले मतदाता सूची में गड़बड़ियों के विरोध में हुई संयुक्त रैली इसका उदाहरण है तो कांग्रेस की चिंता गहराने लगी। राज ठाकरे की राजनीति पर कांग्रेस हमेशा सवाल उठाती रही है, खासकर "मराठी मानूस" और प्रवासी-विरोधी अभियानों के कारण। वर्षा गायकवाड़ ने खुलकर कहा कि कांग्रेस कभी भी एमएनएस के साथ हाथ नहीं मिला सकती। यदि यह गठबंधन और मजबूत होता, तो न सिर्फ कांग्रेस को कम सीटें मिलतीं बल्कि उसका सेक्युलर वोट बैंक भी बिखर सकता था। उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस के अकेले लड़ने के फैसले पर कहा कि हर दल को अपने निर्णय लेने की स्वतंत्रता है और शिवसेना (यूबीटी) भी उसी तरह स्वतंत्र है। यह बयान दिखाता है कि एमवीए में सतही शांति के बावजूद अंदरूनी तनाव मौजूद है। कांग्रेस का मानना है कि यदि शिवसेना और एमएनएस मिलकर एक मजबूत मराठी फ्रंट बनाते हैं, तो कांग्रेस को सिर्फ 50-60 सीटें मिल सकती थीं, जबकि वह कम से कम 100 से अधिक सीटों पर लड़ने का दावा रखती है। कांग्रेस को यह भी आशंका है कि "मराठी बनाम अन्य" की राजनीति में वह "आउटसाइडर" बन जाएगी, जिससे उसके कोर वोटर्स दूर हो सकते हैं।

कांग्रेस की रणनीति में यह पहलू बेहद महत्वपूर्ण है कि अकेले लड़ने से उसे मुस्लिम और दक्षिण भारतीय वोटों का और अधिक एकजुट समर्थन मिल सकता है। एमएनएस के साथ शिवसेना की नजदीकी बढ़ने से मुस्लिम वोटर असहज हो सकते थे, और कांग्रेस इसी भावना का लाभ उठाकर स्वयं को एकमात्र मजबूत सेक्युलर विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना चाहती है। यह कांग्रेस के लिए सिर्फ वोटों की राजनीति नहीं, बल्कि अपनी वैचारिक स्थिति का भी बयान है। हालांकि इस फैसले से सबसे अधिक लाभ भाजपा को होने की आशंका है। भाजपा 2017 से अब तक बीएमसी में सबसे बड़ी ताकत रही है। यदि विपक्ष विभाजित होकर लड़ता है, तो भाजपा को बहुत फायदा मिल सकता है। लेकिन कांग्रेस का तर्क है कि "कब तक हम अपनी कीमत पर दूसरों का फायदा कराते रहेंगे?" पार्टी का मानना है कि एमवीए में उसकी भूमिका लगातार छोटी होती जा रही थी, और अब उसे अपनी ताकत और कमजोरी का आकलन खुद करना होगा।मुंबई कांग्रेस के दो लाख से अधिक सक्रिय कार्यकर्ता, वर्षों से सड़कों पर सक्रिय पार्षद और मजबूत बूथ संरचना कांग्रेस के फैसले को वजन देती है। यह सिर्फ चुनाव लड़ने का नहीं, बल्कि अपना खोया हुआ राजनीतिक आधार पुनः हासिल करने का मौका है। मुंबई जैसे शहर में जहां हर समुदाय की राजनीतिक समझ अलग होती है, कांग्रेस की सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि वह इस विविधता के भीतर अपनी जगह दोबारा बनाए। लेकिन अगर उसका वोट बैंक एकजुट हो गया, तो अकेले लड़ने का यह दांव उसके लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है।

बहरहाल, यह फैसला कांग्रेस के लिए जोखिम और अवसर दोनों लेकर आया है। मुंबई की बीएमसी का बजट 40,000 करोड़ रुपये से अधिक है देश की किसी भी नगरपालिका से बड़ा। यहां की राजनीति सिर्फ वार्डों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि राज्य और राष्ट्रीय राजनीति तक असर डालती है। कांग्रेस ने इस चुनाव में अपने भविष्य को दांव पर लगा दिया है। अगर यह दांव सफल रहा, तो महाराष्ट्र की राजनीति में कांग्रेस की वापसी की कहानी लिखी जाएगी; लेकिन अगर यह असफल हुआ, तो पार्टी को गहरे संगठनात्मक पुनर्विचार की जरूरत पड़ेगी।मुंबई की राजनीति अब एक नए मोड़ पर है एक तरफ शिवसेना का अपना अस्तित्व बचाने का संघर्ष, दूसरी तरफ भाजपा की आक्रामक रणनीति, और अब कांग्रेस का अपने पैरों पर खड़े होने का ऐलान। यह चुनाव सिर्फ एक निकाय का नहीं, बल्कि मुंबई की पहचान, उसकी राजनीति, और महाराष्ट्र की सत्ता संतुलन का भी फैसला करेगा। कांग्रेस ने अपनी चाल चल दी है, अब जनता की बारी है कि वह तय करे कि क्या यह आत्मविश्वास मुंबई में नई राजनीति का द्वार खोलेगा या फिर विपक्ष को और ज्यादा विभाजित कर देगा।

# बीजेपी यूपी-बंगाल में भी महिलाओं-युवाओं पर लगाएगी दांव

संजय सक्सेना

बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों ने न सिर्फ नीतीश कुमार को दसवीं बार मुख्यमंत्री का ताज पहनाया, बल्कि भारतीय जनता पार्टी को एक ऐसा फॉमूर्ला सौंप दिया जो अब उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे बड़े राज्यों में परखा जाएगा। एनडीए की 202 सीटों वाली ऐतिहासिक जीत के पीछे आधी आबादी का हाथ साफ दिख रहा है। महिलाओं ने 71.78 प्रतिशत मतदान कर पुरुषों के 62.98 प्रतिशत को पीछे छोड़ दिया, और यह आंकड़ा सिर्फ संख्या नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति का आईना है। भाजपा के वरिष्ठ नेता इसे 'वाई' यानी वीमेन-यूथ सेंट्रिक पॉलिटिक्स की जीत बता रहे हैं, जहां जातीय समीकरण टूटे और विकास की योजनाओं ने वोटों का ध्रुवीकरण किया। अब सवाल यह है कि क्या यह मॉडल यूपी की योगी सरकार और बंगाल की ममता बनर्जी की चुनौतियों को पार कर पाएगा? राजनीतिक जानकारों का मानना है कि हां, अगर बजट से लेकर बूथ मैनेजमेंट तक सही दांव चले गए। बिहार की धरती पर जो कुछ हुआ, वह कोई संयोग नहीं था। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, कुल 67.13 प्रतिशत मतदान हुआ, जो 1951 के बाद का रिकॉर्ड है। लेकिन असली खेल तो महिलाओं ने खेला। नीतीश सरकार की 'महिला स्वरोजगार योजना' के तहत डेढ़ करोड़ महिलाओं के खाते में 10 हजार रुपये की किस्त पहुंची, और यह पैसा वोटिंग बूथों पर लंबी-लंबी कतारों के रूप में दिखा। एक तरफ लालू प्रसाद के पुराने मुस्लिम-यादव (एमवाई) समीकरण की बातें हवा में तैर रही थीं, वहीं आधी आबादी ने एनडीए को ऐसा साथ दिया कि महागठबंधन 35 सीटों पर सिमट गया। भाजपा अकेले 89 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनी, और जनता दल यूनाइटेड को 85 मिलीं। विशेषज्ञों का कहना है कि महिलाओं ने न सिर्फ संख्या बल्कि गुणवत्ता में भी योगदान दिया। जहां पुरुष वोटरों में सत्ता-विरोधी लहर की चर्चा थी, वहां महिलाओं ने योजनाओं के ठोस असर को प्राथमिकता दी। उदाहरण के तौर पर, दरभंगा की अलीनगर सीट से भाजपा की 25 वर्षीय लोक गायिका मैथिली ठाकुर ने 11,730 वोटों से जीत हासिल की, जो युवा महिलाओं की नई ऊर्जा का प्रतीक बनीं। कुल 88 महिला उम्मीदवार मैदान में उतरे, जिनमें से 28 विजयी रहीं, और भाजपा ने 13 में से 10 को जीतकर रिकॉर्ड बनाया। यह जीत सिर्फ सीटों की नहीं, बल्कि एक नए वोट बैंक की स्थापना की है, जहां जाति से ऊपर उठकर विकास और सुरक्षा का मुद्दा हावी हो गया।अब नजरें उत्तर प्रदेश पर हैं, जहां योगी आदित्यनाथ सरकार साढ़े आठ साल के शासन में कानून-व्यवस्था का पर्याय बन चुकी है। बिहार की सफलता से प्रेरित होकर भाजपा यहां 'वाई' फॉमूर्ले को और मजबूत करने की तैयारी में है। फरवरी 2025 में पेश हुए 2025-26 के बजट को ही देख लीजिए 8,08,636 करोड़ रुपये का यह 'चुनावी बजट' महिलाओं और युवाओं पर केंद्रित था। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लिए 225 करोड़ रुपये आवंटित हुए, जो बेरोजगार युवाओं को लोन और ट्रेनिंग का वादा करता है।इसी तरह, निराश्रित महिलाओं के लिए पेंशन योजना पर 2,980 करोड़ रुपये खर्च का प्रावधान किया गया, जिससे लाखों महिलाओं को मासिक सहायता मिलेगी। मेधावी छात्राओं को स्कूटी देने की योजना ने भी सुर्खियां बटोरीं, और लाड़ली बहना जैसी योजनाओं की तर्ज पर महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण का रोडमैप तैयार हो रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि 2027 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले पेश होने वाले बजट में रोजगार पर कोई बड़ा ऐलान हो सकता है।

योगी सरकार ने लोकसभा चुनाव के बाद पुलिस भर्ती परीक्षा का आयोजन कर 60 हजार से अधिक युवाओं को नौकरी का तोहफा दिया, जो बिना किसी भ्रष्टाचार के आरोप के हुआ। यह भरोसा अब विधानसभा चुनाव में कैशेबल हो सकता है।लेकिन यूपी की सियासत सिर्फ योजनाओं पर नहीं थमेगी। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव अपनी 'पीडीए' यानी पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक पॉलिटिक्स को मजबूत करने में जुटे हैं, जो लोकसभा 2024 में कामयाब रही थी। उपचुनावों में यह कमजोर पड़ी, लेकिन अखिलेश इसे आजमाने को तैयार हैं। भाजपा की काट के तौर पर 'वाई' समीकरण ही काम आएगा।बिहार में जहां एमवाई फॉमूर्ला टूटा, वहां यूपी में यादव वोटों का बिखराव भाजपा के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। एनडीए के यादव उम्मीदवारों ने बिहार में महागठबंधन से ज्यादा सीटें जीतीं, और यूपी में भी ऐसा ट्रेंड दिख सकता है। ऊपर से कानून-व्यवस्था का मुद्दा। योगी सरकार ने महिला अपराधों पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई, जहां एनकाउंटर और सख्त कार्रवाई ने महिलाओं में सुरक्षा की भावना जगाई। पिछले दो सालों में ऐसे सैकड़ों केसों में त्वरित न्याय हुआ, जो चुनावी साल में 'बेटी बचाओ, अपराधी ठोको' का नारा बन सकता है। राजनीतिक जानकार बताते हैं कि अगर बजट में महिलाओं के लिए 10 हजार रुपये वाली स्वरोजगार योजना जैसा कुछ आया, तो सपा का पीडीए समीकरण धराशायी हो सकता है।

पश्चिम बंगाल की सियासत में तो यह फॉर्मूला और भी रोमांचक साबित होगा। 2026 के विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा ने बिहार मॉडल को ही आधार बनाया है। पार्टी का लक्ष्य 160 सीटें है, और हर बूथ पर नजर रखने के लिए 'चौकड़ी' तैयार की गई है केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, त्रिपुरा के पूर्व सीएम बिप्लब कुमार देव, सह प्रभारी सुनील बंसल और आईटी हेड अमित मालवीय। बिहार जीत के ठीक बाद बंगाल में लड्डू बांटे गए, और पीएम मोदी ने इसे 'ममता मैजिक तोड़ने' का संकेत दिया। यहां बड़ा मुद्दा महिला सुरक्षा बनेगा। आरजी कर घोटाला, दुगार्पुर में मेडिकल छात्रा के गैंगरेप जैसे मामले तृणमूल कांग्रेस की कमजोरी उजागर कर रहे हैं। भाजपा व्यक्तिगत हमलों से बचते हुए मुद्दों पर फोकस करेगी, जैसा कि अक्टूबर 2025 में रणनीति बदली गई थी।



## एक नजर

### बच्ची के गले से काटा सोने का लॉकेट आरोपी गिरफ्तार

**पलामू :** मां के साथ कपड़े खरीद रही बच्ची के गले से सोने का लॉकेट काटने वाले युवक को गिरफ्तार किया गया है। घटना के 24 घंटे के भीतर आरोपित को पकड़ा गया। बच्ची की मां ने इसमें सक्रियता दिखाई। मंगलवार दोपहर ढाई बजे आरोपित चोर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। घटना 15 नवंबर को मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के छहमुहान पर हुई थी। सीसीटीवी कैमरे के आधार पर आरोपित की पहचान हुई और फिर उसे पकड़ा गया। चोर की पहचान शहर थाना क्षेत्र के जेलहाता निवासी कुलदीप कुमार यादव (38) के रूप में हुई है। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ज्योति लाल रजवार ने मंगलवार को बताया कि 15 नवंबर को लातेहार बरवाडीह की मीरा देवी, पति प्रिंस कुमार सिंह अपनी 4 साल की बेटी सिया कुमारी एवं अन्य बच्चों के साथ छहमुहान पर कपड़े खरीद रही थी। इसी क्रम में सिया के गले से सोने का लॉकेट काट लिया गया। सीसीटीवी कैमरे से चेक करने पर एक व्यक्ति बच्ची के गले से लॉकेट काटते दिखाई दिया। अगले दिन 16 नवंबर को जब पुनः मीरा देवी अपने भाई के साथ छहमुहान के पास खड़ी थी तो उसने देखा कि सीसीटीवी कैमरे में बच्ची के गले से लॉकेट काटने वाला युवक वहां खड़ा है। महिला ने युवक को देखकर उसे पकड़ा और थाना को सुपूर्द कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि चोर की निशानदेही पर सोने का लॉकेट बरामद किया गया। उसका बाजार मूल्य 15 हजार रुपए है। आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### गांजा के साथ विक्रेता गिरफ्तार भेजा गया जेल

**लोहरदगा :** लोहरदगा जिला के कुडू थाना क्षेत्र के नावाटोली चौक के एक दुकान में पुलिस ने छापेमारी करते हुए अवैध गांजा का बिक्री करते दुकानदार को गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि एसपी सादिक अनवर रिजवी को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र में गांजा की अवैध बिक्री किया जा रहा है। एसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी अजीत कुमार के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। सोमवार देर शाम लगभग आठ बजे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अंचलाधिकारी कुडू और थाना प्रभारी की ओर से नावाटोली चौक मे संचालित दुकान के संचालक सूरज कुमार साहू के दुकान की विधिवत जांच किया गया, जांच के क्रम में दुकान से 28 पुड़िया अवैध गांजा बरामद किया गया। अवैध गांजा के संबंध में पूछने पर सूरज कुमार साहू की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और अंचलाधिकारी कुडू के समक्ष 28 पुड़िया गांजा को जब्त कर अभियुक्त कुडू नावाटोली निवासी सुरज कुमार साहू को गिरफ्तार किया गया।

### सड़क निर्माण कर्मी की हत्या, साथी मजदूरों पर आरोप

**पूर्वी सिंहभूम :** एमजीएम थाना क्षेत्र के तुरियाबेड़ा स्थित नेशनल हाईवे-33 पर सड़क निर्माण कार्य के दौरान एक बड़ी घटना सामने आई है, जहां ठेकाकर्मी प्रताप सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मामले में पुलिस ने प्रताप के साथ काम करने वाले तीन मजदूर जसकरण सिंह, विशाल और अर्षप्रीत सिंह को गिरफ्तार कर हत्या का मामला दर्ज किया है। यह घटना तीन दिन पुरानी बताई जा रही है, लेकिन मामले का खुलासा मंगलवार को उसके परिजनों के जमशेदपुर पहुंचने के बाद हुआ। जानकारी के अनुसार, पंजाब निवासी प्रताप सिंह अपने भाइयों और रिश्तेदारों के साथ सड़क चौड़ीकरण कार्य में लगा हुआ था। शनिवार को निर्माण स्थल पर मजदूर क्रेन की मदद से लोहे की प्लेटें फिट करने का काम कर रहे थे।

# उपायुक्त ने झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण, भोजन व शिक्षण व्यवस्था की समीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने मंगलवार को झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, दुलमी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, शैक्षणिक व्यवस्थाओं तथा छात्राओं को प्रदान की जा रही विभिन्न सेवाओं की विस्तृत जानकारी ली। उपायुक्त ने आवासीय परिसर में रह रही बच्चियों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की। भोजनागार, रसोईघर और खाद्य सामग्री के भंडारण की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण करते हुए उन्होंने भोजन व्यवस्था को और बेहतर तथा पौष्टिक बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने छात्राओं से सीधे संवाद किया। उन्होंने बच्चियों से विद्यालय के माध्यम से प्राप्त हो रही सुविधाओ शिक्षा, भोजन, स्वास्थ्य, खेलकूद और सुरक्षा के संबंध में उनके अनुभव और सुझाव जाने। उपायुक्त ने आश्वस्त किया कि प्रशासन हमेशा बालिकाओं के हित में समर्पित है और किसी भी समस्या का त्वरित समाधान किया जाएगा। उन्होंने विद्यालय की कंप्यूटर लैब, लाइब्रेरी, कक्षाओं, खेल सामग्री एवं अन्य संसाधनों का निरीक्षण किया। लैब में उपलब्ध उपकरणों की कार्यशीलता, डिजिटल शिक्षण सामग्री की उपलब्धता तथा पुस्तकालय में पुस्तकों की संख्या एवं उपयोग की स्थिति की जानकारी ली। उपायुक्त ने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया कि बच्चियों को शिक्षा के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों और खेलकूद के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि खेल, रचनात्मकता और तकनीकी शिक्षा से बालिकाओं के आत्मविश्वास और भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। अंत में, उपायुक्त ने विद्यालय प्रबंधन को सभी सुविधाओं के नियमित रखरखाव, स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा छात्राओं की सुरक्षा मानकों को लगातार प्राथमिकता में रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम, प्रखंड विकास पदाधिकारी दुलमी अमित कुमार, अंचल अधिकारी दुलमी किशोरी यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

## अनवर अंसारी को पुलिसमैन ऑफ द वीक पुरस्कार से सम्मानित किया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा, सिमडेगा जिला में उत्कृष्ट टर्न आउट, कर्त्तव्य परायणता एवं सकारात्मक (नैतिक) सोच वाले पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत करने एवं उनके मनोबल को बढाने हेतु पुलिसमैन ऑफ द वीकः सिमडेगा पुलिस पुरस्कार का आरंभ किया गया है, जिसके तहत प्रत्येक सप्ताह सर्वश्रेष्ठ पुलिस कर्मियों (आरक्षी से लेकर सहायक अवर निरीक्षक संवर्ग के पुलिस कर्मी/पुलिस पदाधिकारी) का चयन कर अपने बेहतर ड्यूटी एवं बेस्ट टर्नआउट के लिए पुरस्कृत किया जाता है, और उसकी तस्वीर पूरे सप्ताह थाना/ओ0पी0/प्रतिष्ठान के सूचना पट में लगा रहेगा। इससे पुलिस कर्मीयों/पदाधिकारियों में अपनी ड्यूटी पूरी लगनता एवं कुशलता के साथ करने हेतु प्रोत्साहन मिलेगी और उनका मनोबल बना रहेगा। इसी कड़ी में इस सप्ताह आज दिनांक- 18/11/25 को पुलिस केन्द्र सिमडेगा में प्रतिनियुक्त हवलदार अनवर अंसारी को माह नवम्बर - 2025 को प्रथम सप्ताह में अपने उत्कृष्ट टर्न आउट, कर्त्तव्य परायणता एवं सकारात्मक (नैतिक) सोच के लिए पुलिसमैन ऑफ द वीकः सिमडेगा पुलिस पुरस्कार से पुरस्कृत एंव सम्मानित किया जाता है। उक्त पुलिसकर्मी के द्वारा अपनी ड्यूटी पूरी लगन और कुशलता के साथ किया जाता है।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत आश्रितों को बीमित राशि का भुगतान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**सिमडेगा :** जिले के बानो प्रखंड में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत चार आश्रितों वीरेंद्र साहू, सोमारी देवी, प्रशन सिंह, मलावती देवी तथा जलडेगा प्रखंड से एक आश्रिता सुनीता देवी को मिलाकर कुल पांच लाभुकों को दो-दो लाख रुपये की बीमित राशि का भुगतान किया गया। सभी दावों का निपटान बैंक ऑफ इंडिया के माध्यम से किया गया। बीमित राशि के वितरण के दौरान संबंधित बैंक शाखा प्रबंधक, जेएसएलपीएस के प्रतिनिधि एवं मृतक आश्रित परिवारजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को भावनात्मक एवं मर्यादित वातावरण में संपन्न किया गया। इस अवसर पर बैंक शाखा प्रबंधक ने कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना में अधिक से अधिक परिवारों को जुड़ना चाहिए ताकि किसी भी अनहोनी की स्थिति में वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने आगे बताया कि जेएसएलपीएस के निरंतर प्रयासों एवं सखी मंडल समूह की दीदियों की जागरूकता के कारण आज ग्रामीण परिवार प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जैसे सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों से तेजी से जुड़ रहे हैं, जो उनके परिवारों के लिए सुरक्षा कवच साबित हो रहा है।

बोकारो के रायला कैंप में श्री अग्रसेन स्कूल के विद्यार्थी का उत्कृष्ट प्रदर्शन

## अनुशासन और आत्मविश्वास बढ़ाता है रायला कैंप : प्रवीण राजगढ़िया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**भुरकुंडा :** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के 10 विद्यार्थियों के बोकारो स्टील सिटी में आयोजित रोटरी यूथ लीडरशिप अवार्ड कैंप (रायला) से लौटने के बाद विद्यालय में उनका स्वागत किया गया. यह कार्यक्रम 14-16 नवंबर को रोटरी प्ले ग्रुप सेक्टर फोर में आयोजित हुआ था। जिसमें दर्जनों स्कूल से विद्यार्थी शामिल हुए। रायला चेयरमैन चंद्रिमा रे के नेतृत्व में संपन्न हुए इस कार्यक्रम का थीम था नयी राहें, नये सपने. श्री अग्रसेन स्कूल की ओर से अंशु कुमारी, अनिक अश, आदित्य कुमार, स्मृति टोप्पो, इशांत कुमार, विजया भारती, शीतल कुमारी, स्नेहा कुमारी, मनन चटर्जी, अंशु कुमार ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने रायला कैंप में नेतृत्व, व्यक्तित्व विकास, सामाजिक जागरूकता से जुड़े विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इनके प्रदर्शन को देखते हुए विभिन्न इवेंट के लिए इन्हें ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र दिया गया। विद्यालय में आयोजित समारोह में विद्यार्थियों ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि यह उनके लिए जीवन भर याद रहने वाला अनुभव रहा। बहुत कुछ सीखने को मिला। विशेषकर वहां के अरगोड़ा विलेज पहुँच कर एजुकेशन और हाइजीन से संबधित सर्वे करते हुए उसकी रिपोर्ट तैयार करने से यह पता चला कि वह गांव आज भी बहुत सी जरूरी सुविधाओं के मामले में पिछड़ा हुआ है। रायला कैंप में योग, जूम्बा आदि गतिविधियों के साथ दिन की शुरूआत होती थी। प्रतिदिन विशेष सत्र में देश-विदेश से आये रोटरी के वरिष्ठ पदाधिकारी कानून, वित्त, चिकित्सा, शिक्षा समेत जिम्मेदारी, संवाद कौशल, निर्णय क्षमता और टीमवर्क आदि विषयों पर मार्गदर्शन देते थे।

## कल्याण मंत्री चमरा लिंडा से प्रतिनिधिमंडल की शिष्टाचार मुलाकात



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** सदर प्रखंड के कोचेडेगा पंचायत मुखिया शिशिर टोप्पो, सिमडेगा जिला के आदिवासी संयुक्त मोर्चा के जिला सचिव प्रदीप टोप्पो तथा समाजसेवी दीपक लकड़ा ने आज झारखंड सरकार के माननीय कल्याण मंत्री श्री चमरा लिंडा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सरना, मसना धूमकड़िया भवन, पहनाई जमीन, तथा रैयत जमीन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से मंत्री महोदय को अवगत कराया। प्रतिनिधियों ने बताया कि इन परंपरागत स्थलों और सामुदायिक संसाधनों की सुरक्षा, संवर्धन एवं विधिक संरक्षण अत्यंत आवश्यक है, ताकि भविष्य में आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान और अधिकार सुरक्षित रह सकें। माननीय मंत्री श्री चमरा लिंडा ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को कार्रवाई हेतु आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार आदिवासी समाज की पहचान, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध है तथा इस दिशा में सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। आदिवासी संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों ने मंत्री जी का समय देने और सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाने के लिए आभार व्यक्त किया।

# नेता नहीं, संस्कृति के सच्चे रखवाले हैं विधायक भूषण बाड़ा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** देश में ऐसे नेता कम मिलते हैं जो राजनीति से ज्यादा संस्कृति को जीते हों। आज हर कार्यक्रम में जहाँ लोग डीजे की धुन पर थिरकना और झूमना पसंद करते हैं। वहीं सिमडेगा के कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा मांदर की थाप पर भीड़ को झुमाते और रिझाते हैं। अब तो जिले के लोग भी मानने लगे हैं कि भूषण बाड़ा सिर्फ. नेता नहीं कलाकार भी हैं। अक्सर देखा जाता है कई नेता सिर्फ. फोटो खिंचवाने के लिए गले में नगाड़ा या मांदर टांग लेते हैं। लेकिन भूषण बाड़ा सबसे अलग हैं। जहां महफि ल नहीं जमी होती, वहाँ भी वे मांदर बजाकर महफि ल जमा देते हैं। उनके मांदर की थाप किसी पेशेवर कलाकार से कम नहीं। ताल पर उनके कदम भी थिरकते हैं। जब भी विधायक मांदर उठाते हैं, तो पूरा अखरा मानो जीवंत हो उठता है। मांदर की पहली थाप पड़ते ही बच्चे, महिलाएँ और बुजुर्ग सभी अपने-अपने कदम थिरकाने लगते हैं। खुद विधायक भी ताल से ताल मिलाकर झूमते हुए मांदर बजाते हैं और देखते ही देखते साधारण कार्यक्रम एक उत्सव में बदल जाता है। लोगों की मानें तो भूषण बाड़ा के मांदर बजाने का अंदाज थोड़ा बहुत झारखंड के मशहूर मांदर वादक हुलास महतो की याद दिलाता है। विधायक का यह प्रयास मनोरंजन के साथ संस्कृति को बचाने का बेजोड़ तरीका भी माना जा रहा है। यही कारण है कि भूषण बाड़ा की पहचान अब संस्कृति के असली रखवाले के रूप में बनने लगी है। विधायक ने कहा कि झारखंड की संस्कृति को विलुप्त होने नहीं देंगे। मांदर और अखरा हमारी पहचान है। इन्हें बचाना हमारी जिम्मेदारी है। ग्रामीणों ने कहा कि जब विधायक भूषण बाड़ा मांदर बजाते हैं, तो हम सबको गर्व होता है कि हमारे नेता हमारी संस्कृति को जीते हैं।वहीं युवाओं ने कहा कि यह दृश्य उन्हें अपनी जड़ों से जोड़ देता है और उन्हें भी लोकगीत और नृत्य सीखने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि अब तो विधायक के कार्यक्रम में आते ही डीजे बंद कर देते हैं। उसके बाद विधायक मांदर बजाते हैं और महिलायें लोक गीत गाते हुए झूमती हैं। कई बार तो विधायक अपनी धर्मपत्नी सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा के साथ हाथ पकड़ कर आदिवासी नाच प्रस्तुत करते हैं। जो काफी मनमोहक होता है। जिसमे पति पत्नी के बीच का अपार प्रेम और अटूट रिश्ता का अद्भुत संगम नजर आता है।

## संक्षिप्त खबरें

### ए'ला एंगलाइज विद्यालय में विज्ञान एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी का भव्य आयोजन



**रामगढ़ :** ए'ला एंगलाइज विद्यालय परिसर में आज वार्षिक विज्ञान एवं क्राफ्ट प्रदर्शनी बड़े उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार क्षमता तथा कलात्मक कौशल को बढ़ावा देना था। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि जुबली कॉलेज के भूतपूर्व प्रोफेसर डॉक्टर शंभू प्रसाद के द्वारा परंपरानुसार दीप प्रज्वलन और फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य विजयंत कुमार, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे। विज्ञान विभाग की ओर से कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने अपने-अपने विषयों से जुड़े मॉडल, प्रोजेक्ट और शोध आधारित प्रस्तुतियाँ प्रदर्शित कीं। इसके प्रमुख आकर्षण थे। ड्रोन, लाइ-फाई, फ्यूजन व्हील, चैट बोट, मैग्लेव ट्रेन ,एल्कोहल डिटेक्टर कार, पीगैसस, डिजिटल ए आई, यूसेस ऑफ ए आई,नेक्सस वेबसाइट, ए आई कैलकुलेटर, रॉक पेपर सिसर, कैचिंग गेम, ए आई चैट बॉक्स, ह्यूमन एक्स्क्रेशन, डीप इरीगेशन, सरकुलेशन आफ हार्ट, माइक्रोस्कोप, डिजास्टर अलर्ट, वैक्यूम क्लीनर, विंडमिल, हैंड वॉश डिवाइस, हाइड्रोलिक कार लिफ्टिंग, अर्थक्वेक रेजिस्टेंट, वाटर फिल्टर, होलोग्राम, हाइड्रोलिक सिटी, हाइड्रोलिक क्रेन, लिफ्ट एक्सीडेंट प्रीवेंटर, वॉटर डिस्पेंसर, एयर पॉल्यूशन कंट्रोलर, प्लाज्मा कैनन, बायोगैस, सौर ऊर्जा से चलने वाले घरेलू उपकरण, हाइड्रोलिक ब्रिज एवं क्रेन मॉडल, आपदा प्रबंधन तकनीक, स्वचालित स्ट्रीट लाइट सिस्टम, रोबोटिक्स और सेंसर आधारित अलार्म सिस्टम, स्मार्ट विलेज प्रोजेक्ट, कृत्रिम वर्षा मॉडल,पर्यावरण संरक्षण और जल बचाओ थीम पर प्रोजेक्ट था। छात्रों ने प्रत्येक मॉडल की प्रक्रिया, तकनीक और कार्यप्रणाली को दर्शकों के समक्ष सरल भाषा में समझाया। उनकी प्रस्तुति में आत्मविश्वास, परिश्रम और वैज्ञानिक सोच स्पष्ट झलक रही थी।

### महज 436 रुपये के प्रीमियम पर सुनीता देवी को मिला दो लाख का बीमा मुआवजा



**जलडेगा :** प्रखंड अंतर्गत बैंक ऑफ इंडिया शाखा ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत एक लाभार्थी को दो लाख रुपये का मुआवजा प्रदान किया। प्रखंड के सिलिंगा डोभी झरिया की रहने वाली सुनीता देवी को उनके स्वर्गीय पति कालेश्वर मांझी की मृत्यु के बाद यह राशि मिली। शाखा प्रबंधक विकास कुमार एवं बैंक के अन्य कर्मचारियों ने सुनीता देवी को चेक सौंपा। शाखा प्रबंधक ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में सिर्फ 436 रुपये वार्षिक प्रीमियम देना होता है। बीमाधारक की मृत्यु पर नॉमिनी को दो लाख रुपये मिलते हैं। उन्होंने अन्य बीमा योजनाओं की भी जानकारी दी। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 20 रुपये के प्रीमियम पर दो लाख रुपये का कवर मिलता है। मृतक कालेश्वर मांझी की पत्नी सुनीता देवी चेक पाकर भावुक हो गई। उन्होंने कहा की मेरे पति की मृत्यु पांच माह पूर्व नासिक महाराष्ट्र में काम के दौरान करंट लगने से हुई थी उन्होंने बताया की मेरे तीन छोटे छोटे बच्चे है इन पैसो को उनके पढाई लिखाई और उनके भविष्य के लिए ही उपयोग करुँगी। सुनीता ने चेक पाकर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं शाखा प्रबंधक को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर बैंक के कर्मचारी पुनीत प्रफुल टोप्पो, पंकज मिंज, मिनी स्टेफी लुगुन, मधुबाला देवी, अजित तोपनो भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने लोगों से परिवार की सुरक्षा के लिए कम से कम एक बीमा पॉलिसी लेने की अपील की।

### आयुष समिति के सौजन्य से वयोवृद्ध कैंप का हुआ आयोजन

**कुरडेग :** प्रखंड के हेठमा भण्डार टोली में जिला आयुष समिति सिमडेगा के सौजन्य से वयोवृद्ध कैम्प का आयोजन किया गया। स्वस्थ कैम्प में 102 वृद्धजनों का बी पी, सुगर जांच कर मुफ्त दवा वितरण किया गया। कैम्प में आयुष डॉ आशीष उरांव ने बताया कि आयुष पद्धति से इलाज सस्ता, सुलभ एवं कारगर होता है। हमारे आस पास ही कई प्रकार के जड़ी बूटी उपलब्ध है लेकिन जानकारी के अभाव में उपयोग नहीं कर पाते हैं। आयुर्वेदिक एवं होमियोपैथिक दवा पर लोगों का विश्वास बढ़ता जा रहा है। नियमित खान पान, संयमित दिनचर्या, योग, एवं प्राणायाम से हम अपने स्वस्थ की रक्षा कर सकते हैं। कैम्प में योग शिक्षक घनश्याम जी, देवनारायण जी, अंजनी जी एवं सहिया साथी उर्मिला देवी, आशामनी डुंगडुंग, जसवन्ती इन्दवार, मैक्सिमा किड़ो, एवं निर्मला टोप्पो का प्रमुख भूमिका रहा।

### विवेकानन्द शिशु/विद्या मंदिर उच्च विद्यालय लचरागढ़ में नए सत्र के लिए नामांकन शुरू

**कोलेबिरा :** वनवासी कल्याण केंद्र की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति, झारखंड द्वारा संचालित विवेकानन्द शिशु/विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, लचरागढ़ में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा अरुण से प्रथम तक (प्रे-नर्सरी टू क्लास 1) नामांकन प्रक्रिया 1 दिसंबर 2025 से शुरू होगा। साथ ही कक्षा द्वितीय से नवम तक के नामांकन फॉर्म वितरण भी इसी दिन से प्रारंभ होगा। प्रधानाचार्य श्री राजेन्द्र साहू ने बताया कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, संस्कार और राष्ट्रीय मूल्यों के साथ सर्वांगीण विकास करना है। अभिभावकों से अनुरोध है कि वे अपने बच्चों का समय पर नामांकन कराना सुनिश्चित करें, ताकि वे आगामी सत्र में शिक्षा का पूर्ण लाभ प्राप्त कर सकें। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में आकर संपर्क करें।

### तोरपा थाना परिसर में लगे शिविर में 12 लोगों ने किया रक्तदान

**खूंटी :** मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए पुलिस की ओर से जिले के सभी थाना परिसरों में अलग अलग दिनों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए जिला रक्तकोष को सुदृढ़ करना और पुलिसकर्मियों में सामाजिक सेवा की भावना को और मजबूत करना है। इसी कड़ी में मंगलवार को तोरपा थाना परिसर में भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रम ने भी रक्तदान किया। इसके अलावा समाजसेवी धर्मेन्द्र कुमार सहित कुल 12 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में पुलिसकर्मी, स्थानीय युवा और समाजसेवी शामिल थे। मौके पर थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रम ने कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त तीन लोगों को जीवनदान दे सकता है। ऐसे कार्यक्रम पुलिस और समाज के बीच समन्वय को और मजबूत करते हैं।

## एक नजर

### मुफ्फसिल पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**साहिबगंज :** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार जीआर- 350/2020 के वारंटी मो सद्दाम, पिता मो सज्जाद, ग्राम छोटी कोदरजन्ना, थाना मुफस्सिल, जिला साहिबगंज को पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर शारीरिक जांच के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज ले गया। चिकित्सक के द्वारा शारीरिक जांच करने के उपरांत पुलिस ने अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

### बरहरवा प्रखंड सभागार में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार, को लेकर बीडीओ ने की बैठक



**साहिबगंज:** जिला के बरहरवा प्रखंड में आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर मंगलवार को बरहरवा प्रखंड सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सन्नी कुमार दास ने की। बैठक में बीपीओ विजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने प्रखंड क्षेत्र में चल रही तैयारियों की समीक्षा की तथा शिविरों में अधिक से अधिक लाभुकों को जोड़ने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। बीडीओ ने संबंधित विभागों को लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने, योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार करने तथा शिविरों में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान सभी अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने का भी आग्रह किया गया। अभियान को सफल बनाने के लिए टीम भावना के साथ कार्य करने पर विशेष जोर दिया गया।

### वायुवीर संस्था की लघु नाटिका प्रदूषण हटाओ हवा बचाओ में प्रदूषण की समस्या पर करारा प्रहार

**जमशेदपुर:** चतुर्थ बाल मेले में मौजूदा प्रदूषण की समस्या पर करारा प्रहार करते हुए वायुवीर संस्था ने एक लघु नाटिका पेश की। शीर्षक था प्रदूषण हटाओ, हवा बचाओ। इस नाटक में प्रदूषण कैसे फैलता है, हम लोग कैसे अपने घर से ही प्रदूषण फैलाने का काम करते हैं, कैसे स्वच्छता का ध्यान नहीं रखते, कैसे घर के कूड़े को इधर–उधर फेंक देते हैं या फिर उसे चोरी–छुपे जला देते हैं, इस पर करारा वार किया गया। प्रदूषण का अंत घर से ही शुरू होगा
कुल पांच मिनट की इस लघु नाटिका का मैसेज बड़ा साफ है– प्रदूषण का अंत घर से ही शुरू होगा। इस लघु नाटिका के बाद बाल विवाह के विरुद्ध लोगों को शपथ दिलाई गई।

### सीएसआईआर-एनएमएल व इलेक्ट्रोथर्म के बीच रणनीतिक सहयोग के लिये हुआ समझौता

**जमशेदपुर:** सीएसआईआर–राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला , जमशेदपुर ने आज मंगलवार को इलेक्ट्रोथर्म लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते का उद्देश्य उन्नत सामग्रियों के विकास, इलेक्ट्रिकल स्टील्स और धातुकर्म नवाचारों के क्षेत्र में दीर्घकालिक साझेदारी स्थापित करना है।
अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास को मिलेगी गति यह एमओयू इलेक्ट्रिकल स्टील्स, नए मिश्रधातु तंत्र, क्षरण–रोधी एवं फंक्शनल कोटिंग्स, तथा विनिर्माण एवं रणनीतिक क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण आयात–प्रतिस्थापन सामग्रियों के विकास में सहयोगी अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास को गति देगा।

# प्रतिभा उन्मोचन कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले की स्वयंसेवी संस्था फेस, पाकुड़ द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष्य में बालिका शिक्षा एवं किशोर-किशोरी कौशल विकास परियोजना के तहत छात्राओं की प्रतिभा और कौशल को प्रदर्शित करने हेतु एक भव्य प्रतिभा उन्मोचन कार्यक्रम का आयोजन संस्था के पाकुड़ प्रखंड स्थित चापाडांगा प्रशिक्षण केंद्र में किया गया। कार्यक्रम में परियोजना से जुड़े छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों–संगीत, नृत्य, भाषण और नाटक के माध्यम से अपनी रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इसके साथ-साथ फेस की किशोरझ्किशोरी सशक्तिकरण परियोजना के चारों क्लस्टरों की छात्राओं ने विषयवार–अंग्रेजी, डिजिटल लर्निंग, सिलाई एवं स्वास्थ्य–से जुड़े स्व-निर्मित मॉडल्स का आकर्षक प्रदर्शन किया तथा दर्शकों को प्रत्येक मॉडल के उद्देश्य और उपयोगिता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस प्रदर्शन ने प्रतिभागियों की बढ़ती क्षमता, तकनीकी समझ और नवाचार की स्पष्ट पहचान कराई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त, पाकुड़ मनीष कुमार एवं सामाजिक कार्यकर्ता सहित फेस के मुख्य बोर्ड सदस्य उपस्थित रहे। फेस द्वारा बालिका शिक्षा, कौशल विकास और समुदाय के वंचित वर्गों के उत्थान हेतु किए जा रहे प्रयास प्रशंसनीय हैं। यह पहल समाज में सकारात्मक बदलाव की मजबूत नींव रख रही है। वहीं उपायुक्त ने कहा कि फेस द्वारा बालिकाओं, किशोर- किशोरियों तथा समुदाय के वंचित वर्गों के लिए संचालित शिक्षा एवं कौशल विकास कार्यक्रम सराहनीय हैं। इस प्रकार के प्रयास न केवल बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव की एक मजबूत नींव भी तैयार करते हैं। प्रतिभागियों की प्रस्तुतियाँ उनके उज्ज्वल भविष्य, सशक्त सोच और निरंतर सीखने की प्रतिबद्धता को दशार्ती हैं। जिला प्रशासन ऐसे नवाचारपूर्ण एवं प्रभावी सामाजिक पहलों के साथ सदैव सहयोग के लिए तत्पर है। फेस संस्था की सचिव रितू पांडेय एम ने मुख्य अतिथियों तथा सभी उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए फेस के सशक्त समाज निर्माण के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम के सफल संचालन में मेहबूब आलम, प्रिया दास, निकिता झा, सहादत, देवज्योति तथा अन्य फेस कार्यकताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## आईसीटी चैंपियनशिप शिक्षा महोत्सव के जिला स्तरीय प्रतियोगिता का हुआ सफल आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले में आज आईसीटी चैंपियनशिप शिक्षा महोत्सव 2025 के जिला स्तरीय प्रतियोगिता के प्रथम दिन के परीक्षा का सफल आयोजन हुआ। ज्ञात हो कि झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के निदेर्शानुसार आईसीटी चैंपियनशिप झारखण्ड शिक्षा महोत्सव 2025 प्रतियोगिता के प्रखंड स्तर पर समापन के उपरांत जिला स्तर पर आईसीटी चैंपियनशिप झारखण्ड शिक्षा महोत्सव 2025 का आयोजन पीएम श्री राज +2 उच्च विद्यालय पाकुड़ में निर्धारित तिथि के अनुसार कराया जाना था। वहीं 19 नवंबर को प्रथम पाली में कक्षा 11 एवं द्वितीय पाली में कक्षा 12 के प्रखंड स्तरीय विजेता प्रतिभागी आईसीटी चैंपियनशिप में भाग लेंगे। इसे लेकर प्रखंड स्तर पर प्रत्येक कक्षा (कक्षा 9-12) से सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की विद्यालयवार सूची उपलब्ध करा दी गई है। आज परीक्षा संचालन के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिता पूर्ति ने परीक्षा केंद्र पर पहुँच कर निरिक्षण किया।प्रथम पाली में कक्षा 9 एवं द्वितीय पाली में कक्षा 10 के प्रखंड स्तरीय विजेता प्रतिभागियों ने भाग लिया। परक्षा में आज पाकुड़ जिले के छः प्रखण्ड से चयनित कुल 24 बच्चों में 23 बच्चों ने परीक्षा में भाग लिया। चैंपियनशिप के संचालन में आई सी टी जिला प्रभारी मुकेश कुमार, जिला समन्वयक सुदीप कुमार साहा, जय प्रकाश व निर्मल ओझा ने अहम योगदान दिया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने सप्तशक्ति संगम का किया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** विद्या भारती विद्यालय, जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, साहेबगंज के वंदना कक्ष में सप्तशक्ति संगम का आयोजन किया गया। सप्तशक्ति संगम का शुभारंभ क्षेत्रीय संयोजिका डॉ पूजा कुमारी, प्रांत की संयोजिका रंजना कुमारी, सह-संयोजिका किरण राय, विद्यालय की सचिव डॉ मृदुला सिन्हा एवं विभाग संयोजिका हेमा कुमारी ने सरस्वती माता, ओंकार एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित किया। सप्तशक्ति संगम में उपस्थित अतिथियों को किरण गुप्ता ने मोमेंटो, तलवार एवं गंगा जल देकर सम्मानित किया।सप्तशक्ति संगम का प्रस्तावना किरण राय के द्वारा किया गया।डॉ पूजा कुमारी ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण के संबंध में भारतीय दृष्टि पर अपना विचार व्यक्त किया। रंजना कुमारी ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका पर अपनी बातों को रखा। सप्तशक्ति संगम में सीआरपीएफ के शहीद मुन्ना यादव की पत्नी निताई कुमारी एवं बड़ी मां निर्मला कुमारी को डॉ.पूजा कुमारी ने सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन डॉ मृदुला सिन्हा के द्वारा किया गया। विशिष्ट माता का सम्मान अर्चना वर्मा के द्वारा किया गया। प्रश्नोत्तरी सोनी कुमारी के द्वारा किया गया एवं प्रेरणादाई महिलाओं के संदेश के बारे में लिपिका राज सिंह ने बताया। सप्तशक्ति संगम का मंच संचालन स्नेहा भारद्वाज एवं आभार ज्ञापन किरण गुप्ता के द्वारा किया गया। अनुभव कथन का वाचन सारिका कुमारी के द्वारा किया गया। सप्तशक्ति संगम में लगभग तीन सौ महिलाएं उपस्थित थे। संकल्प निर्मला कुमारी के द्वारा दिलाया गया। सप्तशक्ति संगम में देवघर विभाग के प्रमुख सुरेश मंडल, साहिबगंज विभाग के प्रमुख रमेश कुमार, विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील पंडित एवं साहिबगंज विभाग के प्रधानाचार्य एवं दीदी जी उपस्थित थे।

## एसएमएई/एटीएमए योजना के तहत महाराजपुर के 10 किसानों को मटर बीज जीएस-10 का वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** तालझारी प्रखंड के कल्याणी पंचायत अंतर्गत कलस्टर महाराजपुर ग्राम में एसएमएई/एटीएमए योजना के तहत 10 किसानों के बीच मटर बीज प्रभेद जीएस-10 का वितरण जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा, साहेबगंज प्रमोद एक्का द्वारा किया गया।कार्यक्रम के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी ने किसानों को मटर की उन्नत खेती तकनीक की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि– खेत की तैयारी के समय गोबर खाद या वर्मी कम्पोस्ट 03-05 टन प्रति हेक्टेयर अवश्य प्रयोग करें। मटर की खेती में 20-25 किग्रा नाइट्रोजन, 50 किग्रा फास्फोरस तथा 25 किग्रा पोटाश प्रति हेक्टेयर उपयोग करना आवश्यक है। अच्छी पैदावार हेतु बीज का उपचार फफूंदनाशी एवं राइजोबियम कल्चर से अवश्य करें। पौधों की दूरी 15-20 से.मी. तथा पंक्तियों के बीच दूरी 30-45 से.मी. रखें। बीज की बुआई 3झ4 से.मी. गहराई में करें। अधिक फलन हेतु सल्फर के उपयोग की विशेष सलाह दी गई। इस अवसर पर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राजीव कुमार सिन्हा ने किसानों को मिट्टी जांच की आवश्यकता और उसके लाभों के बारे में जानकारी दी तथा सभी किसानों से अपने खेतों की मिट्टी की जांच कराने का आग्रह किया। जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा, साहेबगंज द्वारा कृषि विभाग एवं आत्मा द्वारा संचालित विभिन्न किसान हितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा किसानों को विभाग से जुड़कर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय किसान, कृषि कर्मी एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## विधायक प्रतिनिधि ने जनता दरबार लगाकर आम जनों की सुनी समस्याएं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला के बरहरवा प्रखंड में हर मंगलवार की भांति आज विधायक कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएँ विधायक प्रतिनिधि बरकत खान के समक्ष रखीं। जनता दरबार के दौरान ग्रामीणों ने जमीन से संबंधित विवाद, भूमि अतिक्रमण, पीएम एवं अबुआ आवास, पेंशन, राशन कार्ड, मनरेगा कार्य, जाति-आय-निवास प्रमाणपत्र, आधार अपडेट, बैंक संबंधी समस्याएँ तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराईं। विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने सभी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन हेतु अग्रसारित किया। इसी क्रम में भूमि विवाद एवं गंभीर शिकायतों को लेकर बरकत खान स्वयं अंचल अधिकारी अनुज कुमार के कार्यालय पहुँचे और ग्रामीणों की समस्याओं को उनके समक्ष रखते हुए समुचित समाधान कराने का आग्रह किया। अंचल अधिकारी ने भी समस्याओं के शीघ्र निष्पादन का आश्वासन दिया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू, दिलदार आलम, नेहाल अख्तर, हीरालाल साहा, छोटे लाल रामानी, अजीत कुमार रॉय, आलमगीर मंसूरी सहित कई कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# राजमहल विधानसभा क्षेत्र में लगा 80 सोलर हाई मास्ट लाइट का विधायक ने किया शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला के राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने राजमहल विधानसभा क्षेत्र के राजमहल, उधवा व साहिबगंज प्रखंड क्षेत्र में उनके अनुशंसा पर लगे 80 सोलर हाईमास्ट लाइट का शुभारंभ राजमहल प्रखंड क्षेत्र के फुलवरिया ईदगाह चौक से सोलर को ऑन कर एवं फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि राजमहल विधानसभा क्षेत्र में और भी सोलर लाइट लगाने की योजना है ताकि सभी क्षेत्रों में समुचित रोशनी की व्यवस्था हो सके। वही मौजूद आमजन अन्य समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सभी मूलभूत समस्याओं के समाधान को लेकर लगातार जिला प्रशासन एवं सरकार से समन्वय स्थापित कर निष्पादित किया जा रहा है। जल्द ही विकास की रफ्तार देखने को मिलेगी।

**विधायक ने किया जोंका व सुतियारपाड़ा के कार्तिक मेला का शुभारंभ**

राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने उधवा प्रखंड क्षेत्र के जोंका व सुतियारपाड़ा स्थित कार्तिक पूजा मेला का विधिवत शुभारंभ किए। जोका में मेला आयोजन समिति के साथ-साथ जिला परिषद सदस्य प्रताप राय, राजेश यादव, मोहन ठाकुर, गोपाल ठाकुर सहित अन्य ने फूल माला एवं चुनरी ओढ़ाकर विधायक का स्वागत किया। विधायक ने फीता काटकर मेला का शुभारंभ करते हुए पूजा पंडाल में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह मेला इस क्षेत्र की पहचान है और इसे विकसित करने की दिशा में सोचने की आवश्यकता है। वहीं सुतियारपाड़ा पूजा समिति के अध्यक्ष विक्रम राय, सदस्य भवेश यादव सहित अन्य विधायक का स्वागत किया। उपरांत मेला का शुभारंभ हुआ।

**ग्रामीणों की समस्या से अवगत हुए विधायक**

राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा उधवा प्रखंड के जोंका गांव स्थित इमामबाड़ा के समीप मौजूद ग्रामीणों से मिले और ग्रामीणों की समस्या से अवगत हुए। सोलर हाई मस्ट लाइट लगने का ग्रामीणों ने आभार व्यक्त करते हुए पेयजल समस्या को दूर करने की मांग की है। मौके पर आलमगीर आलम उर्फ बादल, मो. जाकिर, मो. राजा, मो. शाहबाज सहित अन्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जनता दरबार में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने डीसी के समक्ष रखी अपनी समस्या



**साहिबगंज:** आमजन की सुनवाई में कोई पदाधिकारी कोताही न बरतें समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला दंडाधिकारी–सह–डीसी हेमंत सती ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी।जनता दरबार में जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से डीसी को अवगत कराया। डीसी ने लोगों से एक–एक कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उनके सामाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया।संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही। गौरतलब है कि जनता दरबार के दौरान शिकायत के रूप में आए आवेदन विभिन्न विभागों व योजना से संबंधित एवं असंबंधित रहे। जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात डीसी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया। सभी आवेदनों की भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिपुष्टि डीसी कार्यालय को समर्पित करें।

### अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग में माही स्पोर्ट्स येलो ने 57 रन से दर्ज की जीत



**साहिबगंज:** जिला क्रिकेट संघ के तत्वधान में सिदो–कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर–16 जिला क्रिकेट लीग टूनामेंट के तहत मंगलवार को संत जेवियर स्कूल ए बनाम माही स्पोर्ट्स येलो के बीच मैच खेला गया। माही स्पोर्ट्स येलो ने टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 236 रन बनाए। मो वमीक नईम ने 58, ऋषभ राज ने 40, शंकर साह ने 31, मयंक राज ने 24 रन की पारी खेली। संत जेवियर के गेंदबाज सूरज राज व आदित्य यादव 2–2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी संत जेवियर स्कूल की टीम 28.2 ओवर में 179 रन बना कर ऑल आउट हो गई। आदित्य यादव ने 32, विराट ने 30, शांतनु ने 32 रन की पारी खेली। माही स्पोर्ट्स येलो के गेंदबाज मनीष कुमार ने 5, वमीक व अब्राहम शेख ने 2–2 विकेट लिए। माही स्पोर्ट्स येलो ने 57 रन से जीत दर्ज की। माही स्पोर्ट्स येलो के खिलाड़ी वमीक नईम को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ अरशद आलम ने वमीक को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग चंदन यादव व श्याम रंजन तिवारी एवं स्कोरिंग मो अनाउल्लाह अंसारी ने किया।

### सिविल सर्जन ने रक्तदान शिविर का किया उद्घाटन



**साहिबगंज:** शहर के एलसी रोड स्थित जमा मस्जिद परिसर में मंगलवार को जमा मस्जिद इंतजामिया कमिटी के तत्वधान एवं यंग बॉयज कमिटी के बैनर तले रक्तदान शिविर लगाया गया। इसका उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान ने किया। इस दौरान सिविल सर्जन ने रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित किया। शिविर में इकबाल अली, शेर अली, मो सरफराज, तनवीर, शहाबुद्दीन, शाबान कुरैशी, अल्ताफ आलम सहित कुल 21 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। मौके पर मस्जिद के पेश इमाम मुफ़्ती अंजर हुसैन कासमी, कमिटी के अध्यक्ष शमशाद, सचिव शाबान खान, नज्जू खलीफा, हाशिम परवेज, मो फैयाज, मो आलम, डॉ अशफाक, सुनील सिन्हा, मुश्ताक, मो नेहाल सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### नशा के खिलाफ बरहरवा नगर पंचायत कार्यालय में शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन



**साहिबगंज:** जिला के बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के नगर पंचायत बरहरवा में मंगलवार को नशा के खिलाफ एक महत्वपूर्ण शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में सीटी मैनेजर पुरुषोत्तम देव की अध्यक्षता में सभी उपस्थित गणमान्य जनों ने नशामुक्ति का संकल्प लिया। इस अवसर पर बरहरवा नगर अध्यक्ष श्यामल दास, जयनाथ सिंह, अमीन शेख, ज्वाला सिंह, हीरा शेख, राजेश कुमार और अन्य नगर कर्मी उपस्थित थें। सभी ने नशा के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए संकल्प लिया।
समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने नशामुक्ति का संकल्प लिया और समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए अपने स्तर से योगदान देने का वादा किया। इस अवसर पर सीटी मैनेजर पुरुषोत्तम देव ने कहा कि नशा एक गंभीर समस्या है जिसका समाधान समाज के सभी वर्गों को मिलकर करना होगा। नगर पंचायत बरहरवा द्वारा आयोजित इस शपथ ग्रहण समारोह का उद्देश्य समाज को नशा के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना और नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित करना है। इस तरह के आयोजनों से समाज में नशे के खिलाफ एक सकारात्मक माहौल बनाने में मदद मिलेगी।

# नीतीश कुमार के शपथग्रहण से पहले प्रशांत किशोर का अटैक



## कहा: भ्रष्ट नेता फिर मंत्री बने तो कोर्ट जाएंगे, चुनाव आयोग पर उठाए सवाल

**पटना।** जन सुराज पार्टी के फाउंडर प्रशांत किशोर ने पार्टी की हार की जिम्मेदारी लेते हुए सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हमने कुछ नेताओं के बारे में जो बातें पहले कही थीं, वे वैसी ही हैं। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद थी कि सरकार एक्शन लेगी, लेकिन लोगों ने उन्हें फिर से चुना है और उन्हें बहुत बड़ा मैंडेट दिया है। अब यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह उन्हें मिनिस्ट्री में शामिल न करें। प्रशांत ने कहा कि अगर ऐसे नेताओं को फिर शामिल किया जाता है, तो हम लोगों के पास जाएंगे और जरूरत पड़ने पर कोर्ट भी जाएंगे। जिन चार लोगों के बारे में हमने पहले बताया था, अगर वे फिर से मिनिस्टर बनते हैं, तो हम कोर्ट जाएंगे।उन्होंने कहा कि आजाद भारत में पहली बार, खासकर बिहार में किसी सरकार ने लोगों के लिए 40,000 करोड़ रुपये खर्च करने का वादा किया और इसीलिए ठऊअ को इतनी बड़ी बहुमत मिली। प्रशांत ने कहा कि लोग कह रहे हैं कि वोटरों ने 10,000 रुपये के लिए अपने वोट बेच दिए। यह सच नहीं है; यहां के लोग अपना या अपने बच्चों का भविष्य नहीं बेचेंगे। इस बहस का कोई अंत नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग चुनाव आयोग पर गलत काम करने का आरोप लगा रहे हैं, यह उनका मामला है, लेकिन हर विधानसभा सीट पर कम से कम 60,000-62,000 लोगों को 10,000 रुपये दिए गए और 2 लाख रुपये का लोन देने का वादा किया गया। सरकारी अधिकारी ड्यूटी पर थे, जो लोगों को बता रहे थे कि अगर ठऊअ सत्ता में वापस आई तो उन्हें लोन मिलेगा और इसके लिए जीविका दीदियों को ड्यूटी पर लगाया गया था। प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार में 'वोट चोरी' कोई मुद्दा नहीं है। असली चिंता सरकारी मशीनरी का गलत इस्तेमाल है, जिसमें जीविका दीदियों को मोबिलाइजर के तौर पर इस्तेमाल करना शामिल है और मतदान के अंतिम दो घंटों में 15-20% वोट बढ़ने का पैटर्न है, जबकि इलेक्शन कमीशन ने इसकी डिटेल्स शेयर नहीं की हैं। उन्होंने कहा कि जनसुराज भले ही एक छोटी पार्टी है, लेकिन विपक्ष से रिक्वेस्ट करते हैं कि वे इसे सीरियसली लें और अगर जरूरत हो, तो सुप्रीम कोर्ट जाएं। यह देखने का भी समय है कि क्या मौजूदा मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट काफी है। प्रशांत किशोर ने कहा, पहली बार बिहार में ऐसा हुआ कि किसी चुनाव में सरकार ने 40 हजार करोड़ रुपए खर्च करने का वादा किया है। यही कारण है कि एनडीए को इतना बहुमत मिला है। 62 हजार लोगों को 10 हजार रुपए दिए गए। ये बयाने के तौर पर दिया गया। पूरा सरकारी तंत्र ये बताने लगा की अगले 6 महीने में स्वरोजगार के लिए 2 लाख दिए जाएंगे। 10 हजार रुपए के लिए लोग अपना वोट बच्चे का भविष्य नहीं खराब करेंगे। आपको समझने की जरूरत ही। बिहार का नागरिक होने के नाते करीब 1 लाख आंगनबाड़ी सेविका, आशा वर्कर और ममता की महिलाओं को 10 हजार करोड़ रुपए अलग से दिया गया है। प्रवासी मजदूरों और टोला सेवकों को अलग

### चुनाव आयोग पर सवाल, बिहार में ईवीएम पर बवाल



**बिहार विधानसभा चुनाव में दूसरी बार करारी हार झेलने वाली द प्लुरल्स पार्टी की प्रमुख पुष्पम प्रिय चौधरी ने अब ईवीएम पर ही सवाल उठा दिया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि मेरे गृह जिले में ईवीएम की पोल खुल चुकी है। हर दिन दरभंगा के अनेक वोटर फोन कर रहे हैं, मिलने आ रहे हैं। मैं खुद हर बूथ पर आपसे मिलने आऊंगी। पुष्पम ने दावा किया कि उन्हें साजिश के तहत हराया गया है। वोट चोरी की गई है। इसीलिए इस बार वह ईवीएम की पोल खोल कर रहेंगी। पुष्पम प्रिया चौधरी ने कहा कि दरभंगा के सभी प्रबुद्ध वोटरों से अपील किया है कि वह मुझे संपर्क कर बताएं कि किस बूथ, वार्ड या पंचायत में उन्होंनें मुझे वोट किया था। एक फॉर्म सारे वोटर को भेजा जा रहा है। न्यायालय और वैधानिक सारे रास्ते अख्तियार किए जाएंगे। लेकिन, सबसे बड़ी अदालत तो जनता की ही अदालत है। चलिए दरभंगा को चोरों से मुक्ति दिलाते हैं और देश का लोकतंत्र बचाते हैं। इससे पहले पुष्पम प्रिया ने दावा किया था कि दरभंगा के किसी भी बूथ पर आज पेपर बैलेट से चुनाव करा लें। यदि उसका वोट ईवीएम पर आए वोट के बराबर रहा या निकट भी रहा तो मैं राजनीति छोड़ दूंगी। ईवीएम में वोट चुराने से पहले नॉन-बिहारी एजेंट को जानकारी नहीं दी गई कि इस शहर में 50 साल से राजनीति कर रहे मेरे परिवार के ही हजारों वोट हैं।**

## जंगली सुअर व नीलगायों ने किसानों की मेहनत में लगा दी सेंध



### सब्जी के खेतों में पहरा बड़ी चुनौती

**तारडीह (दरभंगा) ।** कुर्सो मछैता रही टोला गांव में इस वर्ष सब्जी किसानों पर प्राकृतिक आपदा और जंगली जानवरों का दोहरा प्रहार हुआ है। हाल ही में आए चक्रवाती तूफान ने खेतों में लगी सब्जी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया था। तूफान से उबरने के बाद किसानों ने फिर से सब्जी की फसल को आबाद किया। लेकिन तूफान के बाद बची-खुची फसलों को जंगली सुअर और नीलगाय ने खेतों में घुसकर नष्ट कर रहे हैं। किसान मो. हकिम, मो. कमरूल, रशीद, मो. कमरे, मो. कयुम ने बताया कि कई प्रकार की सब्जियों के हजारों रुपये मूल्य की पौध और फसलों को जंगली जानवरों ने रौंद डाला है।खेतों में लगाए गए कद्दू, गोभी, बैंगन, मिर्ची, साग तथा अन्य मौसमी सब्जियों के पौधे जानवर चर जा रहे हैं या कोर कर बर्बाद कर दे रहे हैं। लगातार नुकसान से किसानों में गहरी निराशा है। धान गेहूं की फसल नुकसान होती है तो उसकी भरपाई तो किसी तरह हो जाती है पर सब्जी की खेती चौपट होने पर किसी प्रकार का सरकारी अनुदान नहीं मिलता है। किसानों का कहना है कि ठंड अभी जबकि पूरी तरह नहीं आई हुई है वे रात-रात भर पहरा देने को मजबूर हैं, फिर भी फसलों को बचा नहीं पा रहे। कई किसान आर्थिक तंगी की स्थिति में पहुंच चुके हैं। जंगली जानवरों से बचाव को लेकर कोई उपाय नहीं सूझ रहा है। किसानों ने प्रशासन और वन विभाग से जंगली सूअर व नीलगाय के आतंक से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है, ताकि खेती को होने वाले नुकसान को रोका जा सके। इस बाबत प्रखंड कृषि पदाधिकारी ललन कुमार यादव ने किसानों को सुझाव दिया है कि खेतों में मानव आकृति की पुतला बनाने के साथ फेंसिंग कर व सुगंधित नैप्थलीन गोली का प्रयोग खेतों में करने से जंगली जानवर खेत से दूर रहते हैं हालांकि उन्होंने बताया कि फेंसिंग को लेकर हार्टिकल्चर विभाग में समय-समय पर यह अनुदानित दर पर उपलब्ध होता है।

### स्कूटी सवार की मौत

**गया।** बिहार के गया जिले में सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने स्कूटी सवार एक युवक को रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही डेल्हा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। फिलहाल पुलिस मृतक की पहचान में जुटी है।घटना डेल्हा थाना क्षेत्र के छोटकी नवादा मोहल्ला स्थित गांधी मोड़ के पास दोपहर करीब 2 बजे हुई।

## संक्षिप्त डायरी

### किस्मत का क्रूर मजाक! पिता की अर्थी को कंधा देने जा रहा था बेटा, रास्ते में बाइक सवार ने रौंदा



**सहरसा।** जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां किस्मत के क्रूर मजाक ने एक परिवार को दो दिनों में पूरी तरह उजाड़ दिया। पिता की मौत के बाद उनकी शवयात्रा में शामिल होकर अंतिम विदाई देने जा रहे बेटे की भी सड़क हादसे में जान चली गई। यह घटना सौर बाजार थाना क्षेत्र के सुहथ पंचायत के अरंहा वार्ड-04 की है।परिजनों के अनुसार, रामचलीतर साह (50) अपने पिता, 75 वर्षीय घूरण साह की रविवार रात करीब 10:30 बजे बीमारी से हुई मौत के बाद सोमवार सुबह निकली शवयात्रा में शामिल थे। गांव और समाज के लोग शव यात्रा को श्मशान घाट लेकर जा रहे थे, वहीं रामचलीतर साह भी पैदल अपने पिता को अंतिम विदाई देने जा रहे थे। श्मशान घाट से पहले, बैजनाथपुरझसोनबरसा मुख्य मार्ग पर घर से लगभग 700 मीटर की दूरी पर तेज रफ्तार से आ रहे एक अज्ञात बाइक सवार ने रामचलीतर को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया।घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने तुरंत रामचलीतर को सौर बाजार स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें सदर अस्पताल, सहरसा रेफर कर दिया गया। लेकिन सोमवार रात इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। रामचलीतर तीन भाइयों में सबसे बड़े थे और मजदूरी कर पूरे परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनके चाचा अनिल कुमार के अनुसार, मृतक अपने पीछे चार बच्चे दो बेटे और दो बेटियां छोड़ गए हैं। परिवार में दो दिनों के भीतर दादा और पिता की मौत से कोहराम मचा हुआ है।घटना की पुष्टि करते हुए सौर बाजार थाना अध्यक्ष अजय पासवान ने बताया कि अज्ञात बाइक की ठोकर से रामचलीतर साह की मौत हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार सुबह शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस अब अज्ञात बाइक सवार की तलाश में जुटी है। यह हादसा पूरे इलाके में गम और सदमे का माहौल छोड़ गया है।

### खेत में मिली अज्ञात महिला की लाश

**चंपारण ।** पश्चिम चंपारण जिले के चनपटिया थाना क्षेत्र में सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब कैथवलियाझशम्भुआपुर रोड स्थित गन्ने के खेत से एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ। घटना की जानकारी फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए और इलाके में दहशत का माहौल बन गया।सूत्रों के अनुसार, योगेंद्र सिंह के गन्ने के खेत से तेज दुर्गंध आने पर ग्रामीण अंदर पहुंचे। करीब 50 मीटर आगे उन्हें एक प्लास्टिक और जूट के बोरे में बंद महिला का शव मिला, जिसे चारों तरफ से रस्सी से कसकर बांधा गया था। यह दृश्य देखते ही ग्रामीणों ने तुरंत चनपटिया पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष प्रभाकर पाठक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने बताया कि मृतका की उम्र लगभग 30 वर्ष प्रतीत होती है। शव में कीड़े पड़ चुके थे और सिर के बाल उखड़े हुए मिले। महिला ने सलवार-समीज पहन रखा था।थानाध्यक्ष के अनुसार, शव की हालत देखकर अंदाजा है कि हत्या दो से तीन दिन पूर्व की गई होगी और इसके बाद शव को बोरे में भरकर खेत में फेंका गया।

## स्पीड का कहर लेकिन किस्मत मेहरबान! कंटेनर नदी में गिरा



**मुजफ्फरपुर।** जिले के करजा थाना क्षेत्र में अहले सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जब तेज रफ्तार कंटेनर वैन एनएच-722 पर स्थित करजा पुल की रेलिंग तोड़ते हुए कदाने नदी में जा गिरी। हादसे के तुरंत बाद इलाके में अफरातफरी की स्थिति बन गई। कंटेनर में मौजूद दोनों चालक स्थानीय ग्रामीणों की मदद से शिशा तोड़कर बाहर निकाले गए। हालांकि उन्हें हल्की चोटें आई हैं, लेकिन बड़ी जनहानि होने से टल गई। घटना करजा थाना क्षेत्र के मुजफ्फरपुरझछपरा मुख्य सड़क मार्ग पर हुई, जहां एक खाली कंटेनर वैन मुजफ्फरपुर की ओर लौट रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सामने से आ रहा एक अनियंत्रित ट्रैक्टर अचानक मुड़ा, जिससे कंटेनर चालक ने स्टीयरिंग पर नियंत्रण खो दिया। इसी दौरान कंटेनर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए सीधे नदी में गिर गया।हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर जुट गए और किसी तरह दोनों चालकों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस दौरान घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई और कई मिनटों तक अफरातफरी का माहौल बना रहा।करजा थाना प्रभारी रामकृष्ण परम हंस ने बताया कि कंटेनर मुजफ्फरपुर शहर के रेवा रोड में दूध उतारकर लौट रहा था। इसी बीच करजा पुल के पास ट्रैक्टर के अचानक मुड़ने से कंटेनर अनियंत्रित हो गया और नदी में जा गिरा। उन्होंने पुष्टि की कि चालक सुरक्षित हैं और पुलिस टीम कंटेनर को क्रेन की मदद से बाहर निकालने की कवायद में जुटी है।घटना स्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि यदि समय रहते चालक बाहर नहीं निकलते, तो हादसा बड़ा रूप ले सकता था।

## दिल्ली-कोलकाता हाईवे की सर्विस रोड बदहाल, रोजाना ढाई किमी लंबा जाम

### एम्बुलेंस तक फंसी



**बाराचट्टी (गया)।** दिल्लीझ कोलकाता नेशनल हाईवे पथ संख्याझ19 के छह लेन चौड़ीकरण के दौरान निर्माण कार्यों की खामियों ने बाराचट्टी बाजार के पास गंभीर अव्यवस्था की स्थिति पैदा कर दी है।

बाराचट्टी थाना, वन विभाग कार्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ठीक सामने फ्लाईओवर निर्माण के कारण सड़क व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। जर्जर सर्विस रोड के चलते हर दिन डेढ़ से ढाई किलोमीटर लंबा जाम आम बात बन चुका है। इस जाम में फंसकर हजारों लोगों का रोजाना समय बर्बाद हो रहा है, जबकि सबसे अधिक परेशानी राहत-बचाव और स्वास्थ्य सेवाओं को हो रही है।

सर्विस पथ की स्थिति इतनी खराब है कि वाहन हिचकोले खाते हुए धीरे-धीरे आगे बढ़ते हैं। कई जगह तो छोटी गाड़ियां मिट्टी और गड्ढों में धंस जाती हैं, जिससे घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण एजेंसी और एनएचएआई प्राधिकरण की इस निरंकुशता ने आम जनजीवन को मुश्किल में डाल दिया है। स्कूल बसें, निजी वाहनों के साथ-साथ एम्बुलेंस तक दिनभर इसी जाम में फंसती रहती हैं। जाम के कारण एम्बुलेंस सेवाएं सबसे ज्यादा प्रभावित हो रही हैं। जीटी रोड पर कहीं दुर्घटना होने पर राहत पहुंचने में देरी हो जाती है। कई बार मरीजों को सीएचसी तक पहुंचने में भी इस जाम से जूझना पड़ता है, जिससे उनकी स्थिति और गंभीर हो जाती है। वहीं, बाराचट्टी थाना पुलिस को भी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में अतिरिक्त चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। जाम लगने से आपातकालीन स्थिति में त्वरित कार्रवाई बाधित होती है, जिसका सीधा असर पूरे क्षेत्र की कानून-व्यवस्था पर पड़ रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधि भी इस स्थिति को लेकर लगातार नाराजगी जताते रहे हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अजय सिंह चन्द्रवंशी ने कहा कि एनएचएआई प्राधिकरण अपनी जवाबदेही निभाने में पूरी तरह विफल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाईवे निर्माण कार्यों का उचित निरीक्षण न होने के कारण यह समस्या दिन-प्रतिदिन भयावह होती जा रही है। सर्विस रोड की यह बदहाल स्थिति कोई नई बात नहीं है, लेकिन इसके बावजूद प्राधिकरण ने इस ओर ध्यान देना जरूरी नहीं समझा।

## मिथिला विश्वविद्यालय में गोल्ड मेडल के साथ सम्मानित होंगे दो दर्जन से ज्यादा छात्र



**दरभंगा ।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में 21 नवंबर को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया जाएगा। इसकी तैयारी चरम पर है। इसमें 25 छात्रों को गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही 1,121 छात्रों को उपाधि प्रदान की जाएगी। पूर्व कुलपति समरेन्द्र प्रताप सिंह और राज मणि सिन्हा को मानद उपाधि प्रदान की जाएगी। सोमवार को 11वें दीक्षा समारोह के लिए प्रत्येक पीएचडी एवं स्नातकोत्तर उपाधि धारक छात्र-छात्राओं के लिए ड्रेस उपलब्ध करा दिया गया है। छात्रों के लिए सफेद पजामा-कुर्ता या धोती-कुर्ता तथा छात्राओं के लिए सफेद सलवार-लेमन येलो कुर्ता या लाल बार्डर के साथ लेमन येलो साड़ी-लाल रंग का ब्लाउज निर्धारित किया गया है। जिसकी व्यवस्था छात्र-छात्राओं ने अपने स्तर से की है। सोमवार को कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी ने दीक्षांत समारोह से संबंधित स्थल का निरीक्षण किया।निरीक्षण क्रम में उनके साथ वित्तीय परामर्शी इन्द्र कुमार, कुलसचिव डा. दिव्या रानी हंसदा, वाणिज्य के डीन प्रो. एचके सिंह, डब्ल्यूआईटी के निदेशक प्रो. अजय नाथ झा, डीएसडब्ल्यू प्रो. अशोक कुमार मेहता, कुलानुशासक प्रो. विजय कुमार यादव, महाविद्यालय निरीक्षक प्रो. अरुण कुमार सिंह, परीक्षा नियंत्रक डा. इंसान अली, दीक्षांत के मीडिया प्रभारी डा. आरएन चौरसिया, उप परीक्षा नियंत्रक (व्यावसायिक) डा. मनोज कुमार एवं उप परीक्षा नियंत्रक (शोध) डा. सुरेश पासवान, दीक्षांत के मीडिया इंचार्ज डा. आरएन चौरसिया, उप कुलसचिव (प्रथम) डा. उमाकांत पासवान, पेंशन पदाधिकारी डा. अताउर रहमान, खेल पदाधिकारी अमृत कुमार झा, पीजी एथलेटिक्स के अध्यक्ष डा. प्रियंका राय, विश्वविद्यालय प्रेस प्रभारी डा. देवेश कुमार शर्मा, भू संपदा पदाधिकारी डा. कामेश्वर पासवान, विश्वविद्यालय अभियंता एके सिंह एवं केशव कुमार, डा. अरविन्द कुमार मिलन, रामागर ठाकुर, सैयद मोहम्मद जमाल अशरफ, कृष्णा मुरारी, विजय कुमार लाल विद्याकर भी मौजूद थे।

## राबड़ी आवास के बाहर नारेबाजी: संजय यादव हरियाणा जाओ

### रोहिणी समर्थकों ने किया हंगामा, तेजप्रताप बोले: बहन का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे





**पटना।** तेजस्वी यादव के करीबी संजय यादव को लेकर अब राजद कार्यकर्ताओं में भी नाराजगी दिखने लगी है। सोमवार शाम राबड़ी आवास के गेट पर पार्टी कार्यकर्ता रोहिणी आचार्य के समर्थन में दिखे। वहीं संजय यादव के खिलाफ नारे लगाए। समर्थकों ने कहा- संजय यादव को हरियाणा भेजो। इधर, तेजप्रताप यादव ने भी इसे लेकर फिर फेसबुक पोस्ट किया है। उन्होंने कहा, मेरे अपमान तक ठीक था, लेकिन बहन का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। जयचंदों को जनता सबक सिखाएगी। बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद लालू परिवार में टकराव बढ़ गया है। राजनीति छोड़ने और अपने परिवार से नाता तोड़ने के ऐलान के एक दिन बाद रोहिणी आचार्य ने एक के बाद एक 2 सोशल मीडिया पोस्ट कर तेजस्वी यादव और संजय यादव पर गंभीर आरोप लगाए। रोहिणी आचार्य के राबड़ी आवास छोड़ने के बाद रविवार को तीन और बहनों रागिनी, राजलक्ष्मी और चंदा यादव भी दिल्ली रवाना हो गई हैं। ये तीनों बहनें अपने परिवार और बच्चों के साथ चली गई हैं। अब राबड़ी आवास खाली हो गया है। वहीं दिल्ली में रोहिणी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि 'चप्पल वाली बात सही है। रोहिणी जो बोलती है सही बोलती है। ये बात तेजस्वी, संजय और रमीज से पूछिए। मेरे माता-पिता रो रहे थे। मेरी बहनें रो रही थी मेरे लिए। भगवान न करे कि किसी के घर में मेरी जैसी बेटी हो। अभी मैं ससुराल जा रही हूं। मेरी सास भी रो रही है ये सब तमाशा देखकर। जिस घर में भाई हो तो उस घर में भाइयों का भी योगदान होना चाहिए। क्या सभी योगदान बेटियों को देना होता है?' इससे पहले रविवार सुबह रोहिणी ने एक इमोशनल पोस्ट कर कहा- 'मुझसे मेरा मायका छुड़वाया गया। मुझे अनाथ बनाया गया। मैंने रोते-रोते घर छोड़ा है। मुझे मारने के लिए चप्पल उठाई गई।' 'मैंने अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं किया। आप सब मेरे रास्ते कभी न चलें, किसी घर में मेरे जैसी बेटी-बहन न हो।' इस पोस्ट के बाद रोहिणी ने लालू को किडनी देने वाले फोटो-वीडियोज को फेसबुक पर पिन भी किया। दूसरी पोस्ट में रोहिणी ने लिखा- कल मुझे गालियों के साथ बोला गया कि मैं गंदी हूं और मैंने अपने पिता को अपनी गंदी किडनी लगवा दी, करोड़ों रुपए लिए, टिकट लिया तब लगवाई गंदी किडनी। सभी बेटी - बहन, जो शादीशुदा हैं, उनको मैं बोलूंगी कि जब आपके मायके में कोई बेटा - भाई हो, तो भूल कर भी अपने भगवान रूपी पिता को नहीं बचाएं, अपने भाई, उस घर के बेटे को ही बोलें कि वो अपनी या अपने किसी हरियाणवी दोस्त की किडनी लगवा दे। सभी बहन बेटियां अपना घर-परिवार देखें, अपने माता - पिता की परवाह किए बिना अपने बच्चे, अपना काम, अपना ससुराल देखें, सिर्फ अपने बारे में सोचें। मुझसे तो ये बड़ा गुनाह हो गया कि मैंने अपना परिवार, अपने तीनों बच्चों को नहीं देखा, किडनी देते वक्त न अपने पति, न अपने ससुराल से अनुमति ली। अपने भगवान, अपने पिता को बचाने के लिए वो कर दिया जिसे आज गंदा बता दिया गया। आप सब मेरे जैसी गलती, कभी, न करें किसी घर रोहिणी जैसी बेटी न हो। इससे पहले शनिवार देर रात उन्होंने रोते-रोते राबड़ी आवास भी छोड़ दिया। पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में रोहिणी ने कहा, 'मेरा कोई परिवार नहीं है। उन्होंने ही मुझे परिवार से निकाला है। सारी दुनिया सवाल कर रही है कि पार्टी का ऐसा हाल क्यों हुआ है, लेकिन उन्हें जिम्मेदारी नहीं लेनी है।'



# लॉग टर्म कोर्स की बजाय रोजगार पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं आज के युवा

**नौकरी तलाश करने वालों के लिए ये जो अनिष्ट ठहराव आया है, संभवतः उनके लिए एक नया रास्ता खोल दिया है, जब वे कुछ नया सीख सकते हैं और अपनी प्रक्षेत्र विशेषज्ञता को बढ़ा सकते हैं।**

एक ऑनलाइन शैक्षिक कंपनी, टलेंटेज और मार्किट रिसर्च एजेंसी के एक ताजा सर्वे के अनुसार भविष्य में लंबी अवधि के कॅरियर की योजना बनाना संभव नहीं होगा, क्योंकि विकास की गति जॉब मार्केट में बढ़ रही है और युवाओं को लगातार समय की मांग के मुताबिक खुद को ऐसे परिवेश में ढालना बेहद जरूरी होगा। वहीं इससे पहले किये गए एक सर्वेक्षण के मुताबिक आधा से ज्यादा नौकरी तलाश करने वालों ने लंबी अवधि के कॅरियर के उचित अवसर और विकास के लिए अपने कौशल को बढ़ाने के लिए लॉकडाउन अवधि का उपयोग किया। नौकरी तलाश करने वालों के लिए ये जो अनिष्ट ठहराव आया है, संभवत : उनके लिए एक नया रास्ता खोल दिया है, जब वे कुछ नया सीख सकते हैं और अपनी प्रक्षेत्र विशेषज्ञता को बढ़ा सकते हैं। डेटा साइंस और एनालिटिक्स कोर्स (22 प्रतिशत), इसके बाद डिजिटल मार्केटिंग (20 प्रतिशत), और वित्त और जोखिम प्रबंधन (16 प्रतिशत) शीर्ष पाठ्यक्रमों में से थे जो नौकरी ढूढ़ने वालों द्वारा चुने गए थे।

## गेजिंग इन टू द फ्यूचर

यंग इंडिया, देयर एस्पिरेशंस एंड कॅरियर चॉइस के एक सर्वेक्षण के अनुसार, अल्पकालिक पेशेवर योजना ही एक सही रास्ता है। उत्तरदाताओं ने कहा कि वे तेजी से एक 'नौकरी' के बारे में सोचेंगे और 'कॅरियर' नहीं, क्योंकि उनके आसपास की चीजें तेजी से बदल रही हैं और वे अगले पांच वर्षों में भी ऐसे जीवन कॅरियर की कल्पना नहीं कर सकते हैं जब बहुत सारे वैकल्पिक पाठ्यक्रमों के होते हुए भी शायद ही कुछ ऐसे होंगे जो एक उचित परिपेक्ष्य में, अनुकूल और लाभप्रद रोजगार दे सकेंगे। टलेंटेज ने 20,000 छात्रों में से ऐसे उत्तरदाताओं की पहचान की है जिन्होंने इस संस्था में पिछले वर्ष नामांकन किया था, उनमें से 60 उत्तरदाताओं ने इस सर्वे में भाग लेने के लिए फाइनल कट दिया है। सर्वेक्षण पर आधारित यह अध्ययन लगभग पांच वर्षों तक किया गया, जिसमें से मानव संसाधन प्रमुखों, सीएक्सओ, कॅरियर काउंसलर और समाजशास्त्रियों के उत्कृष्ट विचारों को संज्ञान में लिया गया, ताकि इस उभरते हुए झुकाव की विस्तृत तस्वीर सामने आ सके और उम्मीदवारों को सही मार्गदर्शन मिल सके। टलेंटेज के आदित्य मालिक ने एक बिजनेस समाचार पत्र में दिए गए एक वक्तव्य में बताया कि 29 साल की औसत आयु के साथ भारत 2026 तक दुनिया का सबसे युवा देश होगा। उन्होंने बताया की वो युवा भारतीयों के विचारों को, उनके कॅरियर के विकल्पों की संभावनाओं को और उनकी महत्वाकांक्षाओं के बारे में समझना चाहते थे। अध्ययन में पाया गया कि डिग्रियों का कम्पित अधिग्रहण कॅरियर का एक नया मापदंड होगा, जैसा कि उत्तरदाताओं ने कहा कि उन्हें क्रियाशील व व्यावहारिक तजुर्बों से सीखना होगा और जरूरत पड़ने पर और अधिक डिग्री हासिल करनी होगी। विशेषज्ञों ने इस सर्वेक्षण पर विचार विमर्श किया और पाया की शिक्षा सिर्फ एक बार का मामला नहीं होगा बल्कि एक सतत प्रक्रिया होगी जिसमें युवा जैसे जैसे आगे बढ़ते जायेंगे, डिग्रियां हासिल करते रहेंगे। आदित्य मालिक ने आगे बताया कि कॉर्पोरेट दुनिया के साथ बढ़ती निराशा युवाओं के जूनून को काम में परिवर्तित करने में उन्हें आगे ले जाएगी। लीक से हटकर बढ़ते हुए पाठ्यक्रमों ने नए कॅरियर को पंख दे दिए हैं। और आज के युवा भी शायद इसे ही ज्यादा महत्त्व दे रहे हैं और अपना रुझान भी इसी पर केंद्रित कर रहे हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि उद्यमिता, रचनात्मकता और नवाचार के लिए आज एक बहुत बड़ा स्कोप खुल गया है, यह स्वीकार करते हुए कि वे इस बात को लेकर निश्चित नहीं थे कि यह कितना आकर्षक होगा, क्योंकि इसके लिए बहुत अधिक प्रयास और परिश्रम की आवश्यकता होती है। तो अगर आप एक युवा हैं और अपने कॅरियर को लेकर गंभीर हैं तो शायद आप अच्छी तरह से समझ गए होंगे कि शार्टटर्म का कोई मनचाहा कोर्स आपको सही दिशा में ले जायेगा या फिर कोई लॉन्गटर्म वाला कोर्स।





# जीवाश्म विज्ञानी के रूप में तलाशें रोजगार की संभावनाएं

**एक जीवाश्म विज्ञानी जीवाश्मों अर्थात प्राचीन जीवों के अवशेषों का अध्ययन करते हैं ताकि पृथ्वी या प्रागैतिहासिक जीवन पर पिछले जीवन की पड़ताल की जा सके। यह छोटे बैक्टीरिया से लेकर विशालकाय डायनासोर तक हैं, ये जीवाश्म एक अरब वर्ष पुराने भी हो सकते हैं।**

पृथ्वी पर जीवन की शुरूआत लाखों-करोड़ों साल पहले ही हो गई है। ऐसे कई जीव व जानवर हैं, जो सालों पूर्व धरती पर मौजूद थे, लेकिन अब वह विलुप्त हो चुके हैं। लेकिन उनके जीवाश्म की मदद से पृथ्वी पर जीवन के इतिहास के अध्ययन को ही पेलियोन्टोलॉजी कहा जाता है। यह जीवाश्मों के अध्ययन के माध्यम से पृथ्वी पर पिछले जीवन की जांच है। जीवाश्म पौधों, जानवरों, कवक, बैक्टीरिया और अन्य एकल-कोशिका वाले जीवित जीवों के अवशेष या निशान हैं जो भूवैज्ञानिक अतीत में रहते थे और पृथ्वी की क्रस्ट में संरक्षित हैं। आमतौर पर यह माना जाता है कि पेलियोन्टोलॉजिस्ट सिर्फ डायनासोर का अध्ययन करते हैं, जबकि यह सच नहीं है। बल्कि यह जीवाश्मों की मदद से पृथ्वी पर जीवित चीजों की पूरी प्रजातियों का अध्ययन है। तो चलिए जानते हैं कि इस क्षेत्र में कैसे बनाएं करियर

## क्या होता है काम

एक जीवाश्म विज्ञानी जीवाश्मों अर्थात प्राचीन जीवों के अवशेषों का अध्ययन करते हैं ताकि पृथ्वी या प्रागैतिहासिक जीवन पर पिछले जीवन की पड़ताल की जा सके। यह छोटे बैक्टीरिया से लेकर विशालकाय डायनासोर तक हैं, ये जीवाश्म एक अरब वर्ष पुराने भी हो सकते हैं। वे प्रागैतिहासिक जीवन रूपों और जीवाश्मों की परीक्षा के माध्यम से पौधे और पशु जीवन के विकास पर शोध करते हैं। वे विलुप्त प्रजातियों के बारे में जानने के लिए जानवरों की हड्डियों, गोले और कास्ट का उपयोग करते हैं। साथ ही वह जीवाश्मों का पता लगाने और जीवाश्मों के बारे में प्रासंगिक तथ्यों की पहचान करने के लिए विभिन्न वैज्ञानिक तकनीकों का उपयोग करते हैं। उनके कार्यक्षेत्र में जीवाश्मों का पता लगाना और उनकी खुदाई करना, निष्कर्षों की पहचान, अनुसंधान और उन्हें साझाकरण करना शामिल है।

## पर्सनल स्किल्स

पेलियोन्टोलॉजिस्ट को कंप्यूटर की अच्छी जानकारी होनी चाहिए और सांख्यिकीय विश्लेषण में सक्षम होना चाहिए। इसके अलावा उसमें मौखिक और लिखित संचार कौशल भी होने चाहिए, क्योंकि उन्हें पेशेवरों की एक टीम के साथ काम करना होता है।

पैलियोन्टोलॉजिस्ट के पास उच्च जिज्ञासा स्तर और इमेजिनेशन पावर होनी चाहिए। उन्हें तार्किक और गंभीर रूप से सोचने में सक्षम होना चाहिए, जिज्ञासु और अत्यंत विश्लेषणात्मक होना चाहिए, और एकत्रित डेटा या जानकारी से निष्कर्ष निकालने की क्षमता भी इस क्षेत्र के लिए बेहद जरूरी है। चूंकि जीवाश्म विज्ञान एक कठिन काम है, जिसमें जीवाश्मों को खोजने और खुदाई करने के लिए बहुत से बाहरी काम करने की आवश्यकता होती है, एक इच्छुक व्यक्ति को धैर्यपूर्ण होना चाहिए।

## योग्यता

पैलियोन्टोलॉजी एक विज्ञान से संबंधित लेकिन व्यापक क्षेत्र है। इसलिए एक जीवाश्म विज्ञानी को भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और भूविज्ञान को जानना आवश्यक है। जीवाश्म विज्ञान में अधिकांश प्रवेश स्तर के पदों के लिए भूविज्ञान या पृथ्वी विज्ञान में मास्टर डिग्री की आवश्यकता होती है। वहीं रिसर्च और कॉलेज टीचिंग के लिए पीएचडी होना आवश्यक है। कई भाषाओं का ज्ञान इस क्षेत्र के लिए एक अतिरिक्त लाभ है।

## रोजगार की संभावनाएं

एक पेलियोन्टोलॉजिस्ट के रूप में आप कॉलेजों और विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थान, संग्रहालयों, या राज्य और संघीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षणों, प्रयोगशालाओं आदि में काम कर सकते हैं। जीवाश्म विज्ञानी सार्वजनिक व निजी दोनों ही क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाएं तलाश सकते हैं।

## आमदनी

एक जीवाश्म विज्ञानी की आमदनी उनके शिक्षा के स्तर, अनुभव व जहां पर वे काम करते हैं, उस पर निर्भर करती है। निजी क्षेत्र में आपकी योग्यता व अनुभव के आधार पर अच्छा वेतन मिलता है। शुरूआती रूप में एक जीवाश्म विज्ञानी 15000 से 25000 रूपए प्रतिमाह आसानी से कमा सकता है। इसके बाद आपके अनुभव के आधार पर आमदनी बढ़ती जाती है।

## प्रमुख संस्थान

भारत में केवल एक संस्थान जीवाश्म विज्ञान में एक पाठ्यक्रम प्रदान करता है और यह हैदराबाद के बंडलागुडा में स्थित जिओलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया है।



# अलग-अलग भाषाओं के साथ लैक्सोग्राफी में बना सकते हैं कॅरियर

**एक लेक्सोग्राफर को संबंधित भाषा का गहरा ज्ञान होना चाहिए। अंग्रेजी पर उनकी पकड़ काफी अच्छी होनी चाहिए। साथ ही विभिन्न भाषाओं को जानने की जिज्ञासा, पढ़ने की आदत, अनुसंधान और विश्लेषणात्मक कौशल, टीम वर्क और लिखित संचार कौशल, प्रभावी समय प्रबंधन और संगठनात्मक कौशल हैं।**

वर्तमान समय में, छात्रों के लिए संभावनाओं का एक खुला आसमान है, जहां पर वह विचरण करके एक सुखद व सफल भविष्य बना सकते हैं। ऐसा ही एक क्षेत्र है लेक्सोग्राफी। हो सकता है कि आपके लिए यह शब्द नया हो, लेकिन हम आपको बता दें कि शब्दकोश प्रारूप में 'शब्द' लिखने की कला को लेक्सोग्राफी कहते हैं। लैंग्वेंज स्टडी के इतिहास में इसका एक अहम् स्थान है। जिसमें शब्दकोश निर्माण के दौरान इतिहास, थ्योरी, मैथडोलॉजी और टाइपोलॉजी शामिल है। अगर आप भी अलग-अलग भाषाओं के साथ अपना भविष्य देखते हैं तो आप लैक्सोग्राफी के क्षेत्र में अपना कॅरियर बना सकते हैं। तो चलिए जानते हैं कि इस क्षेत्र में कैसे बनाएं अपना कॅरियर-

## क्या होता है काम

लेक्सोग्राफर एक प्रोफेशनल भाषाविद् होते हैं, जो डिक्शनरी, एनसाइक्लोपीडिया व अन्य रेफरेंस टेक्स्ट जैसे लॉ और मेडिकल डिक्शनरी बनाने के लिए रिसर्च, लेखन, संकलन व संपादन करते हैं। आमतौर पर, लेक्सोग्राफी को दो शाखाओं में विभाजित किया गया है, पहला प्रैक्टिकल लेक्सोग्राफी और दूसरा सैद्धांतिक लेक्सोग्राफी। प्रैक्टिकल लेक्सोग्राफी में शब्दकोशों का संकलन, लेखन और संपादन की प्रक्रिया शामिल है। वहीं सैद्धांतिक लेक्सोग्राफी में लैंग्वेंज की स्टडी और इसकी शब्दावली के अध्ययन पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है। इस प्रकार अगर देखा जाए तो एक लेक्सोग्राफर का काम सिर्फ परिभाषाएं लिखना ही नहीं होता, बल्कि सही लोगों के लिए सही परिभाषा लिखना होता है।

**पर्सनल स्किल्स** - एक लेक्सोग्राफर को संबंधित भाषा का गहरा ज्ञान होना चाहिए। अंग्रेजी पर उनकी पकड़ काफी अच्छी होनी चाहिए। साथ ही विभिन्न भाषाओं को जानने की जिज्ञासा, पढ़ने की आदत, अनुसंधान और विश्लेषणात्मक कौशल, टीम वर्क और लिखित संचार कौशल, प्रभावी समय प्रबंधन और संगठनात्मक कौशल हैं। इसके अलावा आपको ग्रामाटिकल और कम्प्यूटेशनल भाषा का भी अच्छा ज्ञान होना चाहिए। एक बेहतरीन क्रिटिकल थिंकिंग, ओपन-मांइडेड, व हर छोटी बातों पर गहरी नजर होनी चाहिए। लेक्सोग्राफी एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें आपको कड़ी मेहनत और पूर्ण रूप से जिम्मेदारी निभाना आना चाहिए।

**शैक्षणिक योग्यता** - इस क्षेत्र में कॅरियर देख रहे छात्रों को अंग्रेजी या किसी अन्य संबंधित भाषा में मास्टर या डॉक्टरेट की डिग्री होना आवश्यक है। वर्तमान में देश में ऐसे कई विश्वविद्यालय हैं, जो विभिन्न भाषाओं जैसे अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, तमिल, पंजाबी आदि में लेक्सोग्राफी पाठ्यक्रम संचालित करते हैं।

**संभावनाएं** - लेक्सोग्राफर कई पब्लिशिंग हाउस के लिए काम करते हैं। वह अपना कॅरियर असिसटेंट एडिटर या फिर जूनियर एडिटोरियल असिसटेंट के तौर पर शुरू कर सकते हैं। कुछ अनुभव प्राप्त करने के बाद आप बतौर लेक्सोग्राफर काम कर सकते हैं।

**आमदनी** - यह एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें लोग सैलरी के लिए नहीं, बल्कि अपनी खुशी के लिए काम करते हैं। एक पब्लिशिंग हाउस में काम करने वाले लेक्सोग्राफर 15000 से 20000 रूपए प्रतिमाह कमा सकते हैं। वैसे कई लेक्सोग्राफर एक फ्रीलांसर के तौर पर काम करते हैं और इस तरह वह हर प्रोजेक्ट के लिए चार्ज करते हैं।

## प्रमुख संस्थान

- डेक्कन संस्थान, पुणे
- पंजाबी यूनिवर्सिटी, पटियाला
- मद्रास विश्वविद्यालय केरल विश्वविद्यालय, केरल
- भारथिअर यूनिवर्सिटी, कोयंबटूर



# डॉक्टर बनने के लिए जरूरी है नीट परीक्षा ऐसे करें तैयारी

**नीट परीक्षा की योग्यता की बात करें तो 12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी सब्जेक्ट के साथ मिनिमम 50 परसेंट मार्क होना अनिवार्य है। इसके अलावा आवेदक की कम से कम 17 वर्ष की उम्र होना चाहिए।**

नीट मतलब नेशनल एलिजिबिलिटी एंट्रेंस टेस्ट! यह परीक्षा देशभर में मेडिकल कॉलेजेज में एडमिशन लेने के लिए आयोजित की जाती है। 12वीं के बाद अगर आप भी डॉक्टर बनना चाहते हैं और इससे संबंधित एमबीबीएस अथवा बीडीएस की पढ़ाई करना चाहते हैं तो आप को इस नीट का एग्जाम देना ही पड़ेगा। बता दें कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए द्वारा इसके लिए एंट्रेंस एग्जामिनेशन प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है। इस परीक्षा की योग्यता की बात करें तो 12वीं में फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी सब्जेक्ट के साथ मिनिमम 50 परसेंट मार्क होना अनिवार्य है। इसके अलावा आवेदक की कम से कम 17 वर्ष की उम्र होना चाहिए।

जान लें कि अगर आपने 12वीं की पढ़ाई ठीक ढंग से की है, खासकर बायोलॉजी, फिजिक्स व केमिस्ट्री में, तो आप इस परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त कर सकते हैं, किंतु ध्यान रखने वाली बात यह है कि यह राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाने वाली एकमात्र मेडिकल परीक्षा है। अत : कंपटीशन बेहद कठोर होता है। अत : मुश्किल तो होगी, किन्तु यह नामुमकिन कतई नहीं है! परीक्षा के माध्यम की बात करें तो हिंदी और अंग्रेजी में इसके प्रश्न दिए जाते हैं। अगर आप इस परीक्षा में पास हो जाते हैं तो ऑनलाइन इसकी काउंसलिंग होती है और नेशनल लेवल के अलावा स्टेट लेवल पर भी इसकी काउंसलिंग कंडक्ट की जाती है। इसमें अलग-अलग कैटेगरी के हिसाब से सीटों को आवंटित किया जाता है। एनटीए की ऑफिशियल वेबसाइट पर इसकी दूसरी कई जानकारियां आपको मिल जाएंगी। यहां तक कि आप मॉक टेस्ट का पेपर भी यहाँ से डाउनलोड कर सकते हैं और उस हिसाब से अपनी तैयारी को धार दे सकते हैं। कॅरियर एक्सपर्ट्स तैयारी के लिए सलाह देते हैं कि आपको काफी पहले से इस पर ध्यान देना होता है, किंतु जिस स्तर का टफ एग्जामिनेशन होता है, उसे देखते हुए आपको अंतिम के तकरीबन 2 महीने बेहद सटीकता से रिवीजन पर बिताना होगा। इसके लिए आपको न केवल स्ट्रेस से बचना होगा, बल्कि बेहतरीन तैयारी के लिए पूरी शेड्यूलिंग करके अलग-अलग सब्जेक्ट पर ध्यान देना होगा। ध्यान रहे! यह कोई साधारण एग्जामिनेशन नहीं है, इसलिए आप भिन्न एक्सपर्ट्स से मार्गदर्शन लेने में संकोच ना करें। इसमें पिछले वर्ष के टॉपर्स का इंटरव्यू आपको मिल जाएगा, जिसे आपको पढना-सुनना चाहिए। इसी प्रकार से जो दूसरे एक्सपर्ट्स हैं, उनकी राय भी आपको काफी लाभ पहुंचा सकती है। किन्तु अंत में आपका डिसिप्लिन और बेहतरीन रिवीजन के साथ मॉक टेस्ट पेपर अधिक से अधिक बार सॉल्व करना आप के लिए सबसे मददगार साबित हो सकता है। कंप्रिहेंसिव रिवीजन इसमें काफी फायदेमंद साबित होता है। इसके लिए आपको एनसीआरटी बुक्स का गहराई से अध्ययन करना चाहिए। अंत में आपको संपूर्ण सिलेबस पर ध्यान देना होता है और सिलेक्टिव टॉपिक्स को स्टडी करने से बचना है। आपको सम्पूर्ण कोर्स के अधिक से अधिक हिस्सों को, कम से कम समय में कवर करने की कोशिश करनी चाहिए। ध्यान रहे, इसका कोई शॉर्टकट नहीं है, बल्कि कड़ी मेहनत ही आपको इसमें इक्षित परिणाम दे सकती है।



# बीसीसीआई का बड़ा फैसला, राजनीतिक तनाव के चलते भारत-बांग्लादेश महिला क्रिकेट सीरीज रद्द

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और बांग्लादेश की महिला टीमों के बीच अगले महीने होने वाली सीमित ओवरों की घरेलू सीरीज को बीसीसीआई ने फिलहाल स्थगित कर दिया है। बोर्ड अब दिसंबर में टीम इंडिया के लिए एक वैकल्पिक सीरीज कराने के विकल्प तलाश रहा है।

आईसीसी के भविष्य दौरा कार्यक्रम (FTP) के तहत यह सीरीज कुल 6 मैचों- 3 वनडे और 3 टी20 की थी, जिन्हें कोलकाता और कटक में आयोजित किया जाना था।

### सीरीज क्यों टली?

बीसीसीआई ने आधिकारिक तौर पर कारण नहीं बताया है, लेकिन सूत्रों के अनुसार, भारत-बांग्लादेश के बीच चल रहे राजनीतिक तनाव इस फैसले की बड़ी वजह हैं। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को उनके देश में एक अदालत द्वारा मौत की सजा सुनाए जाने के बाद से वहां हालात बेहद तनावपूर्ण हैं। इसी राजनीतिक उथल-पुथल से दोनों देशों के संबंध भी प्रभावित हुए हैं।

ढाका की अंतरिम सरकार ने हसीना को भारत से सौंपने की मांग भी की है, जिसके चलते माहौल और गंभीर हो गया है।

### बीसीसीआई और बीसीबी की प्रतिक्रिया

बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया: 'हम दिसंबर में वैकल्पिक सीरीज आयोजित करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन फिलहाल इस पर काम जारी है।'

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) ने भी पुष्टि की कि उन्हें सीरीज स्थगित होने की जानकारी बीसीसीआई से मिल चुकी है और वे नई तारीखों का इंतजार कर रहे हैं।

### पहले भी टल चुका है भारत का बांग्लादेश दौरा

इससे पहले, अगस्त 2025 में होने वाला भारतीय पुरुष टीम का सफेद गेंद का दौरा भी सितंबर 2026 तक टाल दिया गया था क्योंकि बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के चलते हसीना सरकार गिर गई थी।

### भारत के लिए बड़ी बाधा

यह महिला टीम के लिए विश्व कप जीत के बाद पहली अंतरराष्ट्रीय सीरीज होनी थी। यह सीरीज महिला ओडीआई चैंपियनशिप के नए चक्र की शुरुआत भी करती।



# भारत में 17 दिसंबर से होगी विश्व टेनिस लीग, मेदवेदेव और बोपन्ना सहित कई स्टार खिलाड़ी लेंगे हिस्सा



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन दानिल मेदवेदेव और 2022 की विंबलडन चैंपियन एलेना रयबाकिना सहित कई शीर्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी यहां 17 दिसंबर से होने वाले विश्व टेनिस लीग (WTL) में भारतीय प्रशंसकों के सामने अपना जलवा दिखाएंगे।

इस प्रतियोगिता की शुरुआत 2022 में की गई थी और पहली बार भारत में इसका आयोजन किया जा रहा है। इससे पहले इस चार दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात में किया जाता रहा है। मेदवेदेव और रयबाकिना के अलावा आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी निक किर्गियोस, फ्रांसीसी स्टार गेल मोनफिल्स और पाउला बडोसा भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। हाल ही में शीर्ष स्तर के टेनिस से संन्यास लेने वाले रोहन बोपन्ना, सुमित नागल, युकी भांबरी, अंकिता रैना, श्रीवल्ली भामिदीपती और माया रेवती लीग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

रयबाकिना ने कहा, 'मैंने भारत में टेनिस संस्कृति के बारे में बहुत कुछ सुना है और मैं डब्ल्यूटीएल के साथ यहां अपनी शुरुआत करने के लिए रोमांचित हूं। मैं अपनी टीम के साथ कोर्ट पर हर पल का आनंद लेने के लिए तैयार हूं।' WTL में चार टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेलेंगी। प्रत्येक मुकाबले में पुरुष एकल, महिला एकल और दो युगल मैच खेले जाएंगे। राउंड रोबिन के बाद शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें फाइनल में पहुंचेंगी।

# एशेज सीरीज 2-2 से बराबरी पर रहेगी : वॉन



**लंदन (एजेंसी)।** इसी माह 21 नवंबर से पर्थ में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच होने जा रही एशेज सीरीज के परिणामों को लेकर कई दिग्गज क्रिकेटरों ने अपनी-अपनी अपनी राय रखनी शुरु कर दी है। इसी कड़ी में अब इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का भी बयान आया है। इसमें वॉन ने कहा है कि दोनो ही टीमें सीरीज में सीरीज 2-2 से बराबरी पर रहेगी। पांच मैचों की इस सीरीज का पहला मैच पर्थ में खेला है। वॉन ने भविष्यवाणी की है कि एशेज सीरीज में दोनो ही टीमें दो-दो मैच जीतेंगी जबकि एक मैच बराबरी पर रहेगा। वॉन के अनुसार मेहमान टीम इंग्लैंड पर्थ में सीरीज के पहले मैच में जीत दर्ज करेगी, क्योंकि इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड नहीं खेलेंगेहै। वॉन ने सोशल मीडिया में लिखा, अगर स्टोक्स फिट रहते हैं, तो मुझे लगता है कि यह सीरीज 2-2 से बराबर रहेगी। इंग्लैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में जीत हासिल कर सकती है। वहीं अगर सीरीज से पहले कोई खिलाड़ी चोटिल नहीं होता, तो यही भविष्यवाणी बनी रहेगी।

कमिंस अभी पीठ की चोट से उबर रहे हैं, जबकि तेज गेंदबाज हेजलवुड को शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई। वहीं इससे पहले वॉन ने कहा था कि हेजलवुड के बाहर होने के बाद इंग्लैंड की स्थिति पहले से बेहतर है।

वॉन ने तब कहा था, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हेजलवुड और कमिंस पहले टेस्ट से बाहर हैं। इससे इस सीरीज में इंग्लैंड का पलड़ा भारी हो गया है। ऐसे में पर्थ में उनके लिए एक अंक आगे जाने का बड़ा अवसर है। इस वक्त ऑस्ट्रेलियाई टीम में केवल मिचेल स्टार्क ही पूरी तरस से फिट पहली पसंद के तेज गेंदबाज हैं, जबकि स्कॉट बोलैंड बैकअप खिलाड़ी हैं। हेजलवुड के चोटिल होने की वजह से ऑस्ट्रेलिया दोनों ऑलराउंडरों कैमरन ग्रीन और ब्यू वेबस्टर को तेज गेंदबाज के रूप में अवसर दे सकता है। वहीं अनकैप्ड तेज गेंदबाज ब्रेंडन डोगेट पर्थ में अपना टेस्ट डेब्यू कर सकते हैं।

# गावस्कर ने कहा कोलकाता टेस्ट में पिच को दोष देना गलत

**-कोच गंभीर को भी बचाव किया**

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि कोलकाता टेस्ट में पिच का बचाव करने का मुख्य कोच गौतम गंभीर का फैसला बिलकुल सही है। गावस्कर ने कहा कि पिच को बिना कारणों के दोष दिया जा रहा है। पिच खतरनाक नहीं थी। रही भारतीय बल्लेबाज़ों के विकेट खोने की बात तो वे टेम्परामेंट और तकनीक की कमी के कारण असफल रहे।

कोलकाता टेस्ट तीन दिन भी नहीं चला। इस मैच में भारतीय टीम 124 के लक्ष्य का पीछा करते हुए केवल 93 रन ही बना पायी।.

इस मैदान की पिच पहले ओवर से ही अनियमित उछाल और टर्न का सामना कर रही थी। गंभीर ने कहा कि पिच में कमी नहीं थी। उन्होंने सीधा दोष बल्लेबाज़ों पर रखा और कहा कि उनसे इससे कहीं बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी।

गावस्कर ने कहा, मैं गंभीर से पूरी तरह सहमत हूं। 124 रन इस पिच पर हासिल किये जा सकते थे। इसमें कोई सवाल ही नहीं है। बहुत लोग कह रहे हैं कि पिच क्या कर रही थी पर अगर आपने देखा हो कि साइमन हार्मर एक ओवर में कितनी गेंदें टर्न करा रहे थे? वह गेंदों में बहुत बदलाव कर रहे थे। वह सीधी गेंद फेंक रहे थे और कभी-कभी एक गेंद को टर्न करा देते थे।.

गावस्कर ने भारतीय बल्लेबाज़ों के स्वभाव पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे बहुत जल्दी बड़े शॉट खेलने के प्रयास कर रहे थे। दन्होंने कहा, यह कोई खतरनाक टर्निंग पिच नहीं थी. यह ऐसी पिच थी जिस पर आपको पांच दिन का टेस्ट खेल रहे हों, ऐसा बल्लेबाज़ी करनी थी, न कि 50 ओवर या टी20 की तरह कि तीन डॉट गेंदों के बाद आप बड़ा शॉट खेलने लग जाएं। यही मुख्य समस्या है। 124 रन भारत की इस बल्लेबाज़ी लाइन-अप के साथ कम से कम पांच विकेट रहते हासिल कर लिए जाने चाहिए थे।

गावस्कर ने कहा, मैं गौतम गंभीर से पूरी तरह सहमत हूं कि पिच में कुछ भी गलत नहीं था। तीसरे दिन एक-दो गेंद का टर्न होना सामान्य है। महाराज की कितनी गेंदें टर्न हुईं? जडेजा या अक्षर की कितनी गेंदें टर्न हुईं? लोग इसे स्पिनिंग पिच कह रहे हैं, जबकि इसमें कुछ भी खतरनाक नहीं था।खराब तकनीक और खराब टेम्परामेंट के कारण भारतीय टीम इस मैच में हारी।



वहीं इससे पहले कई पूर्व क्रिकेटरों चेतेश्वर पुजारा, हरभजन सिंह आदि ने पिच की आलोचना करते हुए कहा था कि इसपर बल्लेबाजी करना संभव नहीं था।

# दूसरे टेस्ट में शुभमन का खेलना तय नहीं, नितीश किये जा सकते हैं शामिल

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी में होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट में खेलने की संभावना कम है। ऐसे में इस मैच में ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी को शामिल किया जा सकता है। शुभमन की गर्दन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में बल्लेबाजी के दौरान जकड़न आ गयी थी। इस कारण वह अस्पताल में भी भर्ती थे हालांकि अब वह होटल वापस आ गये हैं पर अभी तक पूरी तरह फिट नहीं हुए है। ऐसे में माना जा रहा है कि उनका दूसरे टेस्ट में गुवाहाटी में खेलना तय नहीं है। वहीं रेड्डी को ईडन गार्डन्स टेस्ट से पहले टीम से रिलीज कर दिया गया था पर अब उनकी वापसी होने की संभावना है।

नितीश कोलकाता टेस्ट मैच से पहले बीसीसीआई ने रिलीज कर भारत ए के के लिए खेलने के लिए कहा था। वहीं शुभमन के फिट नहीं होने के कारण बोर्ड ने उन्हें दूसरे टेस्ट के लिए शामिल किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार वह 18 नवंबर को ईडन गार्डन्स में वैकल्पिक सत्र में अभ्यास भी करेंगे.

रेड्डी ने भारत ए की ओर से दो लिस्ट ए मैच खेले और जबकि उन्हें दूसरे मैच में बल्लेबाजी और गेंदबाजी का अवसर नहीं मिला था। उन्होंने पहले मैच में 37 रन बनाए थे 18 रन देकर एक विकेट लिया था। टेस्ट टीम में फिर से शामिल पर वह 19 नवंबर को होने वाले भारत ए के तीसरे मैच में नहीं खेलेंगे।

वहीं शुभमन के बाहर होने से टीम की बल्लेबाजी कमजोर हुई है और इसी कारण रेड्डी जोड़ा जा रहा है। शुभमन अभी गर्दन के दर्द से उबर रहे हैं। बोर्ड उनके कार्याभार प्रबंधन पर भी ध्यान रखे हुए है। भारतीय टीम के पास अन्य विकल्प के तौर पर बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल और साई सुदर्शन भी हैं प रेड्डी को अंतिम ग्यारह में शामिल करने से निचले क्रम में बल्लेबाजी को मजबूती मिलने की संभावना है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बल्लेबाजी कमजोर पड़ने से पहला टेस्ट तीन दिनों के अंदर ही समाप्त हो गया था।



# भारत-दक्षिण अफ्रीका दूसरे टेस्ट के समय में नजर आयेंगे बदलाव

## लंच ब्रेक से पहले होगा टी ब्रेक

गुवाहाटी। भारत और इंग्लैंड के बीच 22 नवंबर से गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में समय के साथ ही अन्य कुछ बदलाव भी नजर आयेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने यहां के मौसम को देखते हुए समय में ये बदलाव किया गया है। इसके तहत ही ये मैच सुबह 9 बजे शुरु होगा जबकि आमतौर पर भारत में मैच 9.30 पर शुरु होते हैं। पूर्वोत्तर भारत में सूर्योदय और सूर्यास्त जल्दी होने के कारण समय में बदलाव किया है। इसी के तहत ही गुवाहाटी में टॉस सुबह 8:30 बजे कराया जाएगा और फिर पहली गेंद 9 बजे फेंकी जाएगी। पांचों दिन पहला सत्र 9 से 11 बजे तक होगा। इसके बाद 20 मिनट का चाय का ब्रेक होगा। दूसर सत्र 11.20 बजे से 1.20 बजे तक चलेगा। दूसरे सत्र की समाप्ति के बाद 40 मिनट का लंच ब्रेक रहेगा। फिर दोपहर 2 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक अंतिम सत्र होगा। यदि तय समय में पूरे ओवर नहीं होते हैं तो खेल को आधा घंटा आगे बढ़ाया जाएगा। इस प्रकार मुकाबला शाम 4.30 बजे तक आगे बढ़ सकता है. ये पहली बार होगा जब किसी टेस्ट में पहले टी ब्रेक और फिर लंच ब्रेक होगा। इसी को लेकर बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, यह व्यावहारिक फैसला है। सर्दियों के समय पूर्वोत्तर भारत में सूर्योदय और सूर्यास्त बहुत जल्दी हो जाते हैं। शाम 4 बजे तक रोशनी काफी कम हो जाती है और उसके बाद ज्यादा खेलनो संभव नहीं हो पाता है। इसी चलते हमने इस टेस्ट मैच को जल्दी शुरू करने का फ़ैसला लिया है। इस सीरीज का पहला टेस्ट दक्षिण अफ्रीका ने 30 रनों से जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त ली है। ऐसे में भारतीय टीम का लक्ष्य इस मैच को जीतना रहेगा।

# अर्जुन तेंदुलकर ने सीनियर क्रिकेट में अपने 100 विकेट पूरे किये

मुम्बई। गोवा की ओर से रणजी ट्रॉफी में खेलते हुए ऑलराउंडर अर्जुन तेंदुलकर ने सौराष्ट्र के खिलाफ मैच में एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। अर्जुन ने इस मैच में सौराष्ट्र के हरविक देसाई को 45 रन पर आउट करने के साथ ही सीनियर क्रिकेट में अपने विकेटों का शतक पूरा किया। उन्होंने सीनियर क्रिकेट में अपना पहला विकेट जनवरी 2021 में हरियाणा के खिलाफ अपनी पुरानी टीम मुंबई की ओर से डेब्यू मैच में लिया था। अर्जुन ने मुंबई की ओर से केवल एक सीनियर मैच खेला हैं। इसके बाद वह गोवा चले गये थे। उन्होंने दिसंबर 2022 में राजस्थान के खिलाफ मैच में गोवा की ओर से रणजी ट्रॉफी में डेब्यू किया। अर्जुन ने रणजी ट्रॉफी में अपने पिता सचिन तेंदुलकर की तरह ही डेब्यू में शतक लगाया था। अर्जुन ने रणजी डेब्यू से एक महीने पहले आंध्र प्रदेश के खिलाफ लिस्ट ए में डेब्यू किया था। अर्जुन के नाम फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में 48 विकेट हैं। उन्होंने एकदिवसीय क्रिकेट में 25 बल्लेबाजों को आउट किया है। अर्जुन के नाक टी20 में 27 विकेट हैं। अर्जुन आईपीएल 2021 की मिनी-नीलामी में अपने बेस प्राइस 20 लाख रुपये में मुंबई इंडियंस पहुंचे थे। उन्होंने आईपीएल 2025 की बड़ी नीलामी में भी उन्हें उसी कीमत पर फिर से लिया था। अर्जुन ने 2023 में आईपीएल में डेब्यू किया और उस सीजन में 4 मैचों में 3 विकेट लि। उन्होंने आईपीएल 2024 में केवल एक मैच खेला था।



# आईपीएल 2026 सत्र में टीम के भरोसे को सही साबित करना रहेगा मार्कराम का लक्ष्य

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज एडेन मार्कराम ने कहा है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सत्र में लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से बेहतर प्रदर्शन का पूरा प्रयास करेंगे। मार्कराम 2025 सत्र में भी सुपर जायंट्स के साथ थे और उनका कहना है कि फ्रैंचाइजी के उन्होंने टीम में बनाये रहने से वह बेहद खुश हैं। मार्कराम ने गत सत्र में 13 मैचों में 34.23 की औसत और 148.83 के स्ट्राइक रेट से 445 रन बनाए थे जिसमें 5 अर्धशतक भी शामिल थे। इसके अलावा उन्होंने चार विकेट भी लिए थे। इसी कारण उन्हें टीम ने अपने साथ रखा है।।

मार्करम ने कहा, मैंने पिछले साल लखनऊ फ्रैंचाइजी के साथ अपने समय का भरपूर आनंद लिया। मैंने साथी खिलाड़ियों से बहुत अच्छी दोस्ती की और टीम के साथ कुछ महीने बिताए। इसलिए मुझे रिटेन किए जाने पर बहुत खुशी है और निश्चित रूप से उनके साथ एक और सत्र खेलने के लिए उत्साहित हूं।



उनसे यह भी पूछा गया कि टूर्नामेंट के इस सत्र वह किस प्रकार का प्रदर्शन करना चाहेंगे। जिस पर उन्होंने कहा, आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए आपको एक टीम के रूप में वास्तव में अच्छा होना होगा। मुझे नहीं लगता कि हम पिछले सत्र में बहुत पीछे थे। यहां-वहां कुछ पल और कुछ परिणाम अलग दिखते। इससे पहले कि आप कुछ समझ पाते, आप नॉकआउट के लिए क्वालीफाई कर चुके होते हैं। इसलिए निश्चित रूप से किसी भी चीज को ज़्यादा कठिन नहीं बनाना चाहिए। मुझे लगता है कि हमने जो चीजें अच्छी कीं, उन्हें फिर से करने की कोशिश करें और कुछ और महत्वपूर्ण क्षण जीतें। इससे पहले कि आप जानते हैं, मुझे लगता है कि प्रतियोगिता हमारे लिए वास्तव में आशाजनक है। आईपीएल में हालांकि टीम को उम्मीद के अनुसार परिणाम नहीं मिले। ऋषभ पंत ने कप्तान के रूप में पद संभाला, जहीर खान टीम के संरक्षक थे। फिर भी, टीम प्लेऑफ से चूक गई, अंक तालिका में सातवें स्थान पर रही। अब टीम का लक्ष्य इस सत्र में वापसी करना रहेगा।

# टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले मुरलीधर का रिकार्ड अभी टूटना संभव नहीं




**-कोई भी गेंदबाज नहीं है करीब**

**मुम्बई (एजेंसी)।** आजकल सीमित ओवरों के प्रारुप का चलन बढ़ गया है पर टेस्ट क्रिकेट का महत्व अब भी अपनी जगह पर बना हुआ है। टेस्ट प्रारुप में विकेट लेने के लिए गेंदबाज में कौशल के साथ ही धैर्य होना भी जरुरी होता है क्योंकि इस प्रारुप में बल्लेबाज संभल कर खेलते हैं और टी20 प्रारुप की तरह हर गेंद पर शॉट लगाने का प्रयास नहीं करते हैं। टेस्ट प्रारुप में सबसे अधिक विकेट का रिकार्ड श्रीलंका के दिग्गज स्पिनर मुथैया मुरलीधरन के नाम हैं। मुरली ने अपने करियर में अब तक कुल 800 विकेट लिए हैं जो अभी टूटना संभव नहीं हैं क्योंकि वर्तमान समय का कोई भी गेंदबाज उनके करीब नहीं है केवल इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन के नाम ही 704 विकेट हैं पर उन्होंने भी संन्यास ले लिया है।

। मुरलीधरन ने 133 टेस्ट में 67 बार पांच विकेट और 22 बार दस विकेट लिए हैं। वहीं दूसरे नंबर पर दूसरे स्थान पर हैं ऑस्ट्रेलिया के महान लेग स्पिनर शेन वॉर्न हैं। वार्न ने 145 मैचों में अपने 708 विकेट लिए। वहीं इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन, 704 विकेट लेकर तीसरे नंबर पर है। सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की इस सूची में भारत टीम के दिग्गज स्पिर अनिल कुंबले 619 विकेट के साथ चौथे स्थान पर हैं। वहीं पांचवे नंबर पर इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड, ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्ग्रा और ऑस्ट्रेलिया के नैथन लियोन हैं। इन सभी के नाम 500 से ज्यादा विकेट हैं। भारत के आर अश्विन भी 537 विकेट के साथ ही इस सूची में शामिल हैं।

# हर टूर्नामेंट में पदक हासिल करना संभव नहीं, मैं हमेशा भारत का समर्थन करती हूं : मनु भाकर

नई दिल्ली। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने ISSF विश्व चैंपियनशिप में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को बरकरार न रख पाने को झटका करार देते हुए हमवतन खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। भाकर ने कहा कि वह 'हर दिन नहीं जीत सकतीं'। हाल ही में संपन्न हुए इस टूर्नामेंट में 13 भारतीय पदक विजेताओं में मनु भाकर का शामिल न होना निशानेबाज़ी जगत के कई लोगों के लिए थोड़ा आश्चर्य की बात है। भाकर ने कहा, 'मैं विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही थी। मेरा प्रदर्शन अच्छा रहा लेकिन मैं शीर्ष तीन में जगह नहीं बना पाई। मेरी टीम की साथी ईशा सिंह ने पदक जीता। आप खेल में हर दिन जीत नहीं सकते। कभी कभी हार का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए यह जरूरी है कि भारत को पदक जीतना चाहिए और यह मेरे या किसी और के जीतने से जुड़ा नहीं होना चाहिए। जब तक भारत कोई भी पदक जीत रहा है, मैं उसका हौसला बढ़ाते रहूंगी चाहे वह किसी भी खेल में हो।' इस 23 साल की पिस्टल निशानेबाज 'ASMITA (महिलाओं को प्रेरित करके खेल जगत में उपलब्धि हासिल करना) के सोशल मीडिया हैंडल के लॉन्च पर बोल रही थी। भाकर ने पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन किया था लेकिन इस साल कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई हैं। इस साल अगस्त में एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप की महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतना उनकी बड़ी उपलब्धियों में से एक है। भाकर ने 'ASMITA' पहल के बारे में कहा कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के खेल से जुड़ने को लेकर लोगों की सोच को बदलने में मददगार होगा।



# जर्मनी और नीदरलैंड ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर फीफा विश्व कप 2026 के लिए प्रवेश हासिल किया



म्यूनिख। जर्मनी और नीदरलैंड ने अपने अपने क्वालीफाइंग मुकाबले जीतकर फीफा विश्व कप फुटबॉल 2026 के लिए प्रवेश हासिल कर लिया है। जर्मनी ने स्लोवाकिया को 6-0 से हराया जबकि नीदरलैंड्स ने लिथुआनिया को 4-0 से हराते हुए ग्रुप जी में पहला स्थान हासिल किया। जर्मनी की जीत में लेरॉय की अहम भूमिका रही। उन्होंने स्लोवाकिया के खिलाफ दो गोल किये। जर्मनी की ओर से पहला गोल 18 वें मिनट में निक वोल्टेमाडे ने किया। वहींहं सर्ज ग्नब्री ने 29वें मिनट में एक गोल कर अपनी टीम की बढ़त को और बढ़ा दिया। फ्लोरियन विट्र्ज ने 36वें और 41वें मिनट में दो गोल करते हुए जर्मनी को 4-0 से बढ़त दिला दी। ब्रेक के बाद रिडल बाकू ने 67वें मिनट में गोल दागा। मुकाबले के 79वें मिनट में असन ओउएड्रागो ने साने के शानदार शॉट के बाद गोल दागकर टीम को 6-0 से आगे कर दिया। इस प्रकार ये मुकाबला एकतरफा रहा। वहीं दूसरी ओर, ग्रुप-जी के मुकाबले में नीदरलैंड्स और लिथुआनिया के मैच में 16वें मिनट में तिजानी रेइंडर्स ने डच टीम की ओर से पहला गोल किया। इसके बाद 58वें मिनट में कोडी गाकपो ने गोल कर बढ़त को बढ़ा दिया। वहीं जावी सिमंस ने 60वें मिनट में एक गोल किया। इसके 2 मिनट बाद ही डोनियल मालेन के गोल से नीदरलैंड्स की टीम 4-0 से आगे हो गयी।

# हिंसा के बीच ढाका हवाई अड्डे पर 10 घंटे तक फंसे रहे भारतीय तीरंदाज, 7 महिलाएं भी शामिल थी

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय तीरंदाजों को उस समय बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा जब वे एशियाई चैंपियनशिप के बाद ढाका से देश लौटने के दौरान उड़ान रद्द होने के कारण लगभग 10 घंटे तक हवाई अड्डे पर फंसे रहे। यही नहीं उन्हें हिंसा प्रभावित बांग्लादेश की राजधानी में बिना सुरक्षा के एक स्थानीय बस में बिठा दिया गया और बाद में उन्हें एक घटिया आश्रय स्थल में रुकना पड़ा।

भारत के 23 सदस्यीय दल के 11 सदस्य उड़ान में बार-बार हो रही देरी के कारण काफी परेशान रहे। इनमें दो नाबालिग सदस्य भी शामिल थे। इस बीच उन्होंने जिस एयरलाइंस से टिकट बुक किया था उसका भी उन्हें कोई खास सहयोग नहीं मिला। इस दल में सीनियर खिलाड़ी अभिषेक वर्मा, ज्योति सुरेखा और ओलंपियन धीरज बोम्मादेवरा भी शामिल थे। वे शनिवार को दिल्ली के लिए रात 9.30 बजे की उड़ान के लिए ढाका हवाई अड्डे पर पहुंचे थे, लेकिन विमान में सवार होने के बाद उन्हें बताया गया कि विमान में तकनीकी खराबी आ गई है और वह उड़ान नहीं भर पाएगा।

यह वह समय था जब ढाका में सड़कों पर हिंसा देखी गई थी, क्योंकि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ विशेष न्यायाधिकरण के फैसले का इंतजार हो रहा था। भारत के इस दल में 7 महिलाएं भी शामिल थी। उड़ान को लेकर कोई स्पष्ट सूचना नहीं मिलने के कारण वे रात दो बजे तक टर्मिनल के अंदर ही रहे। इसके बाद उड़ान रद्द होने की घोषणा की गई और बताया गया कि उस रात कोई वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था नहीं की जाएगी। जैसे ही टीम हवाई अड्डे से बाहर निकली, उनकी परेशानी बढ़ गई।

देश के सबसे प्रतिष्ठित कम्पाउंड पुरुष तीरंदाज वर्मा ने आरोप लगाया कि उन्हें एक ''बिना खिड़की वाली स्थानीय बस'' में भर दिया गया और लगभग आधे घंटे की दूरी पर एक अस्थायी लॉज में ले जाया गया, जो एक 'धर्मशाला' जैसा था। इस 36 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि जिस स्थान पर टीम को ले जाया गया था, वह 'एक उचित होटल भी नहीं था', जिसमे महिलाओं के लिए एक कमरे में छह बिस्तरों वाला एक कमरा था और उसमें केवल एक शौचालय था जो बहुत गंदा था।

उन्होंने बताया, 'गेस्ट हाउस के नाम पर हमें जिस धर्मशाला में ठहराया गया उसकी स्थिति बेहद खराब थी। एक कमरे में छह बिस्तर लगाए गए थे और जो शौचालय था उसकी हालत बहुत खराब थी। मुझे नहीं लगता कि उसमें कोई स्नान कर सकता था।' अंतरराष्ट्रीय लेनदेन की सुविधा नहीं होने के कारण वैकल्पिक व्यवस्था करने के उनके प्रयास भी सफल नहीं हो सके।

वर्मा ने कहा, 'अगर हमें पता भी होता कि हमें सुबह 11 बजे तक टिकट मिल जाएगा, तो भी हम हवाई अड्डे पर ही रुक जाते। क्योंकि उन्होंने (एयरलाइन ने) कुछ भी पुष्टि नहीं की थी।' अगली सुबह सात बजे दल हवाई अड्डे के लिए रवाना हुआ, लेकिन दिल्ली पहुंचने पर उन्हें और अधिक देरी का सामना करना पड़ा। कई तीरंदाज हैदराबाद और विजयवाड़ा जाने वाली अपनी उड़ान नहीं पकड़ पाए, जिसके कारण उन्हें महंगी बुकिंग करानी पड़ी।



वर्मा ने कठिन परिस्थिति में राष्ट्रीय टीम का समर्थन न करने के लिए एयरलाइन को जिम्मेदार ठहराने में कोई संकोच नहीं किया। उन्होंने कहा, 'आपका विमान खराब हो गया और आपको पता है कि बाहर दंगे हो रहे हैं तो उन्होंने हमें स्थानीय बस में कैसे बिठाया। अगर हमारे साथ कुछ हो जाता तो उसका जिम्मेदार कौन होता।'

## मेट्रो को बम से उड़ाने की धमकी

बेंगलुरु (एजेंसी)। बेंगलुरु में नम्मा मेट्रो और बीएमआरसीएल को मंगलवार सुबह एक बम धमकी वाला ईमेल मिला, जिसके बाद पूरे मामले में हडकंप मच गया। अज्ञात भेजने वाले ने आरोप लगाया कि मेट्रो स्टाफ उसकी तलाकशुदा पत्नी को परेशान कर रहा है, इसलिए वह किसी मेट्रो स्टेशन पर हमला करेगा। बीएमआरसीएल ने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद विल्सन गार्डन पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 351(2) और 351(3) के तहत स्नङ्क्र दर्ज कर ली है। पुलिस ने ईमेल भेजने वाले की पहचान पता करने के लिए जांच शुरू कर दी है। मेट्रो स्टेशनों पर सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। अधिकारी लगातार ईमेल की तकनीकी जांच कर रहे हैं ताकि आरोपी तक पहुंचा जा सके।

## सिर गायब, शरीर निर्वस्त्र... रेलवे ट्रैक पर मिला महिला का क्षत-विक्षत शव

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद में मंगलवार सुबह एक भयावह घटना सामने आई। बैरिया थाना क्षेत्र के बकुलहा गांव के पास रेलवे ट्रैक के किनारे एक महिला का क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका का सिर गायब था और शरीर पर कोई कपड़ा नहीं था, जिसके चलते पुलिस ने मामले को अत्यंत गंभीर मानते हुए जांच तेज कर दी है। सूचना पर घटनास्थल पहुंचे पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने मीडिया को बताया कि स्थानीय लोगों ने सुबह ट्रैक के किनारे शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और हालात को देखते हुए इसे संदिग्ध व गंभीर मामला माना। मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। एसपी ने कहा कि हत्या की आशंका को नकारा नहीं जा सकता। यह भी जांच का विषय है कि क्या हत्या कहीं और करके शव को रेलवे ट्रैक पर फेंका गया। पुलिस ने आसपास के थानों में हालिया गुमशुदगी रिपोर्टों की पड़ताल शुरू कर दी है। घटना की प्रकृति को देखते हुए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने साक्ष्य एकत्र किए हैं। ग्रामीणों से पूछताछ कर पुलिस संभावित सुराग जुटा रही है।

## पुणे-दिल्ली फ्लाइट में 3 घंटे की देरी...एयरपोर्ट पर यात्रियों ने हंगामा मचा दिया

पुणे (एजेंसी)। महाराष्ट्र के पुणे एयरपोर्ट पर मंगलवार सुबह तब अफरा-तफरी मच गई, जब इंडिगो की पुणे-दिल्ली फ्लाइट करीब तीन घंटे की देरी से उड़ान भरी, इससे यात्री भड़क उठे और एयरपोर्ट पर हंगामा मचा दिया। ये फ्लाइट सुबह 5ः05 बजे दिल्ली के लिए रवाना होने थी, लेकिन तीन घंटे से ज्यादा देरी से 8ः17 बजे रवाना हुई। फ्लाइट में देरी से परेशान यात्रियों ने बोर्डिंग गेट पर ही इंडिगो स्टाफ पर भड़क उठे। कई यात्री चिल्लाते और शिकायत करते भी दिखाई दिए। इस दौरान का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें यात्रियों को स्टाफ से ऊंची आवाज में बहस करते सुना जा सकता है। परेशान यात्रियों का कहना था कि फ्लाइट की देरी के बारे में पहले कोई सूचना नहीं दी गई और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई। कई लोगों की दिल्ली से आगे की कनेक्टिंग फ्लाइट्स भी छूट गईं। पूरे घटना क्रम पर इंडिगो की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक देरी की वजह तकनीकी खराबी है। पुणे-दिल्ली रूट पर इंडिगो की ये सुबह की पहली फ्लाइट होती है और ज्यादातर बिजनेस और जरूरी यात्रा करने वाले यात्री इसी पर निर्भर रहते हैं।

## भारतीय क्षेत्र में अवैध रुप से मछली पकड़ रहे 79 बांग्लादेशी हिरासत में, बोट भी जब्त

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने भारत के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में तीन बांग्लादेशी फिशिंग बोट्स को जब्त किया है। इन नावों पर सवार कुल 79 बांग्लादेशी मछुआरों को भी हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई 15-16 नवंबर को अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा की निगरानी के दौरान की गई। आईसीजी के मुताबिक गश्ती दल ने इन विदेशी नौकाओं को भारतीय जलक्षेत्र में काफी अंदर तक अवैध रूप से संचालित होते पाया। जांच में किसी भी चालक दल के सदस्य के पास भारत के समुद्री क्षेत्रों में मछली पकड़ने के लिए जरुरी अनुमति पत्र नहीं मिला। नावों पर पकड़ी गई ताजा मछलियां और मछली पकड़ने के उपकरण इस अवैध गतिविधि की पुष्टि करते हैं। तटरक्षक बल ने तीनों नौकाओं को पूरी सुरक्षा के साथ फेजरगंज तक एस्कॉर्ट किया, जहां उन्हें आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मरीन पुलिस को सौंप दिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक तटरक्षक बल ने कहा कि भारत के समुद्री हितों की रक्षा के लिए क्षेत्र में निरंतर सतर्कता और कानून के सख्त अनुपालन को प्राथमिकता दी जा रही है।

## महबूबा पर उपमुख्यमंत्री चौधरी का पलटवार....कभी भ्रमित करने वाले बयान देती

जम्मू, (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी द्वारा पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती के हालिया राजनीतिक बयानों पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने महबूबा मुफ्ती से कहा है कि वे पहले अपनी राजनीतिक स्थिति स्पष्ट करें, क्योंकि वह कभी भाजपा के साथ तालमेल करती हैं और कभी भ्रमित करने वाले बयान देती हैं। महबूबा मुफ्ती ने हाल ही में कहा था कि कश्मीर की आवाज अब लाल किले के सामने सुनाई दे रही है।' उन्होंने मुफ्ती के बयान पर सीधा विवाद करने से इंकार किया, लेकिन जोर दिया कि जम्मू-कश्मीर का नागरिक परिस्थितियों को समझदारी से परखता है और राष्ट्रीय एकता के लिए कुर्बानियां देता है। उपमुख्यमंत्री चौधरी ने केंद्र से अपील की कि विधानसभा चुनाव के दौरान जम्मू-कश्मीर के लोगों से किया गया पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा अब पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में स्थिति सामान्य और शांतिपूर्ण है, जो उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली और पंजाब जैसे अन्य राज्यों के समान है, और एक-दो घटनाओं से राज्य की स्थिति नहीं बदलती। उन्होंने आतंकवाद का मुद्दा उठाने के लिए मीडिया के कुछ वर्गों की आलोचना भी की। चौधरी ने मुजफ्फरनगर जिले के शौरम गांव में आयोजित सर्व खाप पंचायत में भी भाग लिया, जहाँ प्रेम विवाह, लिव-इन रिलेशनशिप, नशाखोरी, मृत्युभोज और दहेज जैसे सामाजिक मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने समाज से बुराइयों को दूर करने के लिए पंचायत के फैसलों का पालन करने की बात कही।

# शशि थरूर बोले- 'श्रोताओं में होने की खुशी है...'

# रामनाथ गोयनका लेक्चर में पीएम मोदी की तारीफ



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रामनाथ गोयनका लेक्चर के छठे संस्करण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अप्रत्याशित रूप से सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। थरूर ने अपने एक्स पोस्ट में न सिर्फ प्रधानमंत्री के भाषण की सराहना की, बल्कि यह भी कहा कि सर्दी और जुकाम से जूझने के बावजूद श्रोताओं में शामिल होने की खुशी है।

कांग्रेस नेता शशि थरूर के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में भारत की आर्थिक मजबूती का उल्लेख करते हुए कहा, कि भारत अब दुनिया के लिए सिर्फ एक 'उभरता हुआ बाजार' नहीं, बल्कि 'उभरता हुआ मॉडल' बन रहा है। थरूर ने इस बात से सहमति जताई कि पीएम मोदी का फोकस देश की रचनात्मक अधीरता और विकास की तेज दिशा पर था। थरूर ने बताया कि प्रधानमंत्री के भाषण का प्रमुख हिस्सा दो शताब्दी पुरानी मैकाले की औपनिवेशिक सोच और 'गुलामी वाली मानसिकता' से मुक्त होने की अपील पर केंद्रित रहा। पीएम मोदी ने 1834 में आए ब्रिटिश सांसद थॉमस बैबिंगटन मैकाले द्वारा थोपे गए पश्चिमी शिक्षा मॉडल का ज़िक्र किया और कहा कि अब भारत को अपनी भाषाई और सांस्कृतिक विरासत से फिर जुड़ना चाहिए।

थरूर ने पीएम के उस बयान को भी उद्धृत किया जिसमें उन्होंने कहाः मुझ पर चुनावी मोड में रहने का आरोप लगता है, लेकिन मैं वास्तव में लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए भावनात्मक मोड में था। थरूर की मानें तो प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में यह संदेश दिया कि विकास के लिए भारत को लगातार आगे बढ़ते रहने की बेचैनी बनाए रखनी चाहिए। इसी के साथ थरूर ने आगे लिखा कि प्रधानमंत्री ने भाषाओं, भारतीय ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए दशकभर के राष्ट्रीय प्रयास का आह्वान किया। उनके मुताबिक यह भाषण आर्थिक दृष्टिकोण और सांस्कृतिक आह्वान—दोनों का सम्मिश्रण था।

थरूर की हल्की नसीहत भी

हालांकि थरूर ने एक नरम टिप्पणी भी जोड़ते हुए लिखा कि काश प्रधानमंत्री यह भी बताते कि रामनाथ गोयनका ने भारतीय राष्ट्रवाद को आवाज देने के लिए अंग्रेजी का इस्तेमाल कैसे किया था। उनके अनुसार—औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति की बात सही है, पर साथ ही यह भी याद रखना चाहिए कि भारतीय इतिहास में अंग्रेजी ने भी कई महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाई हैं।

## ठंड और कोहरे के चलते हुए कई हादसे, डबल डेकर बस पलटी, 3 की मौत, 20 घायल

**लखनऊ (एजेंसी)।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक बड़ा और दर्दनाक हादसा हो गया। यहां सुबह करीब 4 बजे थाना अरौल क्षेत्र में किलोमीटर 216 के पास आगरा से लखनऊ जा रही एक डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में करीब 3 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि करीब 20 लोग घायल हुए हैं। ठंड और कोहरे के चलते मेरठ के खरखौदा थाना क्षेत्र में भी दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक महिला की मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा कानपुर के अरौला थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह चार बजे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर 216 के पास हुआ है। ऐसा बताया जा रहा है कि डबल डेकर बस दिल्ली से बिहार जा रही थी, तभी आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बह 4 बजे अनियंत्रित होकर पलट गई।

इस हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। चीख-पुकार सुनकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पातल में भर्ती कराया गया। इस हादसे में करीब 3 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि करीब 20 लोग घायल हुए हैं। वहीं, गंभीर रूप से घायल 15 यात्रियों को कानपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं दूसरी तरफ मेरठ के खरखौदा थाना क्षेत्र में आज सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। सड़क पार कर रही एक महिला को बचाने के प्रयास में एक बोलेरो वाहन ने अचानक मोड़ लिया और ट्रक से टकरा कर सड़क पर पलट गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि 21 लोग घायल बताए जा रहे हैं। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

## तीन अलग-अलग पते पर बने आतंकी डॉ. शाहीन के पासपोर्ट

**लखनऊ (एजेंसी)।** दिल्ली धमाके की आरोपी राजधानी लखनऊ के खंदारी बाजार की डॉ. शाहीन शाहिद के पास से तीन पासपोर्ट मिला है। तीनों पर अलग-अलग पते, अलग-अलग अभिभावक के नाम दर्ज हैं। एजेंसियां इसे आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने के लिए बनवाए जाने की बात कह रहीं हैं। इन पासपोर्ट को बनवाने व जांच करने वाले अधिकारियों के बारे में भी एजेंसियां जांच कर रही है। लाल किला मेट्रो स्टेशन के बाहर धमाके और फरीदाबाद में विस्फोटक पकड़े जाने के बाद सफेद पोश आतंकी माड्यूल का खुलासा हुआ। इस मामले में अब तक देश की बड़ी सुरक्षा एजेंसियों एनआईए, एटीएस और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 6 डॉक्टर, दो मौलवी समेत 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। अभी तक की जांच में सामने आया कि इस मॉड्यूल की प्रमुख सदस्यों में अल-फलाह यूनिवर्सिटी फरीदाबाद की डॉ. शाहीन शाहिद है। डॉ. शाहीन शाहिद के पासपोर्ट की जांच में कई संदिग्ध खुलासे हुए हैं। लखनऊ निवासी डॉ. शाहीन शुरुआत में कानपुर के जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से जुड़ी थी। तब उसने अपने पासपोर्ट को अपडेट करवाया था। जिसमें पते और अभिभावक के नाम बदलते रहे। सूत्रों के अनुसार, यह बदलाव उनके धार्मिक कट्टरवाद और आतंकी घटना के बाद फरार होने की साजिश का हिस्सा है।

जांच में सामने आया कि डॉ. शाहीन के पासपोर्ट में पहले कानपुर के जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज का पता दर्ज था, जहां वे नौकरी करती थी। नौकरी छोड़ने के बाद दूसरे पासपोर्ट में लखनऊ का पता जोड़ा गया। तीसरे में फरीदाबाद का पता आया, जो अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़ा था। अंतिम पासपोर्ट में इंटीग्रल यूनिवर्सिटी लखनऊ का पता दर्ज है, जहां उसके भाई परवेज अंसारी नौकरी करता है। परवेज को भी धार्मिक कट्टरवाद के संदेह में गिरफ्तार किया गया है। साथ ही डॉ. शाहीन ने अपने अभिभावक का नाम भी कई हर बार बदल दिया है। पहले पासपोर्ट में पिता का नाम दर्ज है। वहीं दूसरे में पति और तीसरे में भाई का नाम दर्ज कराया है। जांच कर रही एजेंसी की माने तो यह सब डॉ. शाहीन की पहचान छिपाने और विदेश भागने की तैयारी में किया गया।

# एसआईआर के खिलाफ दिल्ली में रैली करेगी कांग्रेस

### -खडग़े बोले- हम वोटर्स को हटाने की कोशिश का विरोध करेंगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने 12 राज्यों में एसआईआर को लेकर बैठक की। इसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े बैठक, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल हुए। पार्टी दिसंबर के पहले हफ्ते में दिल्ली के रामलीला मैदान पर एसआईआर के खि?लाफ रैली करेगी। बैठक में केसी वेणुगोपाल, संबंधित राज्यों के कांग्रेस प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता तथा उन राज्यों के कांग्रेस कार्यसमिति सदस्यों सहित वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक में खडग़े ने कहा कि कांग्रेस वोटर लिस्ट से नाम नहीं हटाने देगी। ऐसे समय में जब लोकतांत्रिक संस्थाओं में जनता का विश्वास कम हो रहा है, चुनाव आयोग का आचरण अत्यंत निराशाजनक है।

चुनाव आयोग को यह बताना चाहिए कि वह भाजपा की छत्रछाया में काम नहीं कर रहा है। भाजपा वोट चोरी के लिए एसआईआर को हथियार बनाने की कोशिश कर रही है, अगर चुनाव आयोग ने नजरअंदाज कर दिया, तो यह चुप्पी साध लेने जैसा होगा। कांग्रेस असली मतदाताओं को हटाने या फर्जी मतदाताओं को शामिल करने की हर कोशिश का पर्दाफाश करेगी।

**एसआईआर का विरोध बढ़ा**

निर्वाचन आयोग के मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर पश्चिम बंगाल के बाद केरल और तमिलनाडु में विरोध बढ़ता जा रहा है। तमिलनाडु के बीएलओ के साथ ही तहसीलदार लेवल तक के अधिकारियों ने मंगलवार से बायकॉट का ऐलान किया है। तमिलनाडु राजस्व कर्मचारी संघों के संगठन ने कहा कि वे वर्कलोड, कम लोग, टाइम लिमिट दबाव और अधूरी ट्रेनिंग और मेहनताने विरोध में प्रदर्शन करेंगे। इधर, केरल सरकार ने स्थानीय निकाय चुनाव पूरे होने तक एसआईआर स्थगित करने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। राज्य का तर्क है कि स्थानीय चुनावों के साथ-साथ एसआईआर कराना कठिन है।

## बिहार मॉडल पर होगी तमिलनाडु में भी शानदार जीत, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बोले—2026 में चमकेगा राजग

विरुधुनगर (एजेंसी)। बिहार चुनाव में मिली सफलता से उत्साहित भारतीय जनता पार्टी ने अब तमिलनाडु में भी उसी मॉडल पर बड़ी जीत का दावा किया है। राज्य भाजपा अध्यक्ष नैनार नागेन्द्रन ने कहा है, कि 2026 के विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शानदार जीत दर्ज करेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नागेन्द्रन ने कहा कि बिहार चुनाव परिणाम केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और जदयू के सुशासन की जनता द्वारा दी गई मान्यता है। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर फैलाई जा रही गलत सूचनाओं को लोगों ने पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा, हमें बिहार में इतनी बड़ी जीत की उम्मीद नहीं थी। यह हमारे गठबंधन के लिए ऐतिहासिक सफलता है। अब तमिलनाडु में भी राजग अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में शानदार जीत सुनिश्चित करेगा। इस दौरान नागेन्द्रन ने केंद्र की योजनाओं का विरोध करने को लेकर मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की आलोचना की। उन्होंने कहा कि फ्पीएम श्रीफ् जैसी शिक्षा से संबंधित केंद्र प्रायोजित योजनाएं जनता के हित में हैं, और राज्य सरकार को इस दिशा में सकारात्मक रुख दिखाना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया, जब पड़ोसी राज्य केरल ने अपने नागरिकों के हित में 'पीएम श्री' योजना को स्वीकार कर लिया है, तो तमिलनाडु सरकार को इसे लागू करने में क्या आपत्ति है?

# सीएम योगी ने गोरखपुर में एसआईआर फॉर्म भरा... जनता से की अपील



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में अपना फॉर्म भरने और राज्य के मतदाताओं से भी ऐसा करने की अपील की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने निर्वाचन क्षेत्र गोरखपुर में एसआईआर फॉर्म भरा। उन्होंने मतदाताओं से गणना फॉर्म भरने की अपील की, और कहा कि सत्यापित मतदाता एक मज़बूत लोकतंत्र की नींव हैं।

राष्ट्रव्यापी एसआईआर का दूसरा चरण वर्तमान में उत्तर प्रदेश सहित 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित किया जा रहा है (अन्य राज्यः अंडमान और निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, और पश्चिम बंगाल) शामिल है। योगी ने लिखा कि सत्यापित मतदाता एक मज़बूत लोकतंत्र की नींव हैं। आज, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत, मैंने स्वयं गोरखपुर में अपना गणना फॉर्म भरकर जमा किया। आप सभी एसआईआर फॉर्म अवश्य भरें। आपका यह छोटा सा प्रयास भारत के लोकतंत्र को मज़बूत करेगा।

एसआईआर का गणना चरण शुरूः 4 नवंबर से शुरु होकर 4 दिसंबर, 2025 को समाप्त होगा। इसके बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी, 2026 को किया जाएगा। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी पहले लखनऊ में गणना फॉर्म भरा और अधिकारियों को सौंपा। राज्य भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और महासचिव (संगठन), धर्मपाल सिंह ने स्ङ्कक्र अभ्यास के लिए संगठनात्मक बैठकों को संबोधित किया। भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के अनुसार, उत्तर प्रदेश में कुल 15,44,30,092 मतदाताओं को 15,27,32,201 फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं, और 19,57,407 फॉर्म डिजिटल किए जा चुके हैं।

# बिहार चुनाव हाईजैक हुआ, पोलिंग के दिन तक पैसे बांटे गए: गहलोत

### -चुनाव आयोग सरकार से मिला है, ये लोकतंत्र के लिए अच्छे संकेत नहीं



**जयपुर (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की हार को लेकर राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव में हार-जीत चलती रहती है। बिहार में जिस तरह चुनाव हाईजैक किया गया, महिलाओं को दस हजार रुपए दिए गए। चुनाव चल रहे थे और पैसे बांटा जा रहा था। पोलिंग के दिन तक पैसे बांटे गए और चुनाव आयोग देखता रहा।

गहलोत ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पीएम मोदी कहते हैं कि कांग्रेस का सफाया हो गया है और कांग्रेस टूट जाएगी। कांग्रेस सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरी तरह एकजुट है। जो चुनौती देश के सामने एनडीए द्वारा पेश की गई है, उसका मुकाबला करने में हम सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी में दो साल से कोई अध्यक्ष नहीं बन पा रहा है तो फूट किसकी पार्टी में है? चुनाव हारने के पीछे का कारण पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वहां धनबल का इस्तेमाल किया गया। महिलाओं को पैसा देना एक पहलू है, लेकिन तमाम योजनाओं के जरिए पैसे बांटे गए हैं, आंकड़े चौंकाने वाले हैं।

गहलोत ने कहा कि अंता विधानसभा उपचुनाव मौजूदा राज्य सरकार के फेल होने के कारण हम जीत गए। जब कांग्रेस की सरकार थी और जो योजनाएं हमने चलाईं, उनकी चर्चा पूरे देश में है। उनका बड़ा प्रभाव आज भी है। लोग पछताते हैं कि सरकार चली गई और नई सरकार में कोई सुशासन नहीं है। उनके पास एक ही काम है- हमारी योजनाओं को या तो बंद करो या उन्हें कमजोर कर दो। सरकार के इस रवैये से हम अंता विधानसभा उपचुनाव 15 हजार वोटों से जीते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग सरकार से मिला हुआ है और ये लोकतंत्र के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं। उन्हें चाहिए कि तमाम पार्टियों को भरोसे में लें बातचीत करें। एसआईआर को लेकर जो तरीका अपनाया गया, उससे उनकी मंशा पर सवाल उठ रहे हैं।

# बिहार नहीं छोड़ूंगा, गांव-गांव घूमकर लोगों को जागरुक करने का काम करुंगा: पीके



**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में शर्मनाक हार झेलने वाली जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर नतीजों के बाद पहली बार मीडिया के सामने आए। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह बिहार नहीं छोड़ने वाले हैं, गांव-गांव घूमकर लोगों को जागरुक करने का काम जारी रखेंगे। बिहार चुनाव में हार का वह प्रायश्चित करेंगे। इसके लिए वह 20 नवंबर को अपने गांधी आश्रम में सामूहिक रूप से मौन उपवास करेंगे। उन्होंने राजनीति छोड़ने वाली बात से इनकार किया है। साथ ही कहा कि वह 6 महीने में संन्यास ले लेंगे अगर नीतीश कुमार की नेतृत्व वाली एनडीए सरकार एक काम कर लेगी।

पटना में मंगलवार को प्रशांत किशोर ने जन सुराज पार्टी को बिहार चुनाव में एक भी सीट नहीं मिलने और हार मिलने की पूरी जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा कि वह साढ़े 3 साल पहले व्यवस्था परिवर्तन के संकल्प आए थे। ईमानदार प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। उन्होंने कहा कि वह बिहार में व्यवस्था परिवर्तन तो छोड़िए, सत्ता परिवर्तन भी नहीं करा सकें। कुछ गलती हुई होगी, इसलिए जनता ने हम पर भरोसा नहीं किया।

पीके ने कहा कि चुनाव से पहले नीतीश सरकार ने 40 हजार करोड़ रुपये की योजनाएं लाए थे। स्वरोजगार योजना के तहत डेढ़ करोड़ महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपए दिए। सरकार ने यह भी वादा किया था कि 6 महीने में 2-2 लाख रुपये देने का वादा भी किया गया था। पीके ने कहा कि अब नीतीश और बीजेपी की एनडीए सरकार पर यह जिम्मेदारी है कि वह 2-2 लाख रुपये इन परिवारों को दें, ताकि इनकी गरीबी दूर हो सके।

## कर्नाटक में धर्म पूछकर लूट और मारपीट करने के लगे आरोप

**-पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की शुरु**

**बैंग्लुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के शिवमोग्गा में एक व्यक्ति ने दावा किया है कि उसका धर्म पूछने के बाद उसके साथ मारपीट की। एफआईआर के मुताबिक एक व्यक्ति रात करीब 11ः15 बजे सेकंड क्रॉस डाउन के पास पैदल जा रहा था, तभी चार लोगों ने उसे रोका और पूछा कि तुम मुस्लिम हो या हिंदू? इस पर उसने जवाब दिया कि मैं हिंदू हूं। यह सुनने के बाद उन लोगों ने उसके साथ मारपीट की। जेब से 50 हजार रुपए भी निकाल लिए। इसके बाद चाकू दिखाकर उसकी सोने की अंगूठी उतारने को कहा। पीड़ित ने बताया कि वह किसी तरह वहां से भागने में सफल रहा, लेकिन हमलावरों ने पीछा किया। उसे पकड़ लिया और फिर पीटा। तभी एक बाइक सवार गुजरा, जिसे देखने के बाद हमलावर भाग गए। पीड़ित ने दो अस्पतालों में अपना इलाज कराया। वह डर के मारे दो दिन तक घर पर ही रहा। आखिरकार 17 नवंबर को उसने शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिवमोग्गा के विधायक एसएन चन्नबसप्पा पीड़ित के साथ दोड्डापेटे पुलिस स्टेशन पहुंचे और शिवमोग्गा पुलिस की कड़ी आलोचना की। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या शहर में पुलिसिंग की कोई व्यवस्था बची है? उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस अधिकारी नागरिक विवादों में दखल दे रहे हैं, लेकिन जनता की सुरक्षा जैसे बुनियादी कर्तव्य की उपेक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर के लोग अब पुलिस के पास जाने से भी सुरक्षित महसूस नहीं करते।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**